RNI: Reg. No. MPHIN/2021/82530

Black Bichhoo

# दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

समूह सम्पादक रविन्द सिंह पवैया

खबरें बेबाक, बेखौफ, बिंदास

9644811407, 81020205990
Hindustannews404@gmail.com
www.kesariyahindustan.com
Denik Kesariya Hindustan
Denik_kesariyahindustan
@KESARIYAHINDUSTAN

ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हरियाणा दिल्ली से एक साथ प्रसारित

वर्ष 4 अंक : 167 | ग्वालियर मंगलवार 28 जनवरी 2025 | पृष्ठ 8+4 मूल्य 2 रुपए

## मंत्रोच्चार के बीच गृहमंत्री और मुख्यमंत्री ने लगाई संगम में डुबकी, संत समाज ने दिया आशीर्वाद

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
प्रयागराज शनि कुमार यादव

**महाकुम्भनगर।** गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मठों, मंदिरों और अखाड़ों के संतों के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संगम में पवित्र डुबकी लगाई। संत समाज ने उन्हें वैदिक विधि से स्नान करवाया और मां गंगा का पावन जल गृहमंत्री पर छिड़ककर पूजा-अर्चना कराई। स्नान के बाद गृहमंत्री और मुख्यमंत्री ने संगम पर ही विशेष पूजा अर्चना की और संगम आरती में भी हिस्सा लिया। इस दौरान, गृहमंत्री अमित शाह के साथ उनकी पत्नी सोनल शाह, बेटे जय शाह और पुत्र वधु व पोतियों ने भी स्नान और पूजा पाठ में हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गृहमंत्री को कुम्भ कलश भी भेंट में दिया, जबकि साधु संतों ने उन्हें माला पहनाई और चंदन व टीका लगाया।





**संतों ने छिड़का संगम का पवित्र जल :** भगवा वस्त्रों में गृहमंत्री और मुख्यमंत्री ने जूना पीठाधीश्वर अवधेशानंद, निरंजनी पीठाधीश्वर कैलाशानंद और अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी, बाबा रामदेव समेत अन्य संतों के साथ संगम में डुबकी लगाई। संतों ने गृहमंत्री को वैदिक विधि से स्नान कराया और उन पर संगम का जल छिड़का। इसके बाद गृहमंत्री ने सूर्य को अर्घ्य भी दिया। इसके बाद तीर्थ पुरोहितों ने गृहमंत्री और मुख्यमंत्री की संगम स्थल पर ही विशेष पूजा अर्चना संपन्न कराई और फिर विशेष संगम आरती का भी आयोजन हुआ। संगम पर मां गंगा, यमुना और सरस्वती के जयकारे गूंजे। इस दौरान शाह परिवार के सबसे छोटे सदस्य को भी संतों का आशीर्वाद मिला। पूजा की वेदी पर मुख्यमंत्री योगी ने भी बच्चियों को दुलराया और उनसे हंसी ठिठोली की। इसके बाद हर हर महादेव के उद्घोष के बीच शाह और योगी ने मां गंगा और भगवान भास्कर को प्रणाम किया।

**परिवार समेत किया पूजन और संगम आरती:** अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संगम स्नान के बाद वैदिक मंत्रों और श्लोकों के बीच पूजन अर्चन किया। पूजा के बाद संगम आरती भी कराई गई। इस दौरान गृहमंत्री के साथ उनकी पत्नी, पुत्र, पुत्रवधु समेत पूरा परिवार मौजूद रहा। परिवार के लोगों ने भी स्नान के बाद पूजा और आरती में हिस्सा लिया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गृह मंत्री को चांदी का कुम्भ कलश भेंट किया। यहां से वो सीधा अक्षय वट के लिए रवाना हो गए। संगम स्नान और पूजन के दौरान उनके साथ जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरि, निरंजनी अखाड़े के पीठाधीश्वर कैलाशानंद, बाबा रामदेव, अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी, जूना अखाड़े के हरिगिरि समेत तमाम अखाड़ों के वरिष्ठ महंत भी मौजूद रहे।

गृहमंत्री और मुख्यमंत्री ने संतों संग की महाकुम्भ पर चर्चा: इससे पहले, गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संगम में अरैल स्थित वीआईपी घाट से प्रवेश किया। दोनों नेताओं ने क्रूज की सवारी की। मां गंगा को प्रणाम किया। इसके बाद साइबेरियन पक्षियों को दाना भी खिलाया। क्रूज पर बने विशेष कक्ष में गृहमंत्री अमित शाह और सीएम योगी ने जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद, अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक महंत हरि गिरी और अध्यक्ष महंत प्रेम गिरी के साथ महाकुम्भ पर विशेष मंत्रणा की।

**स्वामी रामदेव ने अलग से हाथ पकड़कर मुख्यमंत्री को कराया योगाभ्यास** संगम स्नान के दौरान बाबा रामदेव और सतुआ बाबा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अलग से डुबकी लगवाई। संगम स्नान के बाद स्वामी रामदेव ने मुख्यमंत्री योगी का हाथ पकड़कर विशेष योग आसन ताड़ासन भी कराया।

## 76वां गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया

### गणतंत्र दिवस पर आयोजित समारोह कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को किया

विपिन मित्तल दैनिक
केसरिया हिंदुस्तान

**औरैया 26 जनवरी।** कलेक्ट्रेट परिसर में 76वें गणतंत्र दिवस को बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। जिलाधिकारी डा0 इन्द्रमणि त्रिपाठी द्वारा ध्वजारोहण किया गया एवं उसके पश्चात वहां उपस्थित सभी लोगों द्वारा राष्ट्रगान एवं राष्ट्र की लोकतांत्रिक व्यवस्था को बनाए रखने के लिए भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वहां उपस्थित सभी लोगों को संकल्प दिलाया और कहा कि इस दिन हमारा संविधान लागू हुआ था तब से आज तक हम सभी संविधान के अनुसार कार्य कर रहे हैं हम सभी को संविधान में जो कर्तव्य दिए गए हैं उनका पालन करना चाहिए। जिस पद पर भी हम रहे हमें समाज के एवं देश के लिए कार्य करते रहना चाहिए। हमें इस गणतंत्र दिवस पर यह प्रण लेना चाहिए कि जो काम हमें दिए गए हैं उनको नियत समय पर करें।



जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में आयोजित गोष्ठी में अपने संबोधन में कहा कि आज हम लोग 76वां गणतंत्र दिवस मना रहे हैं पिछले वर्ष हम लोगों ने आजादी का अमृत महोत्सव मनाया था। मुझे आज यह कहते हुए बड़ा ही गर्व हो रहा है। आज भारत 76वां गणतंत्र दिवस मना रहा है तो हमारे पास तमाम ऐसी उपलब्धियां हैं जिनको हम गिना सकते हैं और उन पर गर्व भी महसूस कर सकते हैं। आज हमारा देश विश्व में सबसे बड़ी तीसरी इकोनामी बना हुआ है आगे हम नम्बर एक पर भी आएंगे। हमारा उत्तर प्रदेश भी आज हमारे देश की दूसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी है। वह दिन दूर नहीं जब हमारा उत्तर प्रदेश नंबर वन पर आ जाएगा। आने वाले समय के लिए हम सभी दूरदर्शी विचार रखें तथा अच्छे विचार एवं मनोबल के साथ कार्य करेंगे तो हम कोई भी उपलब्धि प्राप्त कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवार से आए सम्मानित परिजनों तथा कलक्ट्रेट परिसर में स्थित विभिन्न विभागों /पटलो पर अच्छा कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) महेंद्र पाल सिंह, डिप्टी कलेक्टर हरिश्चंद्र सहित कलक्ट्रेट परिवार के लोगों ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये।

जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत यादव ने अवगत कराया है कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म शताब्दी वर्ष के अंतर्गत जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई सुनिश्चित की गई साथ ही ग्राम सचिवालयों सहित मुख्य बाजार/हाट में स्थित विद्युत पोलों पर तिरंगा लाइट तथा ग्राम पंचायतों में स्थित ग्राम पंचायत सचिवालयों/ पंचायत भवनों पर ध्वजारोहण भी किया गया।

## नगर की प्रतिभाओं को जिला कलेक्टर ने किया सम्मानित

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान से
मुस्तफा अली

**सुसनेर।** रविवार 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला स्तर के मुख्य कार्यक्रम में कलेक्टर राघवेंद्रसिंह ने नगर की विभिन्न क्षेत्र में नगर का नाम रोशन करने वाली प्रतिभाओं को शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह के रूप में कलेक्टर ट्राफी भेंटकर तथा हारफुल माला पहनाकर सम्मानित किया। जिसमें नगर के लोकतंत्र सेनानी गोवर्धन शुक्ला, सिविल अस्पताल सुसनेर के 108 एंबुलेंस के पैरामेडिकल डॉक्टर शहजाद खान एवं प्रदेश स्तर पर अंदर 19 क्रिकेट



प्रतियोगिता में पहुँचकर खेलने वाले सीएम राईज स्कूल के 17 वर्षीय छात्र एवं आल राउंडर क्रिकेट खिलाड़ी राघव भावसार का कलेक्टर राघवेंद्रसिंह ने आगर जिला मुख्यालय पर आयोजित गणतंत्र दिवस के मुख्य कार्यक्रम में सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक मधु गहलोत, जिला पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष ओम मालवीय भी उपस्थित थे। सभी अतिथियों द्वारा श्रेष्ठ कार्य के लिए सुसनेर क्षेत्र की इन प्रतिभाओं को सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। एवं इनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।

## नवोदित इंटर कॉलेज शंकरगढ़ प्रयागराज में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
प्रयागराज शनि कुमार यादव

नवोदित इंटर कॉलेज शंकरगढ़ प्रयागराज में छात्र-छात्राओं द्वारा बहुत ही मनमोहक रंगारंग कार्यक्रमों द्वारा सभी उपस्थित विशिष्ट जनों और अतिथियों का मनमोह लिया गया सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित करके कॉलेज के प्रबंधक संतोष त्रिपाठी जी द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत की गई उसके पश्चात कक्षा 12 की शिल्पा साहू व उनकी सहेलियों द्वारा सरस्वती वंदना करके समा बांध दिया गया। स्वागत गीत में रिया तिवारी व उनकी सहेलियों कक्षा 11 तथा पिता का प्यार नाटक द्वारा यस्मी केसरवानी रिया तिवारी अंशिका केसरवानी कक्षा 11 द्वारा लोगों द्वारा प्रस्तुति से लोगों में भावनाओं की



बाढ़ ला दी इसी के साथ अलग-अलग कक्षाओं के छोटे-बड़े सभी विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों को प्रस्तुत करके सभी का दिल जीत लिया गया इस अवसर पर प्रबंधक संतोष त्रिपाठी जी द्वारा बच्चो संस्कृतिक कार्यक्रमों और खेलो द्वारा अपने विकास को प्रोत्साहित करने की प्रेरणा दी उन्होंने बताया कि जीवन में शिक्षा के साथ ही खेलों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी बहुत बड़ा योगदान होता है। इस अवसर पर सरदार पटेल इंटर कॉलेज पठत के पूर्व प्रवक्ता रोहिणी सिंह पूर्व मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह सोमनाथ वर्मा मंडल अध्यक्ष बीजेपी उपस्थित रहे इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रताप बहादुर सिंह ज्ञानेंद्र मिश्रा विजय शंकर मिश्रा अशोक त्रिपाठी उत्तम सिंह बघेल दीपक विश्वकर्मा संदीप सिंह प्रदीप मिश्रा पुष्पेंद्र पांडे सोमेश शुक्ला शिवेंद्र सिंह अनिल कुमार रविंद्र कुमार पुष्पराज सिंह कमलाकर सिंह राजेश सिंह एलन वर्मा श्रीमती कामिनी सिंह आभा मिश्रा अर्चना सिंह अनीता सिंह माया सिंह सोनाली पांडे शीला यादव प्रतिमा सिंह आदि शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## उत्तराखंड यूसीसी लागू करने वाला पहला राज्य बना

### हलाला, एक से ज्यादा शादियों, तीन तलाक पर पूरी तरह रोक लगेगी: सीएम धामी

**देहरादून।** उत्तराखंड में यूनिफॉर्म सिविल कोड आज से लागू हो गया है। मुख्यमंत्री आवास में सीएम पुष्कर सिंह धामी ने इसका ऐलान किया। यह कार्यक्रम सीएम आवास के मुख्य सेवक सदन में आयोजित किया गया। सीएम धामी ने कहा कि हमने 3 साल पहले जनता से किए गए वादे को पूरा किया। ष्टष्ट किसी धर्म या वर्ग के खिलाफ नहीं है। इसका उद्देश्य किसी को टारगेट करना नहीं है। सभी को समान अधिकार देना है। 27 जनवरी का दिन समान नागरिकता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। धामी ने कहा कि ष्टष्ट लागू होने से हलाला, बहुविवाह, तीन तलाक पर पूरी तरह रोक लगेगी। इस दौरान धामी ने समान नागरिक संहिता उत्तराखंड- 2024 को लागू किए जाने पर नियमावली और पोर्टल का लोकार्पण किया। यह पोर्टल आम जनता के लिए खोल दिया गया है।



**यूसीसी लागू करने वाला देश का पहला राज्य बना उत्तराखंड:** उत्तराखंड यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि समान नागरिक संहिता लागू होने से समाज में एकरूपता आएगी। राज्य में सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार होंगे और दायित्व भी सुनिश्चित हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड स्वतंत्र भारत का पहला राज्य बन चुका है, जहां यह कानून प्रभावी हो गया है।

**डीजीपी बोले- हम पूरी तरह तैयार:** उत्तराखंड के डीजीपी दीपम सेठ ने कहा कि हम नए कानून ष्टष्ट को लागू करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। हमने पहले ही तैयारी कर ली थी। ष्टष्ट के लिए ट्रेनिंग सेंटर में वर्कशॉप, सेमिनार भी करवाए गए थे। लोग इससे जुड़े पहलू और पॉजिटिव फीचर्स को समझें और अपने रजिस्ट्रेशन करवाएं।

समान संपत्ति अधिकार- बेटे और बेटी दोनों को संपत्ति में समान अधिकार मिलेगा। इससे फर्क नहीं पड़ेगा कि वह किस कैटेगरी के हैं।

मौत के बाद संपत्ति- अगर किसी व्यक्ति की मौत जाती है तो यूनिफॉर्म सिविल कोड उस व्यक्ति की संपत्ति को पति/पत्नी और बच्चों में समान रूप से वितरण का अधिकार देता है। इसके अलावा उस व्यक्ति के माता-पिता को भी संपत्ति में समान अधिकार मिलेगा। पिछले कानून में ये अधिकार केवल मृतक की मां को मिलता था।

समान कारण पर ही मिलेगा तलाक- पति-पत्नी को तलाक तभी मिलेगा, जब दोनों के आधार और कारण एक जैसे होंगे। केवल एक पक्ष के कारण देने पर तलाक नहीं मिल सकेगा।

लिव इन का रजिस्ट्रेशन जरूरी- उत्तराखंड में रहने वाले कपल अगर लिव इन में रह रहे हैं तो उन्हें इसका रजिस्ट्रेशन कराना होगा। हालांकि ये सेल्फ डिक्लेरेशन जैसा होगा, लेकिन इस नियम से अनुसूचित

## नगर के डीपीएस विद्यालय में गणतंत्र दिवस पर हुए भव्य आयोजन

### जायंट्स ग्रुप औरैया ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की

विपिन मित्तल दैनिक
केसरिया हिन्दुस्तान

**औरैया।** आज गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर के डी पी एस विद्यालय में गणतंत्र दिवस का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आज यहां पर जायंट्स ग्रुप औरैया ने भी गणतंत्र दिवस समारोह में हिस्सा लिया। इस दौरान विद्यालय के चेयरमैन श्री हरीनारायण अग्रवाल व जायंट्स ग्रुप फेडरेशन 5 के उपाध्यक्ष विपिन मित्तल ने सामूहिक रूप से झंडा रोहण किया।

ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रीय गान का गायन हुआ।





तदोपरांत विद्यालय के हाल में दीप प्रज्वलन के साथ रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान विद्यालय परिवार के डॉ शिवम अग्रवाल, जायंट्स के यूनिट निदेशक नितिन वर्मा, फेडरेशन आफीसर शिव कुमार श्रीवास्तव, ग्रुप के अध्यक्ष विनोद गुप्ता, उपाध्यक्ष नवनीत पुरवार, भीमसेन सक्सेना, ज्ञान सक्सेना, सलिल सक्सेना,डॉ मनोज चौरसिया, अनूप सक्सेना, दीप चंद्र पुरवार व विद्यालय की निदेशक श्रीमती प्रगति गुप्ता, प्रिंसिपल अंजू कुमारी,, शिक्षिका क्षमा, सौम्या, शालिनी,हर्षिका,रजनी,विपिन,विशाल व भूपेंद्र आदि मौजूद रहे।

# जिले में हर्षोल्लास, धूमधाम एवं गरिमामय ढंग से मना गौरवशाली भारतवर्ष का 76वाँ गणतंत्र दिवस


## प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट ने मुख्य समारोह में किया झंडा वंदन

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**ग्वालियर।** जिले में गौरवशाली भारतवर्ष का 76वाँ गणतंत्र दिवस पूरे उत्साह, उमंग, हर्षोल्लास, धूमधाम एवं गरिमामय ढंग से मनाया गया। यहाँ कम्पू स्थित एस.ए.एफ ग्राउंड पर आयोजित हुये गरिमामयी मुख्य समारोह में जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने झंडा वंदन किया और संयुक्त परेड की सलामी ली। बड़ी संख्या में जिलेवासी भारतीय गणतंत्र के शीर्ष उत्सव को मनाने के लिए एसएएफ मैदान पर पहुँचे। गणतंत्र दिवस पर आयोजित हुए मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने प्रातः 9 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसके बाद उन्होंने कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह के साथ खुली जीप में सवार होकर संयुक्त परेड का निरीक्षण किया। श्री सिलावट ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन भी किया। संयुक्त परेड में शामिल जवानों ने हर्ष फायर किये और राष्ट्रपति के जयकारे लगाये। प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने 76वे गणतंत्र दिवस की सभी जिलेवासियों को बधाई दी। मुख्य अतिथि ने शांति और खुशहाली के प्रतीक हरे, सफेद व केसरिया रंग के गुब्बारे आसमान में छोड़े। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, कारगिल शहीदों के परिजनों व लोकतंत्र सेनानियों को समारोह में सम्मानित किया गया। विभिन्न विभागों द्वारा निकाली गईं शासकीय योजनाओं पर केन्द्रित झाँकियां, स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम व सामूहिक व्यायाम आकर्षण का केन्द्र रहे। साथ ही 14वी वाहिनी एसएएफ के जवान श्री सुनील यादव ने दाँतों से चार गाड़ियाँ खींचने का हैरत अंगेज प्रदर्शन कर समारोह में बड़ी संख्या में मौजूद शहर के नागरिकों को रोमांचित कर दिया।

**बीएसएफ, सीआरपीएफ एवं एसएएफ बैंड की मधुर धुन के बीच निकला आकर्षक मार्चपास्ट :-**

संयुक्त परेड में सीमा सुरक्षा बल, विशेष सशस्त्र बल की द्वितीय वाहिनी, 13वीं व 14वीं वाहिनी, जिला पुलिस बल पुरुष व महिला, होमगार्ड, एनसीसी सीनियर बालक व बालिका, एनसीसी जूनियर बालक व बालिका, स्काउट गाइड, शौर्या दल व नगर रक्षा समिति की टुकड़ियों ने बीएसएफ, सीआरपीएफ एवं द्वितीय वाहिनी एस ए एफ. के बैण्ड की मधुर धुन के साथ आकर्षक मार्चपास्ट किया। संयुक्त परेड का नेतृत्व भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी परेड कमाण्डर निरीक्षक श्री जैंड्रेन लिंगजैर्पा ने किया। टूआईसी की भूमिका सूबेदार श्री अखिल नागर ने निभाई। मार्चपास्ट के पश्चात सभी टुकड़ियों के परेड कमांडर्स से मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने परिचय प्राप्त किया। इस मार्चपास्ट में सीनियर वर्ग में बीएसएफ बटालियन को प्रथम, एसएएफ 13वी वाहिनी को द्वितीय एवं एसएएफ 14 वी वाहनीं की टुकड़ी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। जूनियर वर्ग में एनसीसी जूनियर गर्ल्स को प्रथम, एनसीसी विंग सीनियर गर्ल्स को द्वितीय एवं स्काउट गाइड को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। मुख्य अतिथि द्वारा इन सभी टुकड़ियों शील्ड प्रदान की गईं।



**मनमोहक झाँकियाँ भी निकलीं :-**

समारोह में शासन की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों पर केन्द्रित चलित झाँकियाँ विभिन्न विभागों द्वारा निकाली गईं। जिसमें महिला बाल विकास विभाग की झाँकी को प्रथम पुरस्कार मिला। स्कूल शिक्षा की झांकी को द्वितीय व लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की झांकी को तृतीय स्थान मिला। पुरस्कार के रूप में संबंधित विभागों के अधिकारियों को शील्ड प्रदान की गई। इनके अलावा जिला पंचायत, आदिम जाति कल्याण, सामाजिक न्याय, कृषि, उद्योग, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, ऊर्जा, पशु चिकित्सा, ट्रैफिक पविहन एवं सहकारिता इत्यादि विभागों की झांकियाँ भी आकर्षण का केन्द्र रहीं।

**रंगारंग व प्रेरणादायी सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने किया मंत्रमुग्ध :-**

स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति में ग्वालियर ग्लोरी हाईस्कूल शिवपुरी लिंक रोड के बच्चों द्वारा शिक्षा से विकसित भारत विषय पर केन्द्रित सांस्कृतिक कार्यक्रम को प्रथम पुरस्कार मिला। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रंखला में ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल आदित्यपुरम के बच्चों द्वारा अनेकता में एकता जय हिन्दुस्तान विषय पर प्रस्तुत कार्यक्रम एवं शासकीय मॉडल सीएम राइज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दीनदयालनगर की वसुधैव कुटुम्बकम जयतु जयतु भारतम् प्रस्तुति को संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान का पुरस्कार मिला । शासकीय गोरखी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लश्कर के बच्चों की संकल्प से सिद्धि विषय पर हुई प्रस्तुति को तृतीय स्थान मिला। इन सभी स्कूलों को प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने शील्ड प्रदान की।

**बाहुबली सुनील यादव के हैरत अंगेज करतब ने किया रोमांचित :-**

गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह में 14वीं वाहिनी के आरक्षक श्री सुनील यादव अपने दाँतों से एक साथ 4 गाड़ियाँ खींचने का हैरत अंगेज करतब दिखाया। ग्वालियर में बाहुबली के नाम से मशहूर श्री सुनील यादव के साहसिक प्रदर्शन को समारोह में बड़ी संख्या में मौजूद गणमान्य नागरिकों ने करतल ध्वनि के साथ सराहा। प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने जिला प्रशासन की ओर से सुनील यादव को शील्ड व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

**ग्वालियर का नाम रोशन कर रहे नागरिकों व उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सौंपे प्रशस्ति-पत्र :-**

विभिन्न क्षेत्रों में ग्वालियर का नाम रोशन कर रहे गैर सरकारी नागरिकों को इस बार मुख्य गणतंत्र दिवस समारोह में विशेष रूप से सम्मानित किया गया। साथ ही उत्कृष्ट काम करने वाले विभिन्न विभागों के शासकीय सेवकों एवं समाजिक व स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने जिला प्रशासन की ओर से समारोह में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# लहार के शासकीय कन्या विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया 76 वा गणतंत्र दिवस

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान

गणतंत्रता दिवस के अवसर पर विकासखंड स्तरीय गणतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लहार में आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लहार विजय सिंह यादव जी ,विशिष्ट अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष भा.ज.पा. लहार सुभाष अग्निहोत्री जी, अध्यक्ष जनपद पंचायत लहार श्रीमती मीना मानवेंद्र सिंह, अध्यक्ष नगर पालिका लहार श्रीमती मिथिलेश नौरोजी प्रमुख रूप से उपस्थित रही, राष्ट्रीय ध्वजारोहण मुख्य अतिथि यादव जी के द्वारा किया गया, साथ ही प्रदेश की जनता के नाम मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री का संदेश ,वाचन भी मुख्य अतिथि सम्माननीय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लहार विजय सिंह यादव जी के द्वारा किया गया, गणतंत्र दिवस समारोह में नगर के गणमान्य नागरिक, विकासखंड स्तरीय अधिकारी, शहीदों की वीरांगनाएं, भूतपूर्व सैनिक संघ के पदाधिकारी और लहार नगर के समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के छात्र छात्राये,शिक्षक व शिक्षिकायें प्रमुख रूप से उपस्थित रही, विकासखंड स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में छात्र एवं छात्राओं के द्वारा बेहतरीन मनमोहन सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई, जिनमे कविता,नाटक, भाषण,नृत्य ,ग्रुप डांस इत्यादि की प्रस्तुतियां की गई, समारोह में उपस्थित शहीदों की वीरांगनाओं और भूतपूर्व सैनिक संघ के पदाधिकारी एवं उपस्थित भूतपूर्व सैनिकों का माला, श्रीफल,शाल से मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के द्वारा सम्मानित किया गया, साथ ही सामाजिक, धार्मिक और शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभाओं को भी श्रीफल शॉल के साथ सम्मानित किया गया, विभिन्न विभागों में पदस्थ उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय कर्मचारियो को भी मुख्य अतिथि के द्वारा प्रमाण पत्र के साथ सम्मानित किया गया,साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले सभी छात्र एवं छात्राओं को भी मेडल व ट्रॉफी के साथ प्रोत्साहित किया गया ,उपस्थित सभी गणमान्य नागरिकों के लिए स्वल्पाहार और बच्चों के लिए मिष्ठान मिष्ठान वितरण की व्यवस्था भी की गई, समारोह का मंच संचालन जानकी नंदन समाधिया व आकाश पचौरी के द्वारा किया गया और आभार विकासखंड शिक्षा अधिकारी लहार प्रेम सिंह बघेल के द्वारा किया गया, विकासखंड स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में प्रमुख रूप से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लहार दिनेश शाक्य, तहसीलदार लहार राजकुमार नागोरिया, नायब तहसीलदार लहार जगन कुशवाह,काजी मोमिन अली अध्यक्ष भूतपूर्व सैनिक संघ लहार, एन.डी.शर्मा एडवोकेट, बालक राम भंडा पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत लहार ,बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विकास बिरथरे एडवोकेट, विनय झा एडवोकेट, अवध नारायण जी एडवोकेट, शिवकुमार त्रिपाठी जी एडवोकेट अपरलोक अभियोजन लहार, राकेश महते जी एडवोकेट, कोक सिंह चौहान, संतोष चौहान समाजसेवी, सतीश गुप्ता जी समाजसेवी, संजीव चौधरी पत्रकार ,मोनू उपाध्याय पत्रकार,संजीव नायक एडवोकेट संयोजक नशा मुक्ति अभियान, केदार सिंह राजावत, रामकुमार दीक्षित, संजू दीक्षित, पप्पू गुर्जर, रामसनेही गुप्ता बब्बा, पवन सिंह बघेल, सुमित महते, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लहार प्रेम सिंह बघेल, खंड स्त्रोत समन्वयक लहार अजय कुमार झा, प्राचार्य शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लहार कोमल सिंह परिहार, क्ष्ट उमाशंकर त्रिपाठी प्रधानाध्यापक संतोष दीक्षित ,रविंद्र दोहरे, कुलदीप शर्मा ,वीरपाल सिंह सेंगर सहित अन्य गणमान्य नागरिक, विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक ,शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रही।



# क्षत्रिय वार्ता परिवार ने शौक सभा आयोजित कर डॉ तान सिंह को श्रद्धांजलि की अर्पित

## समाज के गणमान्य नागरिकों ने उनके जीवन पर डाला प्रकाश

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान

**लहार।** विधानसभा के ग्राम लालपुरा के (लहार) के निवासी क्षत्रिय समाज के निर्वाण वंश की विभुती सामाजिक कार्यकर्ता स्व॰ डॉ तान सिंह निर्वाण जिनका विगत दिनों असमय निधन हो गया था जिससे समस्त क्षत्रिय समाज एवं क्षत्रिय वार्ता परिवार में शोक व्याप्त है उनके आत्म शांति आत्म कल्याण की कामना को लेकर क्षत्रिय वार्ता परिवार ने शोक सभा का आयोजन किया जिसमें सेकंडों की संख्या में समाज के लोगों ने एकत्रित हो कर स्वर्गीय डॉ तान सिंह को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की क्षत्रिय समाज के गणमान्य लोगों ने अपने उद्बोधन में डां तान सिंह जी की जीवनी पर वा उनके व्यक्तित्व,पर प्रकाश डाला उनके द्वारा किए गए समाज विकास के कार्यों का उल्लेख किया यहां वता दे की सामाजिक कार्यकर्ता रहे डॉ तान सिंह जी का पुरा जीवन समाज के लिए समर्पित रहा,वह पुरी तन्मयता और परोपकार की भावना से हर वक्त समाज उत्थान के लिए प्रयासरत रहते थे क्षत्रिय समाज के अनेकों संगठनों के सदस्य होने के साथ साथ वो क्षत्रिय वार्ता पत्रिका के संयोजक भी थे क्षत्रिय वार्ता परिवार कई वर्षों से उनके मार्गदर्शन में निरंतर राष्ट्रीय स्तर पर समाज हित के लिए कार्य करता आ रहा है उनके अकस्मात देवलोक गमन से क्षत्रिय समाज को अपूरणीय क्षति हुई है शौक सभा में शामिल हुए पूज्य संतों ने भी डां तान सिंह निर्वाण के आत्म कल्याण की एवं उनके परिजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की परमात्मा से प्रार्थना की।



### जिला चिकित्सालय में विभिन्न बीमारियों से बचाव की जानकारी देकर किया जागरूक

**मुरैना।** सिविल सर्जन डॉ. गजेन्द्र सिंह तोमर के निर्देशानुसार विगत दिवस डिप्टी मीडिया ऑफिसर श्रीमती रामलली माहौर ने जिला चिकित्सालय मुरैना के ओपीडी और वार्डो में आने वाले और भर्ती महिला-पुरुष को राष्ट्रीय आयुष्मान भारत योजना, जननी सुरक्षा योजना, प्रसूती सहायता योजना, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, परिवार नियोजन कार्यक्रम, हृदय रोग से बचाव तथा टीबी बीमारी के बचाव और जांच के बारे में प्रचार-प्रसार के माध्यम से जानकारी देकर जागरूक किया। आर.एम.ओ डॉ. डी.एस यादव ने आमजन से अपील की है कि जिला चिकित्सालय में डॉक्टरों द्वारा ओपीडी में दिखाकर सभी प्रकार की जांच कराकर इलाज अवश्य लें, जिससे बीमारी से बचाव किया जा सके।

# दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप अम्बाह ने 26 जनवरी 2025 को 76 वां गणतंत्र दिवस एक्यूप्रेशर कैंप मानवसेवा कर के मनाया गया

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन

**अंबाह।** दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप अम्बाह ने 26 जनवरी 2025 को 76 वां गणतंत्र दिवस भव्य रूप में सकल दिगम्बर जैन समाज के 100 से अधिक बच्चो, समाज जनो के साथ मनाया। समाज के लिए एवं समस्त अम्बाह शहर के लिए इस अवसर पर इंदौर से आए हुए डॉक्टर डॉक्टर विशाल कुमार

डॉ एमके चन्दोरिया, डॉ बी आर जाखड़ डॉ श्रवण चौधरी द्वारा एक्यूप्रेशर वाइब्रेशन एवं कैंपिंग थेरेपी शिविर का भव्य शुभारंभ किया गया। कैम्प 26 से 31 जनवरी 2025 तक चलेगा। शिविर टाइम सुबह 09 बजे से 12 बजे तक ओर शाम 04 बजे से 08 बजे रात्रि रहेगा। श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर परेड अम्बाह दिगंबर जैन सोशल ग्रुप अम्बाह के तत्वाधान में किया जा रहा है। इस शिविर का भव्य शुभारंभ अशोक वकील सहाब एडवोकेट एवं इन्दौर से आये डॉक्टर विशाल कुमार, डॉ एमके चन्दोरिया, डॉ बी आर जाखड़, डॉ श्रवण चौधरी, ने फीता काट कर किया गया। एवं दीप प्रज्वलित सुनहरी लाल जैन गढी बाले समाज जनों सहित किया गया।



**एक्यूप्रेशर से जुड़ी कुछ खबरें :-**

एक्यूप्रेशर से तनाव, बेचैनी, और घबराहट जैसी समस्याओं से राहत मिलती है।

एक्यूप्रेशर से नींद की क्वालिटी बेहतर होती है।

एक्यूप्रेशर से शरीर में एंडोर्फिन रिलीज़ होता है, जिससे गठिया रोग में आराम मिलता है।

एक्यूप्रेशर से कीमोथेरेपी के बाद होने वाली मतली से भी राहत मिलती है।

एक्यूप्रेशर से थकान और मनोदशा में सुधार होता है।

एक्यूप्रेशर से ब्लड सर्कुलेशन में सुधार होता है।

एक्यूप्रेशर से शरीर की क्षमता बढ़ती है। एक्यूप्रेशर से तंत्रिकाओं और उच्च रक्तचाप में आराम मिलता है। एक्यूप्रेशर से आंखों में संक्रमण और बुखार में आराम मिलता है।

# सरस्वती शिशु मंदिर अम्बाह में 76वां गणतंत्र दिवस समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन

**अम्बाह।** सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर उ.मा. विद्यालय में 76 वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ उपस्थित अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री सुरेश जी गुप्ता (कैमिस्ट) ने की मुख्यअतिथि श्री लक्ष्मण वर्मा स्वर्णकार रहे । विशिष्ट अतिथि श्री कालीचरण जी वर्मा , धर्मेंद्र सिंह जी तोमर (पूर्व सैनिक) रहे । मुख्यवक्ता श्री उम्मेद सिंह जी तोमर (सचिव) रहे । कार्यक्रम में श्री रामनिवास जी शर्मा, श्री राहुल जी जैन , दिनेश जी गुप्ता, मुरारी लाल जी गुप्ता, श्री तारा चन्द जी गुप्त, श्री डॉल चन्द जी गुप्ता भी उपस्थित रहे । अतिथियों का परिचय विद्यालय प्राचार्य श्री राधावल्लभ जी शर्मा ने कराया । कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती शोभा चतुर्वेदी दीदी किया । मुख्यवक्ता महोदय ने अपने उद्बोधन में कहा कि परतंत्रता की बेड़ियों से मुक्त होकर आज 75 वर्ष पूर्ण हो गए । आज ही के दिन 26 जनवरी 1950 को हमारा संविधान लागू हुआ । तभी से इसे राष्ट्रीय पर्व के रुप में मनाते हैं आज हम जिस स्वतन्त्रता की ऑक्सीजन ले रहे हैं उसमें अनगिनत देशभक्त वीरांगनाओं, वीर सेनानियों ने अपना बलिदान दिया । विद्यालय के भैया-बहिनों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए तहसील स्तर पर पचासा ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय की बहिनों द्वारा शानदार कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जिन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। घोष वादकों के दल द्वारा बेहतर प्रदर्शन करते हुए पचासा मैदान में प्रथम स्थान प्राप्त किया कार्यक्रम में उपस्थित श्री लक्ष्मण जी वर्मा द्वारा 5100/- रुपए नगद पुरस्कार स्वरुप भेंट किए गए । कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी आचार्य- दीदियों की अहम भूमिका रही।



# फूड कलस्टर के लिए भूमि चिन्हित करने के निर्देश

## औद्योगिक विकास के लिए वातावरण निर्मित करें - कलेक्टर

**श्योपुर।** कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दिये कि फूड कलस्टर के लिए भूमि चिन्हांकन करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायें। उन्होने कहा कि श्योपुर जिला कृषि प्रधान जिला है, यहां कृषि आधारित उद्योगों की बेहतर संभावना है। जिले में उद्योगों की स्थापना के लिए औद्योगिक वातावरण तैयार किया जायें तथा उद्यमियों को जिले में उद्योग लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जायें। उन्होने कहा कि बैंकर्स का समूह बनाकर वित्तीय सहयोग उपलब्ध कराया जायें। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक श्री अरविन्द कुमार महेश्वरी, सहायक प्रबंधक श्री नवल किशोर जाटव, माईनिंग इस्पेक्टर श्री अभिषेक पटले, श्रम निरीक्षक सुश्री लकी शिवहरे, विधुत वितरण कंपनी के प्रबंधक श्री एके सिंह सहित अन्य विभागो के अधिकारी तथा जिले के उद्यमी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल ने कहा कि शहर से सटे ग्राम बगवाज में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र को औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने के लिए 7 हेक्टयर भूमि आवंटित की गई है, इस क्षेत्र को 18 करोड रूपये की लागत से विकसित किया जायेगा। इस औद्योगिक क्षेत्र में लगभग 24 औद्योगिक यूनिट लगाये जाने का ले-आउट जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा तैयार किया गया है। इसी प्रकार पच्चीपुरा में भी औद्योगिक क्षेत्र के लिए भूमि का आवंटन किया गया है। उन्होने बताया कि वीरपुर तहसील अंतर्गत 492 हेक्टयर भूमि बडे उद्योगों के लिए एमपीआईडीसी को आवंटित की गई है।

उन्होने जीएमडीआईसी को निर्देश दिये कि ऐसे 100 उद्यमियों की सूची तैयार की जाये जो औद्योगिक इकाईयों की स्थापना एवं उद्योग क्षेत्र में निवेश के इच्छुक है तथा किस प्रकार की इंडस्ट्रीज लगाना चाहते है। उद्योगों के संबंध में प्रोजेक्ट रिपोर्ट प्राप्त की जाये तथा उद्योग लगाने के लिए कार्य योजना प्रस्तुत की जायें। उन्होने निर्देश दिये कि जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कार्यालय में हेल्पडेस्क तथा सूचना केन्द्र स्थापित किये जायें। इस अवसर पर उन्होने कहा कि श्योपुर जिला औद्योगिक विकास की संभावनाओं से भरपूर है, वर्तमान में जिला तेजी से विकास की ओर अग्रसर हो रहा है। एनएच-552 के साथ ही रेलवे ट्रेक का कार्य निर्माणाधीन है।




# भारत पर्व में जनसंपर्क विभाग की प्रदर्शनी रही आकर्षण का केन्द्र

**मुरैना।** गणतंत्र दिवस की संध्या पर लोकतंत्र के लोक उत्सव "भारत पर्व" का आयोजन जिला मुख्यालय टाउन हॉल मुरैना में किया गया। जिसमें जिला जनसंपर्क कार्यालय मुरैना द्वारा मध्यप्रदेश शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों पर केन्द्रित आकर्षक विकास प्रदर्शनी लगायी गयी। जिसका उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, गणमान्य नागरिकों और स्कूली बच्चों तथा शहर के प्रबुद्ध नागरिकों ने अवलोकन किया एवं प्रदर्शनी को खूब सराहा।प्रदर्शनी में समृद्ध हो रही विरासत, नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन में अग्रणी मध्यप्रदेश, सांस्कृति धरोधर का पूर्ण सम्मान, बेहतर सुशासन के कड़े कदम, कमजोर वर्ग को हर संभव मदद, साइबर तहसील से आसान हुये काम, स्वास्थ्य सुरक्षा के लिये संवेदनशील पहल, जनजाति समाज को मिल रहा सहारा, पर्यटन बना मध्यप्रदेश की नई पहचान, आवासीय भू-खंड पर निर्माण अनुमति अब आसान, स्वास्थ्य क्षेत्र में रोजगार के अवसर, चिकित्सा शिक्षा को नये आयाम, आधुनिक चिकित्सा सेवाओं की गारंटी, जनजातीय विरासत को सम्मान, स्कूल शिक्षा को सुदृढ़ता, गौ-संरक्षण एवं संर्वधन, गुणात्मक और समावेशी शिक्षा का लक्ष्य पर आधारित थीम शामिल थी।



# उत्साह एवं हर्षोल्लाष पूर्वक मनाया गया गणतंत्र दिवस समारोह

## मुख्य समारोह में प्रभारी मंत्री ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया, मुख्यमंत्री के संदेश का किया वाचन





**सीधी।** प्रदेश के साथ-साथ जिले में भी गणतंत्र दिवस समारोह पूरे उत्साह के साथ परम्परागत एवं गरिमापूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। मुख्य समारोह छत्रसाल स्टेडियम पर आयोजित किया गया जहां कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग रा'यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस दौरान राष्ट्रगान का गायन हुआ। तत्पश्चात् प्रभारी मंत्री ने परेड का निरीक्षण किया इस दौरान कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा भी उनके साथ रहे। प्रभारी मंत्री द्वारा समृद्धि के प्रतीक रंगीन गुब्बारे नील गगन में छोड़े गये। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा वीर शहीदों की शहादत को नमन करते हुए जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के गणतंत्र दिवस संदेश का वाचन किया।

रक्षित निरीक्षक श्री वीरेंद्र कुमरे रक्षित केंद्र सीधी के कमाण्ड में आकर्षक मार्च पास्ट किया गया। परेड के उप कमाण्डर प्लाटून कमाण्डर मयंक तिवारी होमगार्ड लाइन सीधी रहे। इसमें उपनिरीक्षक गया प्रसाद द्विवेदी के नेतृत्व में 9वीं वाहिनी विसबल ''सी'' सीधी, उप निरीक्षक तरुण कुमार बेड़िया के नेतृत्व में रक्षित केंद्र सीधी, प्लाटून कमांडर चंद्रकांत तिवारी के नेतृत्व में जिला होम गार्ड, उप निरीक्षक सुश्री पूनम सिंह के नेतृत्व में महिला प्लाटून जिला बल सीधी, सुंदरम सिंह के नेतृत्व में सीनियर एनसीसी पीएम कालेज ऑफ एक्सीलेंस संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय सहित अन्य तथा पुलिस बैंड दल सीधी द्वारा आकर्षक परेड का प्रदर्शन कर मुख्य अतिथि को सलामी दी गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं वीर शहीदों के परिजनों तथा लोकतंत्र सेनानियों को शाल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके उपरांत जिले के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक पीटी ड्रिल का मनमोहक प्रदर्शन किया गया। सरस्वती उ'चतर माध्यमिक विद्यालय मड़रिया, आचार्या पब्लिक स्कूल सीधी, सी.एम. राईज कन्या उ.मा.वि. सीधी, गुरूकुल पब्लिक स्कूल सीधी, गणेश उ.मा.वि. पड़रा एवं एकलब्य उ.मा.वि. सीधी के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। गांधी हाई स्कूल के बैण्ड दल द्वारा आकर्षक परेड का प्रदर्शन कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया गया।

जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित विकास को दर्शाती विभिन्न विभागों द्वारा झांकिया प्रदर्शित की गयी। इसमें महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, आदिवासी विकास विभाग, कृषि कल्याण विभाग, जिला पंचायत विभाग, वन विभाग, उद्योग विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, आजीविका मिशन जिला सीधी, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग एवं नगर पालिका सीधी की झांकियों का प्रदर्शन किया गया। इसके उपरान्त जिले के उत्कृष्ट कार्य करनें वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री श्री जायसवाल, सांसद डॉ. राजेश मिश्रा एवं विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक द्वारा पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये।

### पुरस्कार वितरण



पुरस्कारों की श्रृंखला में सर्वोत्तम परेड सीनियर का प्रथम पुरस्कार महिला प्लाटून जिला बल सीधी को, द्वितीय स्थान में सीनियर एनसीसी पीएम कालेज ऑफ एक्सीलेंस संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय को एवं तीसरे स्थान पर रक्षित केंद्र सीधी को पुरस्कार दिया गया। सर्वोत्तम परेड जूनियर का प्रथम पुरस्कार एकलव्य पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल हडबड़ा को, द्वितीय स्थान में जूनियर एनसीसी उत्कृष्ट विद्यालय सीधी को एवं तीसरे स्थान पर एनसीसी गणेश सीनियर सेकंडरी स्कूल पड़रा को पुरस्कार दिया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रथम पुरस्कार गणेश हायर सेकण्डरी स्कूल सीधी को, द्वितीय पुरस्कार एकलव्य उ'चतर माध्यमिक विद्यालय सीधी को तथा तृतीय पुरस्कार गुरूकुल पब्लिक स्कूल सीधी को दिया गया। झाकियों के प्रभावी प्रस्तुतीकरण की श्रृंखला में पहला पुरस्कार वन विभाग सीधी को, दूसरा पुरस्कार महिला एवं बाल विकास विभाग सीधी को एवं तीसरा पुरस्कार कृषि कल्याण विभाग सीधी को प्रदान किया गया।

# प्रभारी मंत्री ने सीसीटीव्ही सर्विलांस कंट्रोल रूम का किया गया लोकार्पण

## सीसीटीव्ही कैमरा के माध्यम से शहर के अंदर पुलिस की रहेगी पैनी नजर



**सीधी।** रविवार को 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सीसीटीव्ही सर्विलेंस कंट्रोल रूम जिला सीधी का लोकार्पण कुटीर एवं ग्रामोद्योग रा'यमंत्री स्वतंत्र प्रभार तथा जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल के द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर सांसद सीधी राजेश मिश्र, विधायक रीति पाठक, विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू रामजी सिंह, जिला कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमान राज, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती काजल वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव, उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती गायत्री तिवारी सहित जिले के गणमान्य नागरिक, पत्रकार बंधु व पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

**सीसीटीव्ही सर्विलांस पर एक नजर :-**

अपराधों की रोकथाम एवं घटित अपराधो की पतारसी के लिये सीसीटीव्ही फुटेज का उपयोग अपराधी की पहचान करने और उसके खिलाफ मुकदमा चलाने में साक्ष्य के रूप में किया जाता है। सार्वजनिक सुरक्षा, सीसीटीव्ही कैमरे किसी भी संभावित घटनाए जैसे दुर्घटना या हमले का दृश्य रिकॉर्ड उपलब्ध कराकर आम जनता की सुरक्षा में मदद कर सकते हैं जिसको दृष्टिगत रखते हुए तथा डिजिटल साक्ष्य की उपयोगिता को देखते हुए जिले के पुलिस कप्तान डॉ रवींद्र वर्मा द्वारा पूर्व से प्रस्तावित एवं नवीन चिन्हित जिले के महत्वपूर्ण स्थानों में सीसीटीवी कैमरे अतिशीघ्र लगवाने हेतु प्रयासरत थे। विदित हो वर्तमान समय में मध्यप्रदेश के लगभग सभी जिलों में सीसीटीव्ही सर्विलांस सचालित है केवल 05 जिले आगर मालवा, बड़वानी, निवाड़ी, अलीराजपुर एवं सीधी शेष रह गए थे। सीसीटीव्ही सर्विलांस कन्ट्रोल रूम स्थापित करने के लिये जिला सीधी से वर्ष 2022 में प्रस्ताव तैयार किया जाकर म0प्र0 शासन की ओर भेजा गया था, स्वीकृति प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक द्वारा स्वयं के नेतृत्व कर अभियान स्तर पर कार्य करवाते हुये जिले के चिन्हित ×2 जगहों पर सीसीटीव्ही कैमरे स्थापित करवाया जाकर सर्विलांस हेतु पुलिस कंट्रोल रूम के बगल में नवीन सीसीटीव्ही कन्टोल रूम तैयार करवाया गया जो शेष 5 जिलों में से कार्य पूर्ण करने वाला सीधी जिला प्रथम है, जिसका का लोकार्पण किया गया है।

**फिक्स बुलेट कैमरा :** यह कैमरा सामने से गुजरने वाले वाहनों को कैप्चर करेगा जिसकी डिटेल के माध्यम से अपराध की विवेचना एवं यातायात व्यवस्था में महत्वपूर्ण मदद मिलेगी।

**पीटीजेड कैमरा :** यह कैमरा शहर के 26 लोकेशन में लगा है तथा इसे जरूरत पड़ने पर दाए.बाए ×60 डिग्री घुमाया जा सकता है। सीसीटीव्ही सर्विलांस कन्ट्रोल रूम के द्वारा शहर के प्रवेश एवं निर्गम मार्गों एवं अन्य चिन्हित स्थानों की 24घंटे सातों दिन बराबर रिकार्डिंग होगी जिसका उपयोग अपराध विवेचना एवं यातायात व्यवस्था हेतु किया जावेगा।



# उत्कृष्ट कार्य के लिए अभिषेक सिंह को प्रभारी मंत्री ने किया सम्मानित

**सतना ।** गुमसुदा नाबालिक बालक.बालिकाओं की पतासाजी और सीएम हेल्पलाइन में उत्कृष्ट कार्य के लिए बदेरा थाना प्रभारी अभिषेक सिंह को प्रभारी मंत्री राधा ने किया सम्मानित। इस मौके पर कलेक्टर रानी बाटड, एसपी सुधीर अग्रवाल मौजूद रहें।

# कर्मवीर पदक एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित हुए पुलिसकर्मी



**सीधी।** गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कर्मियों को कर्मवीर योद्धा पदक एवं प्रशस्ति पत्र किया गया प्रदाय। कोरोना कोविड .19 में पुलिस कर्मियों का कार्य अत्यंत चुनौतीपूर्ण रहा है। महामारी के दौर में जान जोखिम मे डालकर तटस्थ रहे पुलिस कर्मियों के उत्साहवर्धन हेतु उनका सम्मान करने के लिए मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन के द्वारा फ्रंटलाइन मे पदस्थ पुलिसकर्मियों को कोविड.19 मेडल से सम्मानित करने हेतु, कर्मवीर सम्मान कर्मवीर योद्धा पदक प्रदाय किया गया। जिसको गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ रविंद्र वर्मा के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ध्वजारोहण उपरांत कोरोन महामारी की रोकथाम एवं उस दौरान मौजूद चुनौतियों से संघर्ष करते हुए पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा किये गये अथक परिश्रम एवं उत्कृष्ट कर्तव्य परायणता को मान्यता देते कर्मवीर योद्धा पदक मैडल लगाकर सम्मान किया गया। सम्मान प्राप्त करने वालो में सबसे प्रथम उप निरीक्षक पवन सिंह थाना प्रभारी कमर्जी, अवधेश कुशवाहा थाना बहरी, शिवेन्द्र मिश्रा थाना कोतवाली, संजीव अग्निहोत्री थाना भुईमाड़, अभिषेक यादव महिला थाना एवं सुभाष पाण्डेय थाना रामपुर नैकिन सम्मलित थें। जिनको पुलिस अधीक्षक ने कर्मवीर पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदाय कर सम्मानित किया है।

### कलेक्टर श्री सोमवंशी ने कलेक्ट्रेट में राष्ट्रीय ध्वज फहराया

**सीधी।** गणतंत्र दिवस समारोह संपूर्ण जिले में उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। कलेक्ट्रेट परिसर में श्री कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर उन्होंने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। कलेक्टर ने देश को स्वतंत्रता दिलाने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कलेक्टर ने कहा कि आज देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वश्व न्यौछावर करने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और वीर शहीदों का पुण्य स्मरण करने का दिन है।



दैनिक
केसरिया हिन्दुस्तान
ग्वालियर मंगलवार 28 जनवरी 2025
खबरें बेबाक, बेखौफ, बेझिझक



# 76वां गणतंत्र दिवस धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

## विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट के साथ दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति,परेड ग्राउंड पर नपा अध्यक्ष ने फहराया ध्वज

**आशीष शर्मा दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**



सनावद-नगर में 76वां गणतंत्र दिवस धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नपाध्यक्ष सुनीता इंदर बिर्ला,पार्षद गण तथा नपा कर्मचारियों ने नगरपालिका परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसके बाद माता चौक बस स्टेंड स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात एमडी जैन स्कूल ग्राउंड पर नपाध्यक्ष ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और राष्ट्रध्वज को सलामी दी। नगर की विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने बैंड की धुन पर अनुशासित मार्चपास्ट किया और राष्ट्रध्वज को सलामी दी। न्यायालय परिसर में न्यायधीशो ने झंडा वंदन किया। तहसील कार्यालय में तहसीलदार मुकेश मचार, थाने पर टीआई इंद्रेश त्रिपाठी, सिविल अस्पताल में डॉ. हंसा पाटीदार, वाचनालय में संस्था अध्यक्ष, बिजली कंपनी में एई अमित ठाकुर, मंडी में प्रभारी सचिव व अवंति सूत मिल में संस्था प्रमुख ने ध्वज फहराया। इसी प्रकार शासकीय कन्या शाला में प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय व पॉलीटेक्निक कॉलेज में प्राचार्य ने ध्वज फहराया। नगर पालिका भवन में नपा अध्यक्ष ने झंडा फहराकर नपाकर्मियों को राष्ट्रीय पर्व की बधाई दी। इस अवसर पर विधायक सचिन बिरला,नपाध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधियों ने नगर के समाजसेवी नागरिकों को प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया। स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सर्वश्रेष्ठ मार्चपास्ट एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में निर्णायक की भूमिका का निर्वाह थाना प्रभारी इंद्रेश त्रिपाठी एवं पूर्व सैनिक चिंताराम बिरला एवं सरोज इंगला ने किया। इसके पूर्व मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन पार्षद जय शिंदे ने किया। इस अवसर पर नगरपालिका अधिकारी राजेंद्र मिश्रा,नपा उपाध्यक्ष नयना चौधरी,भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मानसिंह राठौर,दिनेश शर्मा,विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मीनारायण पटेल,ज्योति येवतीकर, डॉ.हंसा पाटीदार,अनिता बंसल, अमिता मंत्री,कमल बिर्ला, समाजसेवी मुश्ताक मलिक,पंकज जटाले,शालिनी जटाले, नपा नेता प्रतिपक्ष गजेंद्र उपाध्याय,पार्षद ज्योति गुप्ता, गंगाभारती शर्मा,ममता वर्मा, दुर्गा माली, पवन इंगला,अनिल बारे, पूजा परिहार, पवन अरझरे,शेरान शेख, शहजाद खान,सोनू पेंटर, विष्णु ठेकेदार,नीलेश जायसवाल, अनिल अजमेरा,नरेंद्र शर्मा, आदित्य पंचोलिया, संजय राठौर, दिलीप सकरोदिया, राजा चौरसिया, धर्मेंद्रसिंह पंवार,अमित यादव,ओम वर्मा,संजय वर्मा,शुभम शर्मा,राकेश गहलोत,मोहित यादव, किशन प्रजापत,कमल वर्मा,अज्जू राठौर, नवीन प्रजापत,रविंद्र कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी,शिक्षक एवं नागरिक उपस्थित थे। आयोजन के समापन पर मिठाई वितरण की गई।

# धूमधाम से मनाया गया नर्मदा वेली स्कूल में गणतंत्र दिवस

**आशीष शर्मा दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**



सनावद-रविवार को नर्मदा वेली स्कूल काटकूट में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के संचालन विकाश शर्मा व स्कूल की प्रधानाचार्या अंकिता शर्मा द्वारा ध्वजारोहण से हुई। इसके बाद राष्ट्रीय गान जन गण मन गाया गया। विद्यालय के प्रांगण में स्कूल की प्रधानाचार्या द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर गणतंत्र दिवस के पर्व की शुरुआत की गई। गणतंत्र दिवस पर एक कविता प्रस्तुत की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम में देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की वीरता और उनके देश के प्रति निष्ठा को दर्शाने वाला नृत्य नाटकों का आयोजन किया गया। विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुति दी, जिसने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या अंकिता ने सभी विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए देश के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने का संदेश दिया, उन्होंने भारत के संविधान की महिमा और गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश भी डाला। विद्यालय में उत्साह का माहौल रहा। विद्यार्थियों ने भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के प्रति अपने सम्मान और प्रेम को व्यक्त किया।

# भाजपा का संविधान गौरव अभियान 'मेरा संविधान मेरा स्वाभिमान' कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

### विधायक सतीश मालवीय ने कांग्रेस पर जमकर साधा निशाना

**केसरिया हिंदुस्तान दिनेश वर्मा**



**घट्टिया** - भारतीय जनता पार्टी मंडल घट्टिया द्वारा शनिवार को ग्राम निपानिया में संविधान गौरव अभियान के तहत आयोजित 卐मेरा संविधान मेरा स्वाभिमान कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक सतीश मालवीय सहित अतिथियों ने डॉ भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण किया।

कार्यक्रम में विधायक सतीश मालवीय ने कहा कि बाबा साहब का अगर किसी ने मान सम्मान बढ़ाया है तो वो भारतीय जनता पार्टी ने बढ़ाया है कांग्रेस ने बाबा साहब को भारत रत्न नहीं दिया वो भी भारतीय जनता पार्टी ने दिया

कांग्रेस ने कभी बाबा साहब को सम्मान नहीं दिया महिलाओं को मत देने का अधिकार नहीं था सिर्फ पुरुष को मत देने का अधिकार था ये अधिकार भी बाबा साहब के संविधान ने दिया है हम सब संविधान के आधार पर काम कर रहे है संविधान से पूरा देश चल रहा है संविधान बाबा साहब ने बनाया है कांग्रेस ने झूठ बोला है कांग्रेस ने लोगों को बरगलाया है कांग्रेस वोट के लिए बाबा साहब को याद करती है बाबा भीमराव अंबेडकर जी के अनादर करने का काम कांग्रेस ने किया है मेरा संविधान मेरा अभिमान है हम सबको जनकल्याण करने वाली एवं विकास करने वाली भाजपा सरकार के साथ रहना है। हम घट्टिया में जल्द ही न्यायालय कोर्ट लाने वाले है अब कोर्ट जाने के लिए क्षेत्रवासियों को उज्जैन नहीं जाना पड़ेगा। मुझे दूसरी बार भाजपा के कार्यकर्ताओं ने चुनाव जिताया ये सब श्रेय भाजपा के कार्यकर्ताओं को जाता है। कार्यक्रम में विधायक सतीश मालवीय,फार्मेसी काउंसलिंग के अध्यक्ष ओम जैन,मंडल अध्यक्ष लोकेंद्रसिंह जलवा,वरिष्ठ नेता जसवंतसिंह उमठ,पानबिहार मंडल अध्यक्ष विक्रमसिंह गणावा,श्रीमती यशोदा बैरागी,जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि ईश्वरसिंह कराडा,जनपद उपाध्यक्ष डॉ भगवानसिंह पंवार,सुमेरसिंह कालूहेड़ा सहित जनप्रतिनिधियों,कार्यकर्तागण सम्मिलित हुवे।

उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी गोविन्द शर्मा ने दी।

# भारत की इज्जत, सम्मान तभी बढ़ेगा जब भारत के लोग हर मामले में एकता स्थापित करेंगे - सन्त बाबा उमाकान्त जी महाराज

## आपको देश से प्रेम होना चाहिए, इसकी मर्यादा को, आन-बान-शान को बनाए रखना चाहिए।




(उज्जैन)। वक्त गुरु परम सन्त बाबा उमाकान्त जी महाराज ने सतसंग के माध्यम से बताया कि आपको इस देश से प्रेम होना चाहिए। आप जब इस देश की धरती का अन्न खाते हो, यहां की जलवायु में आप पलते हो, आप अपने बच्चों को यहां पढ़ाते - लिखाते हो, अपने परिवार को यहां रखते हो तो आपको इससे प्रेम होना चाहिए। आपको इसकी मर्यादा को, आन-बान-शान को,बनाए रखना चाहिए। इसी में आपकी प्रतिष्ठा है, इसी में आपकी इज्जत है। अगर यह देश तरक्की करेगा, देश के लोग तरक्की करेंगे, देश के लोगों का खान-पान-चरित्र सही होगा, इसकी नकल अगर विदेशी करेंगे, यहां की भाषा को, संस्कृति को अगर सीखेंगे और जब आप किसी भी देश में जाओगे, कहोगे हम भारतीय हैं, हम भारत से आए हैं तब आपकी इज्जत बढ़ेगी।

गर्व से कहो कि हम भारतीय हैं: पूज्य महाराज जी ने आगे समझाया कि अगर आप ये कहो कि हम हिन्दू हैं, मुसलमान हैं, सिख हैं, ईसाई हैं तो आप की उतनी कद्र नहीं होगी लेकिन जब आप कहोगे कि हम विकसित देश भारत के हैं तब चाहे अध्यात्म में विकसित हो या ऐसे अन्य विकास में हो, लोग आपका सम्मान करेंगे। आप सब देश वासियों को सोचने की जरूरत है कि हम भारत के नागरिक हैं और गर्व से कहो कि हम भारतीय हैं। भारत की इज्जत और सम्मान तभी बढ़ेगा जब भारत के लोग हर मामले में एकता स्थापित करके, मानवता स्थापित करके, धार्मिक बन करके, आध्यात्मिक बन करके, मानव धर्म का पालन करके एक जुटता दिखाएंगे और तरक्की करेंगे। तब आपकी इज्जत बढ़ेगी, सम्मान बढ़ेगा। आपको यह सोचने की जरूरत है कि हम सब लोग मानव धर्म का पालन करके, मानवता लोगों के अंदर ला करके और देश को विकसित करेंगे, देश प्रेम लोगों को सिखाएंगे और देश की शक्ति को हर तरह से बढ़ाएंगे।

# गैस की टंकिया लेकर जा रहा वाहन पलटा : गंभीर हादसा होने से बचा

## सप्ताह में दूसरी बार हुआ हादसा - पूर्व में भी घटनाएं घट चुकी है

**केसरिया हिंदुस्तान दिनेश वर्मा**



**महिदपुर।** क्षेत्र पास लगी तहसील घट्टिया तथा महिदपुर तहसील के मुहानें पर लगे रसोई गैस बाटलिंग प्लांट से दिन रात गैस की टंकियों का परिवहन करते आईसर वाहनों के द्वारा प्लांट से भरी हुई टंकियों को एजेन्सी तक पहुँचाया जाता है तथा वहाँ से खाली टंकियों को बाटलिंग प्लांट तक लाया जाता है जिसमें महिदपुर से महिदपुर रोड़ नागदा जावरा आलोट आदि जगहों के लिये ये वाहन दौड़ते रहते है।

विगत खाली एवं भरी हुई टंकियों के कई वाहन इस मार्ग पर पल्टी खा चुके है किंतु शुक्र है कि कोई गंभीर हादसा घटित नहीं हुआ। जानकारी के अनुसार दुर्घटनाऐं वाहन चालकों की गंभीर लापरवाही से और अनियंत्रित गति वाहन चलानें को लेकर होती है मार्ग पर वे वाहनों को चलाना नहीं हवा में उड़ाना चाहते है जिसे रोड़ पर वाहनों को दौड़ाते समय देखा जा सकता है। विगत एक सप्ताह में यह दूरी घटना घटित हुई है जिसमें गुरुवार एवं शुक्रवार की दरमियानी रात्र में गैस टंकियों से भरा वाहन महिदपुर और बंजारी के मध्य बने टोल नाके के आगे पल्टी का खाकर रोड़ के निचे चला गया और गैस की टंकियां वाहन के बाहर निकलकर बिखर गई गनीमत यह रही कि इसको वजह से कोई गंभीर हादसा नहीं हुआ। इसी प्रकार विगत 5 दिन पूर्व घोंसला मार्ग पर प्लांट से निकलकर आ रहा वाहन भी इसी प्रकार से रोड़ के नीचे पलटी खा चुका है। चालाको की लावरवाही से अन्य वाहनों से टक्कर होकर दुर्घटनाऐ घटित होनें की भी जानकारी मिली है। बताया यह जा रहा है कि चालकों के द्वारा किसी प्रकार का नशा कर वाहनों को तेज और अनियंत्रित गति से भगाया जाता है। जिम्मेदारों को इस पर सज्ञान लेकर कार्यवाही करना आवश्यक है अन्यथा भविष्य में कभी भी गंभीर हादसे का सामना लोगो को करना पड़ सकता है।

# सकल असाटी समाज के द्वारा श्रीमद् भागवत महापुराण कथा की भव्य शोभा यात्रा

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान-पुरषोत्तम साहू**




**दमोह**- सकल असाटी समाज के द्वारा प्रतिवर्ष संस्कार भवन में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाता है जिसमें असाटी समाज के परिवार आगे आकर यजमान की सहभागिता निभाते हैं वर्षों से चली आ रही परंपरा को इस वर्ष 25 वर्ष पूर्ण हो गए पूरा समाज इस कार्यक्रम के लिए समर्पित रहता है इसी श्रृंखला में इस बार भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया कलश यात्रा को भव्य बनाने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग आयु ने आगे आकर कार्यक्रम को सुंदर स्वरूप प्रदान किया शोभा यात्रा का शुभारंभ समाज के बैनर से आरंभ ढोल-नगाड़े शहर में मुनादी करते हुए नजर आए वहीं घोड़े पर सवार सम्राट अशोक (विनायक असाटी), शिवाजी (संभव असाटी ) का स्वरूप अनुपम सजीले, बढ़ते हुए क्रम में समाज की छोटी बेटियों गरबा नृत्य करती हुई आगे बढ़ती जा रही थी प्रयागराज में चलते हुए

महाकुंभ के दृश्य को यथार्थ स्वरूप प्रदान करती हुई बहने साध्वी के स्वरूप में व अन्य बहने लाल साड़ी में सोलह श्रृंगार से युक्त सुंदर सुसज्जित गंगाजल से भरे हुए कलश अपने शीश पर धारण किए

हुए नवयुवतिया सामाजिक ध्वज लेकर धर्म व संस्कृति के नृत्य की प्रस्तुति करते हुए प्रभु जी की पालकी व राधा रमण मंदिर की कीर्तन मंडली सुंदर भजनों का गुणगान करते हुए तरह-तरह की धर्म युक्त झलकियां शोभा यात्रा के आकर्षण में चार चांद लग रही थी मानो, पूरा शहर धर्ममय हो गया हो सब तरफ वृंदावन सा प्रतीत हो रहा था कार्यक्रम में असाटी समाज के अधिक संख्या में पुरुषों महिलाओं व बच्चों ने बढ़-चढ़कर अपनी उपस्थिति दी रास्ते में घर-घर व दुकानों पर नगर वासियों ने श्रीमद् भागवत का पूजन कर प्रसाद वितरण कर धर्म लाभ अर्जित किया.बाजे-बाजे ढोल नगाड़े चारों तरफ डीजे पर मधुर संगीत के साथ शोभा यात्रा संस्कार भवन पहुंची जहां यजमानों ने पूजन कर श्रीमद् भागवत जी को को पूरे उत्साह उमंग व सम्मान सहित स्थापित किया गया वहीं असाटी समाज समिति के वरिष्ठ संरक्षक जी सपत्नी द्वारा गरबा वाली बेटियों (26 बेटियों) को कंपास बॉक्स व बिस्किट उपहार स्वरूप प्रदान किए गए तत्पश्चात समाज बंधुओ को प्रसाद वितरित कर शोभायात्रा का सफल समापन किया गया दोपहर 3:00 बजे से परम पूज्य कथावाचक पंडित श्री सुदेश जी महाराज जी के मुखारविंद से पावन कथा का शुभारंभ किया गया जिसमें समाज बंधुओ ने भरपूर उपस्थिति दी प्रभु कथा का आनंद लिया।

# मिडिया प्रभारी नरेश धाकड़ ने शिक्षको के संग किया आदर्श कान्वेंट स्कूल इंद्रपुरा रोड बड़ौदा में ध्वजारोहण



**श्योपुर।** भारतीय जनता पार्टी के मिडिया प्रभारी नरेश धाकड़ ने मुख्य अतिथि के रूप में गणतंत्र दिवस पर आदर्श कान्वेंट स्कूल में ध्वजारोहण कर छात्र एवं छात्राओं को शुभकामनाएं दीं एवं एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। नरेश धाकड़ ने कहा कि आज का गणतंत्र दिवस हमारे लिए महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के विचारों को आगे बढ़ाने का काम किया है। आज के दिन ही हमारा संविधान लागू हुआ था। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने 11 से 25 जनवरी तक संविधान गौरव अभियान चलाया। प्रधानमंत्री जी लगातार बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर जी के विचारों को आगे बढ़ाने का काम कर भारत को सशक्त और सक्षम बनाने का प्रयास कर रहे हैं। बाबा साहब के मूल विचारों को जमीन पर उतारने का काम अगर किसी ने किया है, तो वह प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली भाजपा की केंद्र सरकार ने किया है।

संविधान हमें दायित्वों का स्मरण कराता है: श्री धाकड़ ने कहा कि यह राष्ट्रीय पर्व हमें लोकतांत्रिक मूल्यों और देश के संविधान के प्रति अपने दायित्वों, कर्त्तव्यों और जिम्मेदारियों का स्मरण कराता है। हमें संविधान को और मजबूत बनाते हुए अपने कर्त्तव्यों और जिम्मेदारियों को लेकर आगे बढ़ना है। आज गणतंत्र दिवस पर हम अपनी-अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का संकल्प लेकर आगे बढ़ने का प्रयास करेंगे,ताकि हमारा देश मजबूती के साथ आगे बढ़ता रहे।उन्होंने कहा कि बाबा साहब को सम्मान देने का काम प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकारों ने ही किया है। डॉ. अंबेडकर की जन्मस्थली से लेकर उनसे जुड़े स्थलों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित करने का काम भाजपा सरकार के समय ही हुआ है। और प्रदेश सरकार के नेतृत्व में पूर्व मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी और वर्तमान मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव जी के कार्यकाल में छात्रों के हित में शिक्षा व्यवस्था में सुधार करते हुए आगे की शिक्षा हेतु कोई भी गरीब बच्चा शिक्षा से वंचित न रह सके इसलिए उन्होंने कई योजना चला कर छात्रवृत्ति के माध्यम से उनको आगे की शिक्षा में किसी तरह की परेशानी ना हो और निरंतर वह अपनी शिक्षा जारी रखते हुए अपने भविष्य की बुनियाद को मजबूत करें और उच्च पदों पर चयनित होकर माता-पिता देश और प्रदेश का नाम रोशन कर सके इस अवसर पर आदर्श कान्वेंट स्कूल के शिक्षक संस्थापक छात्र एवं छात्राएं और नगर वासी उपस्थित रहे।

# अमलाई सेवन ओसियन पब्लिक स्कूल में पहुंचे रीवा (विंध्य) के महाराज पुष्पराज सिंह

**अखंड प्रताप सिंह की रिपोर्ट**
**केसरिया हिंदुस्तान**

**शहडोल** गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह सेवन ओसियन पब्लिक स्कूल में आयोजित हुआ। गणतंत्र दिवस समारोह मैं मुख्य अतिथि के रूप में रीवा रियासत विंध्य प्रदेश के महाराजा एवं मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री श्री पुष्पराज सिंह जूदेव उपस्थित रहे जिन्होंने सर्वप्रथम तो ध्वजारोहण करने के साथ ही राष्ट्रगान किया और उसके बाद स्कूल में बनने वाले नवनिर्मित ब्लाक का शिलान्यास किया । रीवा महाराजा को देखने एवं सुनने के लिए बकहो नगर परिषद एवं बरगवां अमलाई नगर परिषद तथा आसपास के क्षेत्रो के सैकड़ो गणमान्य नागरिक एवं स्कूल में पढ़ रहे बच्चों के पेरेंट्स में एक अलग ही उत्साह के साथ शामिल हुए और सभी को महाराजा श्री पुष्पराज सिंह जी के वक्तव्यों को सुना जिसमें श्री सिंह ने बताया कि स्कूल में बनने वाला उक्त नवीन ब्लाक भविष्य में स्कूल और समुदाय के लिए एक बड़ा मील का पत्थर साबित होगा उन्होंने आगे बताया कि बच्चे कैसे नर्सरी से लेकर स्कूल की ऊंची कक्षाओं तक स्वच्छंद और निश्चिंत होकर अपना विकास करता है और आगे कैसे यूनिवर्सिटी और कॉलेज में पहुंचकर देश और अपने परिवार और अपने समाज का भविष्य तय करता है उसमें में से एक सबसे बड़ी कड़ी स्कूल की होती है जो नींव के रूप में उनका भविष्य तैयार करती है और जब जड़ जितनी अच्छी होगी तो उससे निकलने वाली डाल और पत्तियां भी उतनी ही सुंदर और व्यवस्थित रूप से सुसज्जित होगी इस कार्यक्रम में उन्होंने बताया की पूर्व में उनके पूर्वजों का विंध्य प्रदेश के राज्य की सत्ता पर राज था जिसमें तत्कालीन राज काल में अनेक कार्य किए गए जिसमें मुख्य रूप से कई स्कूल कॉलेज राष्ट्रीय उद्यानों एवं अस्पताल इत्यादि उनकी पुस्तैनी पूर्वजों के द्वारा जमीन उपलब्ध करवा कर







उसे व्यवस्थित सुचारू रूप से चलाना इत्यादि का समुदाय हेतु कार्य किए जब यह राज्य विंध्य प्रदेश के रूप में था उसी कड़ी को भारत सरकार आगे बढाते हुए एक अच्छे तरीके से पढ़ाई का पैमाना तय कर रही है यह खुशी की बात है कि छोटे से छोटे एरिया में भी ऐसे पब्लिक स्कूल है जो कि बच्चों का बेहतर भविष्य बना रहे हैं उन्होंने स्कूल संचालक राकेश सिंह व जाकिर अली एवं उनकी पूरी स्कूल टीम को भी धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि स्कूल प्रबंधन के द्वारा मुझे बहुत ही आदर व स्नेह दिया गया और आगे उन्होंने आशा जताया कि वह भविष्य में भी इसी तरह के कार्य करते रहेंगे उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों एवं कर्मचारियों को भी संबोधित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य एवं उनके परिवार के लोगों को भी शुभकामनाएं प्रेषित की और कहा कि किसी भी संस्था के लिए उसकी नीव उसमें कार्यरत कर्मचारी एवं उनका समुचित स्टाफ होता है जिसके बिना कोई भी संस्था आगे नहीं बढ़ सकती है और किसी भी संस्था को सफलता की ऊंचाई तक पहुंचाने में निश्चित ही उनके शिक्षक एवं स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका होती है उनहोंने उनको भी गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की इसके बाद स्कूल संचालन राकेश सिंह के पिता श्री अरूण सिंह व उनके परिवार जनो ने रीवा महाराजा को समृति चिन्ह, शाल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया इसी बीच कई गणमान्य नागरिकों के साथ रॉयल राजपूत संगठन के पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ एवं शाल श्रीफल के साथ ही पुष्प माला पहना कर रीवा महाराजा पुष्पराज सिंह जी का स्वागत अभिनंदन किया जिनमें मुख्य रूप से राकेश सिंह रक्षा, अखिलेश सिंह, एडवोकेट सौरभ सिंह, दिनेश सिंह, मयूर सिंह, अखंड प्रताप सिंह, प्रभाकर, आशीर्वाद, संतोष, देवाशीष इत्यादि लोगों ने स्वागत कर श्रीमान महाराजा साहब का अभिवादन किया ।

# सी एम राइज बड़ावदा में गणतंत्र दिवस मनाया



**केसरिया हिंदुस्तान दिनेश पौराणिक**

**बड़ावदा।** सी एम राइज़ शा उ मा वि बड़ावदा पर सरस्वती पूजन कर संकुल प्राचार्य गोविंद सिंह मालीवाड़ ने ध्वज फहराया। आप ने सभी को शुभ कामनाएं दी। मंथन नीरज झाला ने प्यानो पर राष्ट्रगान की धुन बजाई। विद्यर्थियों में से प्रवेशिका 9वी,समृद्धि 11वी,सपना 9वी आदि ने देशभक्ति गीत,कविता,भाषण प्रस्तुत किये। शिक्षकों में से जाहिद शाह खान,मोहन लाल सोनारथिया, आदि ने संबोधित किया। संचालन शान्तिलाल झाला ने किया।

# न्यू रीजनल स्कूल में गणतंत्र दिवस उत्सव रंगारंग कार्यक्रम के साथ हुआ संपन्न

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**9009601101**





**ग्वालियर-** अपना देश का 76वां गणतंत्र दिवस भव्यता और देशभक्तिपूर्ण उत्साह के साथ मनाया। यह दिन 26 जनवरी 1950 को भारत के संविधान को अपनाने का प्रतीक है, जिसने भारत को एक संप्रभु, लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में स्थापित किया। इसी के तहत न्यू रीजनल स्कूल में झंडा वंदन कार्यक्रम के साथ गणतंत्र दिवस उत्सव कार्यक्रम हुआ संपन्न

कार्यक्रम न्यू रीजनल स्कूल दीनदयाल नगर ग्वालियर में आयोजित किया गया था, मुख्य अतिथि वार्ड क्रमांक 18 की पार्षद श्रीमती रेखा त्रिपाठी एवं विशिष्ट अतिथि समाजसेवी डीके शर्मा एवं न्यू रीजनल स्कूल के संचालक मुरारी पाल अतिथि गण में श्रीमती रेखा पाल, श्रीमती राजेश पाल , विद्यालय की प्रिंसिपल श्रीमती शालिनी शर्मा एवं समस्त स्टाफ और बच्चे ओर उनके अभिभावक आदि उपस्थित रहे, श्रीमती रेखा त्रिपाठी जी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया, उसके बाद राष्ट्रगान गाया गया। कार्यक्रम में भारत की सांस्कृतिक विविधता,और तकनीकी प्रगति का प्रदर्शन किया गया, जिससे विद्यालय के छात्र एवं उनके अभिभावक प्रेरित हुए।

इस कार्यक्रम का मुख्य अतिथि का उद्बोधन का शानदार प्रदर्शन था, जो देश की समृद्ध विरासत और उपलब्धियों को दर्शाती थी। स्कूली बच्चों ने एकता और सद्भाव का संदेश फैलाते हुए सांस्कृतिक नृत्य और देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए

सभा को संबोधित करते हुए, श्रीमती रेखा जी ने स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि दी और संवैधानिक मूल्यों को बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने नागरिकों से देश की प्रगति और समृद्धि में सक्रिय योगदान देने का भी आग्रह किया। एवं विशिष्ट अतिथि डीके शर्मा के द्वारा देशभक्ति की कविता को बड़ी ही सरलता से सुनाया गया जिससे विद्यालय के बच्चों में देशभक्ति की भावना से जोश भर गया ।

विद्यालय के संचालक के द्वारा दिए गए उद्बोधन के बाद कार्यक्रम के दिन का समापन 卐जन गण मन卐 की धुन के साथ हुआ, विद्यालय के छात्रों ने न्याय, स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे के मूल्यों पर विचार किया और गणतंत्र की भावना को मजबूत करने का संकल्प लिया।

# आज जोबट सहित पचास गांवों में चार घंटे विद्युत प्रदाय रहेगा बंद

**हरीश सोनी केसरिया हिंदुस्तान**

जोबट। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा सब स्टेशन बेटवासा से 33/11 केव्ही न्यू जोबट इंटर कनेक्शन कार्य के चलते मंगलवार को जोबट और कस्बा जोबट उपकेंद्र से चलने वाले सभी गांवों में विद्युत प्रदाय सुबह दस से दोपहर दो बजे तक चार घंटे बंद रहेगा। विद्युत वितरण कंपनी के कनिष्ठ यंत्री वीरेंद्र सोलंकी ने बताया कि 33/11 केव्ही जोबट एवं कस्बा जोबट उपकेंद्र के अंतर्गत जोबट शहर और ग्राम देहदला, उमरी, बेटवासा, कोसदुना, हरदासपुर, जमेरी, निमथल, पहाडवा, थापली, रणजीगढ, देवलई, कनावाडा, बरखेडा, कोठडी, सेवरिया, जाली, चौहली, पनेरी, रामपुरा, छोटी झिरी, कन्दा, बडागुडा, कालीखेतार, घोंगसिया, उबलड, कन्दा, चमारबेगडा, खेरवां, बलेडी, जेसिंगपुर, जमेरी, कोसदुना, देगांव, बिलखेडी, डेकाकुण्ड, बिलासा, उण्डारी, सेमल्दा, पानगोला, उबगारी, सेमलाया, सिद्धगांव, उबलड, खुटाजा, बडागुडा, सेवड, मोटाउमर सहित लगभग पचास स्थानों पर सुबह दस से दोपहर दो बजे तक कुल चार घंटे विद्युत प्रदाय बंद रहेगा। आवश्यकता अनुसार उक्त समय को कम या ज्यादा किया जा सकता है।




# वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र डॉ. मनोज कुमार अहिरवार कृषि क्षेत्र में नवाचार हेतु हुए सम्मानित

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान- पुरषोत्तम साहू**

**दमोह**–गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल, पूर्व वित्तमंत्री एवं विधायक श्री जयंत कुमार मलैया एवं कलेक्टर श्री सुधीर कुमार कोचर द्वारा वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र दमोह डॉ. मनोज कुमार अहिरवार को उनके द्वारा दमोह जिले में कृषि के क्षेत्र में किये गये नवाचार के लिये उत्कृष्ट कार्य से सम्मानित किया है

# शहर में देखा जा रहा सकारात्मक परिवर्तन

**नशा मुक्त स्वच्छता युक्त ग्वालियर बनाने विभिन्न कार्यक्रमों में ली जा रही शपथ**



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**9009601101**

**ग्वालियर।** शहर में स्वच्छ ग्वालियर अभियान और नशा मुक्त ग्वालियर अभियान द्वारा जन जागरण के लिए बनाई गई मानव श्रंखला और मैराथन दौड़ के बाद शहर में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। 26 जनवरी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विनय नगर स्थित आइडियल पब्लिक स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय बादलगढ़ सहित कई विद्यालयों में ग्वालियर को स्वच्छता युक्त नशा मुक्त बनाने की शपथ छात्र–छात्रों द्वारा ली गई। इसी तारतम्य में अधिवक्ता परिषद द्वारा गालव सभागार में आयोजित संगोष्ठी में, क्रीड़ा भारती द्वारा मेले में आयोजित कुश्ती प्रतियोगित में भाग ले रहे पहलवानों एवं दर्शकों ने, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत श्रमोदय माधवराव सिंधिया विद्यालय में आयोजित ग्राहक जागरूकता कार्यक्रम में, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा आयोजित वेडमिटन प्रतियोगिता में ग्वालियर को स्वच्छता युक्त नशा मुक्त बनाने की शपथ ली गई। बुधवार 29 जनवरी को सुबह 10 बजे महाराज बाड़े पर पर्यावरण संरक्षण गतिविधि की ओर से हरित सम्मेलन एवं पर्यावरण रैली का आयोजन विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा किया जायेगा।

# गणतंत्र दिवस पर भाजपा मुख्यालय मुखर्जी भवन पर जिलाध्यक्ष राजौरिया ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

## विशेष रूप से प्रभारी मंत्री सिलावट शामिल हुए

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**9009601101.**



**ग्वालियर** राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के अवसर पर आज प्रातः भारतीय जनता पार्टी मुख्यालय मुखर्जी भवन बाड़ा पर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्री जयप्रकाश राजौरिया ने राष्ट्रीय फहराया । इस अवसर पर श्री राजौरिया ने सभी देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ अंबेडकर जी, स्वतंत्रता सेनानियों और देश की रात दिन सीमाओं पर तैनात वीर जवानों को याद किया।

इस अवसर पर विशेष रूप से प्रभारी मंत्री तुलसी सिलावट उपस्थित हुए। ध्वजारोहण के तत्काल बाद राष्ट्रगान हुआ। उसके सभी को मिष्ठान वितरण वितरण किया गया। इस अवसर पर भाजपा वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद श्री विवेक शेजवलकर, पूर्व जिलाध्यक्षद्वय अभय चौधरी, कमल माखीजानी, भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी जवाहर प्रजापति, जितेंद्र सिंह गुर्जर, पूर्व सभापति राकेश माहौर,? सुमन शर्मा, समीक्षा गुप्ता, रामेश्वर भदौरिया, विवेक जोशी, विनय जैन, विनोद शर्मा, मुकेश दुबे, धर्मेंद्र कुशवाह, आशीष मेहरोत्रा, सुरेन्द्र शर्मा, कुलदीप दुबे, अनिल सांखला, नवीन परांडे, नीलिमा शिंदे, यामिनी पराडे, हेमलता मुदगल, डालचंद वर्मा, विनोद अष्टैया, प्रमोद खंडेलवाल, अमर कुटे,केशव मंसूरिया, डॉ राकेश बाथम,परवेज खान, जय बाथम, सहित अनेक कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# गणतंत्र दिवस पर्व पर गौ सेवा कर रही बजरंग भक्त मंडल संस्था सम्मानित

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

ग्वालियर बजरंग भक्त मंडल द्वारा निरंतर गौसेवा के क्षेत्र में कार्य करने पर जिला प्रशासन से प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट जी , जिला कलेक्टर जी द्वारा ए एफ मैदान पर सम्मानित किया गया

बजरंग भक्त मंडल (पंजी.) ग्वालियर द्वारा गौसेवा एवं मानव सेवा कर गणतंत्र दिवस पर्व मनाया गया। बजरंग भक्त मंडल के संस्थापक एवं अध्यक्ष आशीष मंगल ने जानकारी देते हुए बताया कि निरंतर कई वर्षो से गौ सेवा, गौ चिकित्सा, का सेवा कार्य किया जा रहा है उसी क्रम मे आज जनकताल स्थित



गौशाला में 650 किलो हरे चारे की गौभोग सेवा एवं नारायण वृद्ध आश्रम में वृद्धजनों को स्वल्पाहार सेवा कर राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस मनाया गया। गया।आज के कार्यक्रम में बजरंग भक्त मंडल के अध्यक्ष आशीष मंगल, कश्यप वेलफेयर सोसायटी की अध्यक्षा रूबी सिंह,बजरंग भक्त मंडल के सचिव राकेश मंगल,उपाध्यक्ष अमन गर्ग,नमन अवस्थी, रामकिशोर मंगल,हरीश अग्रवाल,संजीव गुप्ता,राजीव जादौन,सुशील कुशवाह,विशाल शर्मा, पुनेश पाल,तन्मय अग्रवाल,अभिषेक शर्मा एवं आदि सदस्य उपस्थित थे

# भोपाल के एमपी नगर में बन रहा ब्रिज; नीचे से भी गुजरेंगी गाड़ियां

भोपाल। भोपाल के एमपी नगर में डीबी सिटी मेट्रो स्टेशन से फुट ओवरब्रिज (एफओबी) जुड़ेगा। इसके बाद यात्री स्टेशन से उतरकर सीधे डीबी मॉल आ-जा सकेंगे। इस ब्रिज के स्ट्रक्चर को पिलर पर रख दिया गया है। सोमवार को दूसरे स्ट्रक्चर का काम भी शुरू हो गया। फरवरी में इसका काम पूरा हो जाएगा। फुटओवर ब्रिज से लोग मेट्रो स्टेशन से बाहर निकल सकेंगे और सीधे डीबी मॉल में जा सकेंगे। इस स्ट्रक्चर के नीचे सड़क है। वहीं, ऊपर डॉ. भीमराव अंबेडकर ब्रिज (जीजी फ्लाईओवर) है। ऐसे में एफओबी के ऊपर और नीचे से गाड़ियां गुजर सकेंगी। जानकारी के अनुसार, डीबी सिटी स्टेशन का यह दूसरा एंट्री-एग्जिट पॉइंट होगा। जिसे स्टेशन की विपरीत दिशा में सड़क के दूसरी ओर (डीबी सिटी मॉल तरफ) बनाया जा रहा है। स्टेशन और एंट्री-एग्जिट बिल्डिंग को फुट ओवरब्रिज से जोड़ा जाएगा। मेट्रो स्टेशन जाने या इससे बाहर निकलने के लिए यात्रियों को इसी एफओबी से होकर गुजरना पड़ेगा। एफओबी करीब 20 मीटर लंबा है, जो जीजी फ्लाईओवर से डेढ़ मीटर नीचे और सड़क से करीब 7 मीटर ऊपर बनाया गया है। बता दें कि मेट्रो स्टेशन की एंट्री-एग्जिट बनाने के लिए सुभाष नगर और रानी कमलापति स्टेशन पर भी इस तरह के एफओबी बनाए जा रहे हैं, लेकिन डीबी सिटी मॉल स्टेशन पर एक बड़ी तकनीकी परेशानी जीजी फ्लाईओवर भी थी। यह एफओबी मौके पर ही असेंबल किया गया। इसके बाद बड़ी क्रेन की मदद से इसे सीमेंट के स्ट्रक्चर पर रखा गया है।

# एक दर्जन से अधिक फैक्ट्री मालिकों को नपा ने दी चेतावनी

## बकाया राशि नहीं चुकाने पर नपा करेगी कुर्की की कार्रवाई

नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**सीहोर।** शहर में बड़ी संख्या में बकायादार है, वसूली के लिए नपा अब बकायादारों की संपत्ति कुर्क करेगी। पिछले सप्ताह नगरीय प्रशासन आयुक्त द्वारा ली गई बैठक में कर वसूली के लिए सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। ज्यादा से ज्यादा बकाया वसूल करने की हिदायत दी गई है। प्रभावी कार्रवाई न होने पर संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों पर कार्रवाई करने को कहा गया है। इसको लेकर सोमवार को राजस्व अधिकारी संजय शुक्ला के नेतृत्व में शहर के वार्ड क्रमांक 32 में एक दर्जन से अधिक फैक्ट्री मालिकों के अलावा अन्य बकायादारों को चेतावनी दी गई है। नगर पालिका राजस्व वसुली को लेकर संपत्तिकर 20000 से ज्यादा बकाया की कुर्की की कार्यवाही एव जलकर एक साल से ज्यादा बकाया होने पर नल कनेक्शन तत्काल कट दिया जाएगा नगर पालिका यह अभियान 1 फरवरी से शहर में बकाया वसूली अभियान चलाया जाएगा

नगर में जल, संपत्ति कर (टैक्स) और दुकान किराया की बकाया राशि वसूलने नगर पालिका के तेवर सख्त हो गए हैं। नपा की तरफ से बड़े बकायादारों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं तो वही छोटे बकायादारों को जल्द बकाया राशि जमा कराने चेतावनी दी जा रही है। यदि जल्द ही बकाया राशि जमा नहीं कराई तो एक फरवरी से नपा कार्रवाई शुरू करेगी। इसमें बड़े बकायादारों पर कुर्की और दुकानों में ताले जड़े जाएंगे।

वहीं नगर पालिका सीएमओ भूपेन्द्र दीक्षित का कहना है कि शहर में सुविधा देने के एवज में नगर पालिका जनता से निर्धारित टैक्स वसूलती है। टैक्स की बकाया राशि कुछ साल पहले तक हजारों में हुआ करती थी। जिसके समय पर जमा नहीं होने से लाख पार कर करोड़ में पहुंच गई है। नपा अधिकारियों की माने तो वर्तमान में संपत्ति,जलकर, दुकान किराया को मिलाकर करीब करोड़ों रुपए का बकाया है। जिसे वसूलने नपा की तरफ से हर प्रयास किए, लेकिन ज्यादा कोई सफलता नहीं मिली है। बकायादारों को नपा की तरफ से बिल जारी किए जा रहे हैं। यह बिल बकायादारों को दिए जाएंगे। बकायादारों ने निर्धारित तारीख तक राशि जमा नहीं कराई तो कार्रवाई की जाएगी। नपा अधिकारियों के अनुसार बकायादारों के सामानों की कुर्की कर राशि वसूल की जाएगी, वही दुकानों में ताले जड़े जाएंगे। बकायदरों को चेतावनी दी गई है।

# मनोज काला को हाई कोर्ट से नहीं मिल पाई 45 दिन से चल रहे फरार वेयर हाउस मैनेजर के मामले में

दिनेश शुक्ला, दैनिक केसरिया हिंदुस्तानी



आलोट में वेयरहाउस संचालक आरडी शर्मा की आत्महत्या मामले में इंदौर हाईकोर्ट के न्यायाधीश संजीव खालविकार ने मुख्य आरोपी मनोज काला की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। 15 दिसंबर को हुई इस घटना में आरडी शर्मा ने मनोज काला और राजेश परमार की ओर से किए गए कथित उत्पीड़न के कारण आत्महत्या कर ली थी। मृतक ने अपने सुसाइड नोट में स्पष्ट किया था कि दोनों वेयरहाउस संचालकों ने उनके गोदाम से स्कंद को गायब कर दिया था, जिससे वह एक वर्ष से मानसिक तनाव में थे। आलोट पुलिस ने इस मामले में दोनों के विरुद्ध आत्महत्या के लिए उकसाने का प्रकरण दर्ज किया था।

**सह आरोपी परमार को मिली चुकी है जमानत :** मामले में एक महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि सह-आरोपी राजेश परमार को 10 जनवरी को हाईकोर्ट से जमानत मिल गई। यह इसलिए संभव हुआ क्योंकि परमार की जमानत याचिका के समय वेयरहाउस कॉरपोरेशन की वह महत्वपूर्ण रिपोर्ट अदालत में प्रस्तुत नहीं की गई थी, जिसमें स्कंद के गायब होने का विवरण था। मृतक के भतीजे सचिन शर्मा का आरोप है कि राजनीतिक संरक्षण के कारण पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी में विफल रही है। मनोज काला को पहले आलोट न्यायालय से जमानत नहीं मिली थी और अब हाईकोर्ट ने भी उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। घटना के 42 दिन बाद भी मनोज काला कानून की पकड़ से दूर है।

## संक्षिप्त समाचार

### छिंदवाड़ा आदिवासी आईटीआई में 76 गणतंत्र दिवस मनाया



मारुति लाल विशकर्मा

**छिंदवाड़ा।** स्थानीय आदिवासी आईटीआई मैं प्रतिवर्ष अनुसार शासन की मनसा अनुरूप इस वर्ष भी 76वा गणतंत्र दवस मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि मे जनप्रतिनिधि के रूप में पार्षद श्रीमती शोभना राय व पूर्व पार्षद संतोष राय आये थे । कार्यक्रम के अंतर्गत आदिवासी आईटीआई छात्र/छात्राओं द्वारा आदिवासी गानों पर सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी गयी जिसका सभी ने बहुत आनंद लिया । कार्यक्रम का संचालन श्री रविकांत सोनी, श्री नवीन सरयाम, श्री सत्येंद्र मोखलगाय एवं श्रीमती अलका उइके द्वारा किया गया तथा मंच संचालन श्री अनिल बरकडे द्वारा बहुत सुंदर तरीके से किया गया जिससे कार्यक्रम को एक सूत्र में बांधने का काम किया और प्रभारी प्राचार्य श्री दीपक राय के माध्यम से कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ ।

### संविधान पर केन्द्रीत प्रदर्शनी का आयोजन



नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरीया हिंदुस्तान

गणतंत्र दिवस की संध्या पर निषादराज भवन में आयोजित भारत पर्व कार्यक्रम के दौरान जिला जनसंपर्क कार्यालय श्योपुर द्वारा शासन की योजनाओं और संविधान पर केन्द्रीत प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल, सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर, नगपालिका अध्यक्ष श्रीमती रेणु सुजीत गर्ग, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री शंशाक भूषण, पूर्व जिला अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र जाट, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री नीरज जाट, भाजपा जिला महामंत्री श्री गिरधारी बैरवा, श्री मनीष नागौरी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी, कर्मचारियों तथा गणमान्य नागरिकों द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। मप्र की सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों पर आधारित फ्लैक्स बोर्ड गैलरी लगाई गई तथा संविधान पर केन्द्रीत प्रदर्शनी लगाई गई। यह प्रदर्शनी लोगों के आकर्षण का केन्द्र रही तथा बडी संख्या में नागरिकों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

### कौशल विकास एवं राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने किया औचक निरीक्षण

राजगढ़ ब्यूरो बृजमोहन कारपेंटर

**राजगढ।** जनपद पंचायत सारंगपुर के ग्राम पंचायत पटाडियाधाकड़ मैं कौशल विकास एवं राज्यमंत्री गौतम टेटवाल सुबह 10.30 की तकरीबन ग्राम पंचायत मैं पहुंच कर ओचक निरीक्षण किया ग्राम पंचायत व सोसाइटी देख कर प्रशंसा की ओर कहा कि मेरी विधानसभा क्षेत्र सारंगपुर में सभी विभाग अच्छे से कार्य कर रहे हैं यहां देखने के लिए पहुंचा हूं ग्राम पंचायत एवं सोसाइटी कर्मियों के कार्य के प्रति लगन से व्यवस्था में कोई कमी देखने को नहीं मिली आपको बता देंगे कि जैसे ही ग्रामीणों को मंत्री जी की गांव में आने की भन्नक लगी इतने में ग्रामीणजनो का ताता मंत्री से मिलने के लिए ग्राम पंचायत की ओर लग गया इस मौके पर सरपंच सुगनबाई जगदीशसिंह राजपूत कैलाश नारायण नागर जगदीश रूहेला हिंदूसिंह लोधी राधेश्याम कारपेंटर मनोज मालवीय आदि ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# शिवतला में 76 व गणतंत्र दिवस धूमधाम से मना

शैलेन्द्र चौहान दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान



**बाड़ी।** गणतंत्र दिवस की 76वी वर्षगाँठ पर शासकीय एकीकृत शा.हाई. स्कूल शिवतला में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। शाला परिवार द्वारा वरिष्ठ ग्रामीणों सहित पालकों को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिवतला ग्राम पंचायत के सरपंच श्रीमती प्रियंका चौहान रही, सचिव महरवान सिंह चौहान, सुरेन्द्र सिंह ठाकुर। वरिष्ठ अतिथि होशियार सिंह चौहान पूर्व मंडल अध्यक्ष, सरपंच प्रतिनिधि मीतेश चौहान ,सोहन सिंह , राजेश चौहान,(पप्पू भैया) ,श्याम सिंह ठाकुर ,योगेन्द्र सिंह चौहान ,दीपक चौहान ,धर्मेन्द्र चौहान (बब्लू भाई) ,एवं शाला प्राचार्य दिनेश कुमार साहू, श्रीमती अनुभा श्रीवास्तव, भारती साहू, शिवकुमार दीक्षित, राजेश कुमार लोधी, विक्रम ठाकुर , शिक्षक खुमान सिंह चौहान, शैलेन्द्र चौहान, एवं अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे । नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा आकर्षक प्रस्तुति दी गयी।बच्चों द्वारा देश भक्ति के गीत गाए गए। ढ़ोल बाजे के साथ आकर्षक रैली निकाली गयी। सरपंच महोदया द्वारा बच्चों को पुरुस्कार वितरित किये गए। कार्यक्रम के अंत में सभी को मिष्ठान वितरित किया गया। बच्चों को मिष्ठान के साथ साथ विशेष भोजन कराया गया। शाला प्रभारी दिनेश कुमार साहू द्वारा सभी का आभार प्रकट किया गया। शाला परिवार एवं सरपंच प्रतिनिधि की कार्यक्रम में सराहनीय भूमिका रही।

### संबल राहत राशि का भुगतान, सर्पदंश राहत राशि का भुगतान एवं सोयाबीन उपार्जन का भुगतान आदि विषयों पर आज होगी विशेष जनसुनवाई

राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा है आज 28 जनवरी को आयोजित होने वाली कलेक्टर जनसुनवाई में संबल राहत राशि का भुगतान, सर्पदंश राहत राशि का भुगतान एवं सोयाबीन उपार्जन का भुगतान आदि विषयों पर विशेष जनसुनवाई की जाएगी। इन तीनों विषयों से संबंधित आवेदक आज कलेक्टर जनसुनवाई में अपनी समस्या के समाधान कराने के लिए उपस्थित हो सकते।

# ग्राम पलकाश्री में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस समारोह

शैलेन्द्र चौहान दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान



**बाड़ी।** गणतंत्र दिवस की 76वी वर्षगाँठ पर शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला पलकाश्री में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। शाला परिवार द्वारा वरिष्ठ ग्रामीणों सहित पालकों को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पलकाश्री पंचायत के सरपंच श्री दिलीप सिंह पटेल (कल्लू पटेल ) रहे। वरिष्ठ अतिथि सेवा निवृत शिक्षक श्री रतन सिंह ठाकुर, श्री राम सिंह ठाकुर, श्री रमेश ठाकुर रहे। नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा आकर्षक प्रस्तुति दी गयी।बच्चों द्वारा देश भक्ति के गीत गाए गए। ढ़ोल बाजे के साथ आकर्षक रैली निकाली गयी। सरपंच महोदय एवं देवेन्द्र पटेल द्वारा बच्चों को पुरुस्कार वितरित किये गए। गाँव के वरिष्ठ नेत्रहीन श्री तुलसीराम दादा ठाकुर द्वारा बहुत ही सुन्दर देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में मुकद्दम श्री इंद्रजीत पटेल,श्री भगवान सिंह ठाकुर सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी को मिष्ठान वितरित किया गया। बच्चों को मिष्ठान के साथ साथ विशेष भोजन कराया गया। कार्यक्रम का संचालन मुकेश टैगोर द्वारा किया गया। शाला प्रभारी संतोष पुलिस्त्य द्वारा सभी का आभार प्रकट किया गया। शिक्षक राकेश ठाकुर, अतिथि शिक्षक सुरजीत ठाकुर एवं सत्यम ठाकुर की कार्यक्रम में सराहनीय भूमिका रही।

# प्रभारी मंत्री ने जिला स्तरीय कार्यक्रम में पम्मू मयूर राठौर को किया सम्मानित

## जिले के प्रभारी मंत्री ने मयूर को समाज सेवा के सम्मान से नवाजा



**बैतूल।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित जिला स्तरीय समारोह के दौरान जिले के प्रभारी मंत्री श्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने बैतूल बाजार के युवा समाजसेवी मयूर पम्मू राठौर को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। उल्लेखनीय है कि मयूर राठौर को समाज सेवा सम्मान उत्कृष्ट कार्य किए जाने पर मिला है। रक्तदान समिति के माध्यम से श्री राठौर जरूरतमंद मरीजों को रक्त उपलब्ध करवाने में सदैव आगे रहते हैं। हेल्पिंग मिशन नामक संस्था द्वारा युवाओं की टीम बनाकर गरीब बच्चों को कपड़े, शिक्षण सामग्री आदि के वितरण में भी पम्मू मयूर की महती भूमिका है। इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण के तहत गायत्री परिवार के साथ मिलकर पौधरोपण में अपनी टीम के साथ पूर्ण सहयोग किया जाता है। मयूर को सेवा सम्मान मिलने से नगर में हर्ष व्याप्त है। उनकी इस कामयाबी से अन्य युवाओं में भी सेवा कार्यों के प्रति ललक बढ़ी है। साथ ही मयूर राठौर को बैतूल बाजार नगर परिषद द्वारा कन्या शाला में आयोजित गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में भी सम्मानित किया गया।

# गणतंत्र दिवस पर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में कलेक्टर ने किया ध्वजारोहण

नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**सीहोर।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सीहोर प्रधान कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बैंक प्रधान कार्यालय में जिला कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक श्री प्रवीणसिंह अढाइच द्वारा समारोहपूर्वक तिरंगा फहराया गया । स्वतंत्रता दिवस पर बैंक परिसर में फूलों की आकर्षक रंगोली बनाई गई जो सबके आकर्षण का केन्द्र बनी रही। इसके पूर्व बैंक परिसर में जगमगाती रोशनी से साजसज्जा भी की गई। गणतंत्र दिवस पर बैंक प्रधान कार्यालय में कलेक्टर श्री अढाइच ने ध्वजारोहण किया और सभी कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर उपायुक्त सहकारिता श्री सुधीर कैथवास और बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री पी. एन. यादव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सभी ने उत्साह से राष्ट्रगान गाया। इसके पश्चात मीटिंग हाल में हुए कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री पी. एन. यादव ने सभी कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए बैंक हित में पूरी लगन और निष्ठा से लगातार कार्य करने के लिए प्रेरित किया। अपने विचार रखे एवं अपनी प्रस्तुति से स्वतंत्रता दिवस समारोह को उत्साहपूर्ण बना दिया। इस मौके पर बैंक कर्मचारियों में प्रभारी शाखा प्रबंधक हनीफ खान, अनिल सोलंकी, स्थापना अधीक्षक श्री प्रदीप उपाध्याय, मंसूरअली, श्रीमति रजनीगंधा राठौर, विजय राठौर, कृष्णमोहन वर्मा, प्रदीप गौतम, मनोज वर्मा, उदयसिंह राजपूत, महेश यादव, श्रीमति रचना गौतम, किश्वर खान, नितीश मेहता, प्रदीप राठौर, अंकुर परदेशी, देवर्षि माहौर, उमा त्यागी, मानसी वैद्य, सचिन व्यास, नंदिनी नामदेव, गंगाप्रसाद मीना, उमेश शर्मा, मुकेश मुकाती, गिरजेश कर्ण, जेपी शर्मा आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर बैंक कर्मचारियों को स्वल्पाहार के पश्चात मिठाई का वितरण भी किया गया। बैंक में हुए कार्यक्रम की विधिवत तैयारियां की गई थी एवं सभी कर्मचारियों को अलग-अलग दायित्व सौंपे गए जिनका सभी ने पूर्ण सजगता से निर्वहन किया। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमति रचना गौतम ने किया एवं अन्त में आभार प्रदर्शन श्री संजय भावसार द्वारा किया गया। सीईओ श्री पीएन यादव को प्रदेश स्तरीय सम्मान गणतंत्र दिवस पर पुलिस परेड ग्राउंड में हुए कार्यक्रम में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सीहोर के सीईओ श्री पी. एन. यादव को सीएम हेल्पलाईन 181 में जिले में सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिए कलेक्टर श्री प्रवीणसिंह अढाइच ने सम्मानित किया। श्री यादव का चयन प्रदेश स्तर से सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिए किया गया है। सम्मान कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक श्री दीपक शुक्ला एवं सीहोर विधायक श्री सुदेश राय प्रमुखता से उपस्थित रहे।

# सामूहिक रूप से मनाया गणतंत्र दिवस

राजगढ ब्यूरो बृजमोहन कारपेंटर



**राजगढ़।** जनपद पंचायत सारंगपुर के ग्राम पंचायत पटाडियाधाकड़ में सामूहिक रूप से शासकीय प्राथमिक विद्यालय में मनाया गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच सुगनबाई जगदीशसिंह राजपूत द्वारा मां सरस्वती जी के चित्र पर कुमकुम तिलक एवं दीप प्रज्वलित कर ध्वजारोहण किया इससे पहले सरपंच द्वारा ग्राम पंचायत एवं सोसाइटी में झंडा वंदन कर सामूहिक सांस्कृतिक कार्यक्रम में पहुंचे जहां स्कूली छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में रंगारंग मनमोहक प्रस्तुतियां दी वही स्कूली छात्रों में कबीर भजन गायन किया छात्र द्वारा एक नाट्य प्रस्तुत कर ग्रामीण क्षेत्रों में अंधविश्वास के चलते झाड फुक में विस्वास रख समय पर इलाज नही करवातें किसी को नजर जेसी अंधविश्वास के बारे में नाटक प्रस्तुत कर समझाया सरपंच सुगनबाई जगदीश सिंह राजपूत द्वारा मंच से घोषणा की की जो बच्चे अच्छे नंबरों से उत्तरीण होगा उनको पुरस्कार दिया जाएगा वही बोर्ड परीक्षा में जिले में टॉपर रहेगा उस छात्र छात्रा को 1 लाख रुपए नगद राशि दी जाएगी कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्र छात्रों को प्रशंसा पत्र देखकर सम्मानित किया कार्यक्रम उपरांत सभी को प्रसाद वितरण की गई इस मौके पर शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मिडिल स्कूल प्राइमरी स्कूल शांति इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल सरस्वती विद्या मंदिर मास्टर टैलेंट स्कूल पशु चिकित्सालय आदि का समस्तस्टाफ आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं बिजली विभाग आदि सभी कर्मियो सहित पत्रकार को प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गांव के वरिष्ठ नागरिक सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# पीएम श्री नवोदय विद्यालय में 76 वा गणतंत्र दिवस गरिमामय तरीके से मनाया गया



दिनेश शुक्ला, दैनिक केसरिया हिंदुस्तानी

**आलोट।** स्थानीय पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय आलोट में 76वा गणतंत्र दिवस गरिमामयी रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया,सर्वप्रथम विद्यालय प्राचार्य शान्तिलाल तेली द्वारा ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली गयी,परेड का नेतृत्व मा.नागेश्वर चंद्रवंशी द्वारा किया गया जबकि परेड का प्रशिक्षण पीईटी इनाम अली द्वारा किया गया,विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा खेल प्रशिक्षक परवेज खान एवं पदमिनी मोहंता के प्रशिक्षण में आकर्षक पी टी प्रदर्शन किया। पी टी प्रदर्शन के पश्चात प्राचार्य एवं उप प्राचार्य एवं वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में श्रेष्ठ कार्य करने वाले शिक्षकों का स्वागत किया गया,विद्यार्थियों द्वारा फ्लैग ड्रील एवं आदिवासी नृत्य की आकर्षक रंगारंग प्रस्तुति दी। इस अवसर पर प्राचार्य शान्तिलाल तेली ने अपने संदेश में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को सतत कार्य मे रत रहते हुये देश सेवा का प्रण कराया साथ ही गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की,गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या से विद्यालय में आकर्षक लाइटिंग एवं साज सज्जा का कार्य एम आर मीणा एवं जितेंद्र पाटीदार द्वारा सम्पन्न किया गया। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय आलोट की ओर से मंडी प्रांगण आलोट में भी संगीत शिक्षक गजानन रणदिवे के नेतृत्व में विद्यालय की छात्राओं द्वारा राष्ट्रगान एवं योगा शिक्षक संतोष बमहुरे के मार्गदर्शन में योगा डांस भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के पश्चात विद्यार्थियों को मिष्ठान्न वितरण किया गया,कार्यक्रम का संचालन राजाराम चौधरी द्वारा किया गया।

# नवभारत साक्षरता अभियान अंतर्गत अक्षर मित्रों का किया सम्मान

## एकीकृत माध्यमिक शाला सोना घाटी में कार्यक्रम आयोजित



**बैतूल।** एकीकृत माध्यमिक शाला सोना घाटी में सोमवार को नवभारत साक्षरता अभियान अंतर्गत अक्षर मित्रों का सम्मान किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में के.के.मालवीय, विशेष अतिथि हेमंत पालीवाल, बिन्दु मालवीय उपस्थित थी। सर्वप्रथम अतिथियों ने मां सरस्वती के छायाचित्र समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान अतिथियों को शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। शिक्षिका शक्ति सक्सेना ने बताया कि जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण की ओर से नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के असाक्षर लोगों को साक्षर बनाने पर जोर दिया जा रहा है। जिसमें असाक्षर लोगों को महत्वपूर्ण जीवन कौशल के माध्यम से मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता का ज्ञान प्रदान किया जाता है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में अक्षर मित्र कु.कविता कवड़े, श्री बलवंत खातरकर, श्रीमती सोनम अतुलकर को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया है। इन अक्षर मित्रों द्वारा 2022 में निरक्षरों का सर्वे करने के पश्चात इनका रजिस्ट्रेशन किया गया। इन निरक्षरों की कक्षा लगवा कर शिक्षा प्रदान की जाती है। इस अवसर पर प्रधानपाठिका श्रीमती अर्चना सलामे, शिक्षक धारा देवी नरवारे, श्रीमती धोटे, श्री झरबड़े, अरुण सोनी, संध्या सोनी सहित स्कूली विद्यार्थी, ग्रामीण जन, चंदेल परिवार उपस्थित था।

### मुख्यमंत्री डॉ यादव को शुभकामनाएं की प्रेषित

राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**दमोह।** राजभवन में गणतंत्र दिवस के अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल द्वारा गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें म.प्र. राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण कुसमरिया ने शामिल होकर राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को शुभकामनाएं प्रेषित की साथ ही भाजपा प्रभारी हितानंद शर्मा और विष्णुदत्त शर्मा को भी शुभकामनाएं प्रेषित की।

# लोकतंत्र का लोक उत्सव भारत पर्व संपन्न, बुंदेलखण्डीय बधाई गीत सहित देशभक्ति गीतो की प्रस्तुतीयां

नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001




लोक तंत्र के लोक उत्सव भारत पर्व का आयोजन बीती रात्रि को निषादराज भवन जिला पंचायत परिसर श्योपुर में उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर श्री ज्ञान सिंह कुशवाह गुना एवं श्री अभय मौर्य की टीमों द्वारा बुंदेलखण्डीय, देशभक्ति गीतो की प्रस्तुती दी गई। साथ ही बुंदेलखण्डीय बधाई नृत्य का मनमोहक प्रदर्शन किया गया। स्थानीय युवा कलाकारों में शामिल एवं राजा मानसिंह तोमर संगीत विश्वविद्यालय ग्वालियर से संगीत में स्नातक श्री प्रख्यात भटनागर एवं एमआईटी पुणे से हिन्दुस्तानी क्लासीकल म्यूजिक में पोस्ट ग्रेजुऐट श्री इल्तीमाश खान ने देशभक्ति गीतों पर प्रस्तुती देकर संमा बांधा। इस अवसर पर तानसेन संगीत समारोह में अपनी प्रस्तुती प्रदान कर चुके पंडित श्री सुरेश कुमार राय ने भी देशभक्तिपूर्ण गीतों की प्रस्तुती दी। इनके साथ कु. नवनीता गागुंली ने तबले पर संगत दी। गणंतत्र दिवस की संध्या पर आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल, सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर, नगपालिका अध्यक्ष श्रीमती रेणु सुजीत गर्ग, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री शंशाक भूषण, पूर्व जिला अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र जाट, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री नीरज जाट, भाजपा जिला महामंत्री श्री गिरधारी बैरवा, श्री मनीष नागौरी, एसडीएम श्री मनोज गढवाल, डिप्टी कलेक्टर श्री संजय जैन, श्री वायएस तोमर, सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण श्री लालजीराम मीणा, डीपीओ महिला बाल विकास श्री ओपी पाण्डेय, डीपीएम एनआरएलएम श्री सोहनकृष्ण मुदगल, श्रीमती राजेश शर्मा सहित विभिन्न विभागो के अधिकारी, कर्मचारी तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सहायक जनसंपर्क अधिकारी सुश्री अवंतिका श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण के साथ की गई तथा स्वराज संस्थान संचालनालय मप्र शासन संस्कृति विभाग की ओर से अपनी प्रस्तुती देने आये लोक कलाकारो सहित स्थानीय युवा कालाकारो का शॉल पहनाकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। भारत पर्व कार्यक्रम के प्रारंभ में श्री ज्ञान सिंह कुशवाह गुना द्वारा बुंदेलखण्ड शैली में मॉ शारदेय की स्तुती की प्रस्तुती की गई तथा बुंदेलखण्डीय शैली में अपने गीतो से कार्यक्रम में संमा बांध दिया। इसके साथ ही श्री अभय मौर्य सागर की टीम द्वारा बुंदेलखण्ड के लोकप्रिय नृत्य बधाई की मनमोहक प्रस्तुती दी गई। इस अवसर पर स्थानीय युवा श्री इल्तीमाश खान द्वारा बाजे मुरलिया बाजे भजन से अपनी प्रस्तुती की शुरूआत की गई। इस अवसर पर उन्होने स्व रचित गीत प्यारो लागे रे म्हारो मध्यप्रदेश गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। देशभक्ति गीत ऐ मेरे प्यारे वतन-तुझ पे दिल कुरबान की प्रस्तुती भी दी। श्री प्रख्यात भटनागर ने गिटार पर अपने गीतों की प्रस्तुतियों पर खूब तालिया बंटोरी, ए गुजरने वाली हवा जरा और ऐ वतन मेरे वतन, तेरी मिट्टी में मिल जांवा जैसे देशभक्ति के रंग में रंगे गीतों की आकर्षक प्रस्तुतियों पर श्रोताओ में देशभक्ति का जज्बा भर दिया। पंडित श्री सुरेश राय ने भी है प्रीत यहां की रीत सदा जैसे देशभक्ति गीत प्रस्तुत किये। उन्होने ऐसी लागी लगन मीरा हो गई मगन भजन की शानदार प्रस्तुती भी दी!

# राजगढ़ पुलिस परेड ग्राउंड में हुआ राष्ट्रीय कार्यक्रम गणतंत्र दिवस समारोह

राजगढ़ ब्यूरो बृजमोहन कारपेंटर



राजगढ़ के परेड ग्राउंड में 26 जनवरी को 76वां गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कलेक्टर गिरीश मिश्रा ने राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर परेड की सलामी ली। इस मौके पर उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का संदेश वाचन किया। गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में मंच पर पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा के साथ जिले के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। राजगढ़ परेड ग्राउंड में विशेष सशस्त्र बल जिला पुलिस बल होमगार्ड और महिला पुलिस बल की टुकड़ियों ने शानदार मार्चपास्ट और हर्ष फायरिंग की स्कूली छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जिसमें संस्कार एकेडमी पचोर की छात्राओं ने मनमोहक देशभक्ति गीतों की धुन प्रस्तुत की कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का सम्मान किया। साथ ही सीएम राइज स्कूल और पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के छात्रों ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी कार्यक्रमों के बाद विभिन्न विभागों ने शासन की योजनाओं और उपलब्धियों पर आधारित आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की। इनमें जिला पंचायत महिला एवं बाल विकास, जल जीवन मिशन कृषि स्वास्थ्य शिक्षा, उद्योग और पशुपालन विभाग की झांकियां शामिल थीं।

**छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया :** कार्यक्रम का संचालन उत्कृष्ट स्कूल के शिक्षक मुकेश पिपलोटिया और शिक्षिका उमा सक्सेना ने कुशलता से किया। रंगारंग प्रस्तुतियों के अंत में कलेक्टर गिरीश मिश्रा ने प्रतिभागी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के अवसर पर उनकी उपस्थिति रही- सांसद रोडमल नागर विधायक अमर सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह चौंधिया पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा और नपा अध्यक्ष विनोद साहू समेत कई जनप्रतिनिधि अधिकारी गणमान्य नागरिक और नगरवासी उपस्थित थे।

# श्योपुर जिले की युवा जाट समाज की कार्यकारिणी घोषित की

नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



समाज के सभी युवा साथियों के सानिध्य में जिला श्योपुर की, युवा जाट समाज की कार्यकारिणी घोषित की गई जिसमें,रिंकू चौधरी जी ददूनी को जिला संयोजक,परमेश्वर रायपुर को जिला अध्यक्ष घोषित किया गया,रिंकू चौधरी परमेश्वर रायपुर ने समाज को एक सूत्र में बांधने का संकल्प लिया, कार्यक्रम में बाहर से पधारे हुए अतिथि भी मौजूद रहे, समाज के सभी युवा साथियों ने आगे की रूपरेखा तैयार करते हुए समाज में जितने भी बालक बालिकाएं स्टूडेंट शिक्षा के क्षेत्र में खेल कूद के क्षेत्र में सामाजिक कार्यक्रम में सामाजिक संगठनों में तथा देश हित में जिन जिन समाज के युवा साथियों ने स्टूडेंटों ने अपनी भूमिका निभाई है उन सभी को सामाजिक मंच पर एक साथ बुलाकर समाज के वरिष्ठ बुजुर्गों के द्वारा मान सम्मान में सामाजिक ट्रॉफी देकर सम्मान किया जाएगा और भी समाज की कहीं कुरीतियों को मिटाने का भी संकल्प लिया गया जैसे स्मैक के क्षेत्र में गांजे के क्षेत्र में समाज का कोई भी युवा अगर नशा तस्करी करता हुआ पकड़ा गया या नशा करता हुआ पकड़ा गया तो उसे पर समाज की तरफ से दंड रखा जाएगा तथा तथा नशा करने वालों पर कार्रवाई करने के लिए समाज पूर्ण तरह भूमिका निभाएगा, इसी तरह सामाजिक कार्यक्रमों में एवं भूमिका निभाते हुए कहीं योजनाएं बनाई गई।

## कृषि केंद्र में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र डॉ. मनोज कुमार अहिरवार हुए सम्मानित



राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**दमोह।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल, पूर्व वित्तमंत्री एवं विधायक जयंत कुमार मलैया एवं कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र दमोह डॉ. मनोज कुमार अहिरवार को उनके द्वारा दमोह जिले में कृषि के क्षेत्र में किये गये नवाचार के लिये उत्कृष्ट कार्य से सम्मानित किया है।

# सांची जनपद की ग्राम पंचायत चिलवाह में पीएम जनमन आवास के हितग्राहियों के घर पहुंचे महामहिम राज्यपाल मंगू भाई पटेल


(मदन राजपूत)



**रायसेन।** जिले की सांची जनपद के अंतर्गत ग्राम चिलवाहा में आयोजित संवाद कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल को कलेक्टर अरविंद दुबे ने अवगत कराया कि प्रधानमंत्री जनमन योजना में सांची जनपद के 22 ग्राम शामिल हैं। यहां सहरिया जनजाति निवास करती है जिन्हें पीएम जनमन योजना के तहत अनेक योजनाओं का लाभ दिया गया है।आगे बताया कि चिलवाहा में 174 सहरिया जनजाति के परिवार हैं जिनमें 796 सदस्य है। यहां सभी 796 सदस्यों के आधार कार्ड,जाति प्रमाण पत्र,आयुष्मान कार्ड बने हैं। सभी 174 परिवारों को प्रधानमंत्री उज्जलवा योजना,प्रधानमंत्री आवास योजना, खाद्यान्न पात्रता पर्ची सहित सभी योजनाओं का लाभ दिया गया है। साथ ही शासन की मंशानुरूप सभी पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। सांची जनपद के दीवानगंज और आसपास के क्षेत्र में कुल 1712 सहरिया जनजाति के परिवार हैं और उन्हें इन सभी योजनाओं का लाभ दिया गया है।

**पीएम जनमन योजना के हितग्राहियों के घर पहुंचे महामहिम राज्यपाल :** महामहिम राज्यपाल मंगुभाई पटेल जनमन ग्राम चिलवाहा में जनसंवाद के पहले,प्रधानमंत्री जनमन योजना के हितग्राहियों के घर भी पहुचें और योजना का लाभ मिलने के बाद जीवन में आए बदलाव को देखा। राज्यपाल मंगुभाई पटेल सर्वप्रथम पीएम जनमन हितग्राही श्रीमती श्यामा बाई तथा उनकी पुत्री हितग्राही श्रीमती प्रिया बाई के घर पहुंचे। यहां राज्यपाल पटेल का स्वागत श्रीमती श्यामा बाई ने तिलक लगाकर और आरती कर किया। श्रीमती श्यामा बाई ने राज्यपाल को प्रधानमंत्री जनमन योजना का लाभ मिलने तथा लाभ मिलने के बाद जीवन में आए बदलाव के बारे में बताते हुए केन्द्र और प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया। राज्यपाल पटेल को चाय पिलाई तथा स्वयं के द्वारा बनाई खीर भी खिलाई। राज्यपाल द्वारा श्रीमती श्यामा बाई तथा श्रीमती प्रिया बाई के पीएम जनमन आवास का भ्रमण भी किया गया।

# गुढ़ थाना प्रभारी शैल यादव ने 76 गणतंत्र दिवस के अवशर पर गुढ़ थाने में किया ध्वजारोहण



भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

थाना प्रभारी में दिया सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं गुढ़ थाने में आज थाना प्रभारी महोदय शैल यादव ने ध्वजारोहण किया जहां गुढ़ थाने के समस्त स्टाफ मौजूद रहे और उन्होंने झंडा फहराते हुए तिरंगे को सलामी देते हुए ध्वजारोहण किया गया। जहां ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान का वादन करते हुए तिरंगे झंडे का अभिवादन करते हुए सभी का मुंह मीठा कराया गया। ध्वजारोहण में गुढ़ थाना प्रभारी शैल यादव, उपनिरीक्षक रामकुमार पाण्डेय, स.उ. निरक्षक सुरेश साकेत, रन्नूदेवी, प्रधान आरक्षक राकेश वर्मा, अयोध्या प्रजापति, विष्णु प्रजापति, पुरूषोतम सिंह, रामरतन वर्मा, आरक्षक मयंक गौतम, मनोज निनामा, अमर बागरी, अनिल दाहिया, राजकुमार गुप्ता,महिला आरक्षक अनामिका द्विवेदी, नगर सैनिक संतोष मिश्रा, गौरी शंकर पाण्डेय, राजेश सिंह, सहित आस पास के लोग भी मौजूद थे जिन्होंने गुढ़ थाने में ध्वजारोहण किया।

# उप मुख्यमंत्री ने बच्चों के साथ मध्यान्ह भोजन ग्रहण किया





भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल गणतंत्र दिवस के अवसर पर हाई स्कूल चोरहटा में आयोजित विशेष मध्यान्ह भोजन में शामिल हुये। उन्होंने बच्चों के साथ विशेष मध्यान्ह भोजन ग्रहण किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ दी। मध्यान्ह भोजन में सांसद श्री जनार्दन मिश्र, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, नगर निगम अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र गुप्ता, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, प्रभारी कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, एडिशनल एसपी विवेक लाल, एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, सहायक कलेक्टर प्रपंज आर, तहसीलदार शिवशंकर शुक्ला, संयुक्त संचालक शिक्षा केपी तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी सुदामालाल गुप्ता, शिक्षकगण तथा विद्यार्थी शामिल हुए।

# भोपाल के एमपी नगर में बन रहा ब्रिज; नीचे से भी गुजरेंगी गाड़ियां

**भोपाल।** भोपाल के एमपी नगर में डीबी सिटी मेट्रो स्टेशन से फुट ओवरब्रिज (एफओबी) जुड़ेगा। इसके बाद यात्री स्टेशन से उतरकर सीधे डीबी मॉल आ-जा सकेंगे। इस ब्रिज के स्ट्रक्चर को पिलर पर रख दिया गया है। सोमवार को दूसरे स्ट्रक्चर का काम भी शुरू हो गया। फरवरी में इसका काम पूरा हो जाएगा। फुटओवर ब्रिज से लोग मेट्रो स्टेशन से बाहर निकल सकेंगे और सीधे डीबी मॉल में जा सकेंगे। इस स्ट्रक्चर के नीचे सड़क है। वहीं, ऊपर डॉ. भीमराव अंबेडकर ब्रिज (जीजी फ्लाईओवर) है। ऐसे में एफओबी के ऊपर और नीचे से गाड़ियां गुजर सकेंगी। जानकारी के अनुसार, डीबी सिटी स्टेशन का यह दूसरा एंट्री-एग्जिट पॉइंट होगा। जिसे स्टेशन की विपरीत दिशा में सड़क के दूसरी ओर (डीबी सिटी मॉल तरफ) बनाया जा रहा है। स्टेशन और एंट्री-एग्जिट बिल्डिंग को फुट ओवरब्रिज से जोड़ा जाएगा। मेट्रो स्टेशन जाने या इससे बाहर निकलने के लिए यात्रियों को इसी एफओबी से होकर गुजरना पड़ेगा। एफओबी करीब 20 मीटर लंबा है, जो जीजी फ्लाईओवर से डेढ़ मीटर नीचे और सड़क से करीब 7 मीटर ऊपर बनाया गया है।

# पनवार थाना प्रभारी प्रवीण उपाध्याय ने 76 गणतंत्र दिवस के अवशर पर पनवार थाने में किया ध्वजारोहण




भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**रीवा।** पनवार थाने में आज थाना प्रभारी महोदय प्रवीण उपाध्याय ने ध्वजारोहण किया जहां पनवार थाने के समस्त स्टाफ मौजूद रहे और उन्होंने झंडा फहराते हुए तिरंगे को सलामी देते हुए ध्वजारोहण किया गया। जहां ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान का वादन करते हुए तिरंगे झंडे का अभिवादन करते हुए सभी का मुंह मीठा कराया गया। ध्वजारोहण में पनवार थाना प्रभारी प्रवीण उपाध्याय, सहायकउपनिरीक्षक शोभा सिंह, प्रधान आरक्षक श्रीनाथ सिंह, आरक्षक केके शर्मा राकेश वर्मा, रिंकू सिंह आरक्षक नितिन कुमार शंभू बिंद महिला आरक्षक कनिष्का पांडेय सैनिक सीपी सिंह सहित आस पास के लोग भी मौजूद थे जिन्होंने पनवार थाने में ध्वजारोहण किया।

# कार्यकर्ताओं की मेहनत , वरिष्ठ जनों के सहयोग सहित मोदी की गारंटी और सुशासन की सरकार , बनेगी निकाय व त्रि-स्तरीय चुनाव में प्रचंड जीत की वजह : देवेंद्र तिवारी

## गायत्री सिंह और सभी 15 वार्ड पार्षद प्रत्याशियों की नामांकन रैली 28 को,, शामिल होंगे दिग्गज नेता सैकड़ों कार्यकर्ता और समर्थक - कृष्ण बिहारी जायसवाल

देबाशीष गांगुली (संवाददाता । दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)



**कोरिया।** जैसा की प्रदेश में आगामी फरवरी माह में नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव सम्पन्न होना है और जिसकी पूरी तैयारी भाजपा संगठनात्मक तौर तरीके पर दुरुस्त कर चुकी है। सभी जिलों में चुनाव प्रभारी नियुक्त किए जा चुके हैं । उसी तारतम्य में कोरिया जिले में भी भारतीय जनता पार्टी ने नव निर्मित पटना नगर पंचायत के लिए अपने सभी प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। भारतीय जनता पार्टी पटना नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए पटना की पूर्व व वर्तमान सरपंच श्री मति गायत्री सिंह सहित सभी 15 वार्डों के पार्षद प्रत्याशियों को चुनावी मैदान में उतार दिया है। अवगत करा दें की पटना नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर भाजपा से प्रत्याशी बनाई गईं ।गायत्री सिंह पटना क्षेत्र की काफी लोकप्रिय जनप्रतिनिधि रहीं हैं। और जिन्हें प्रत्याशी बनाए जाने पर क्षेत्र के लोगों में काफी उत्साह का माहौल बना हुआ है। जहां एक तरफ भाजपा ने पटना नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर गायत्री सिंह को मैदान में उतारकर अध्यक्ष पद पर अपनी दावेदारी को जीत के मुहाने पर ला चुकी है, तो वहीं जिले के तमाम भाजपा नेताओं ने भी चुनावी बिगुल फूंक दिया है और क्षेत्र में पूरी मुस्तैदी से रणनीति साधने में जुट गए हैं। संगठनात्मक गतिविधियों के मद्देनजर भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने कहा की जिस तरह मोदी की गारंटी और विष्णुदेव साय की सुशासन की सरकार में हमने एक तरफा बहुमत के आंकड़ों को पारकर विधानसभा 2023 और लोकसभा चुनाव 2024 में ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। सरकार ने शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में भी प्रगति की है। नई शिक्षा नीति का उद्देश्य रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम उपलब्ध कराना है, जिसके तहत नालंदा के 13 परिसरों का विकास किया जा रहा है। 68 लाख परिवारों को मुफ्त राशन वितरण के साथ-साथ सड़क, रेलवे और हवाई सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए बुनियादी ढांचा परियोजनाओं से रोजगार के अवसर बढ़े हैं। 31,000 करोड़ रुपये की एक बड़ी सड़क परियोजना को मंजूरी दी गई है। सुरक्षा और नक्सली मुद्दों पर पिछले साल मुठभेड़ों में सैकड़ों नक्सली मारे गए और हजारों ने आत्मसमर्पण किया। कोरिया भाजपा के जिला महामंत्री व पटना नगर पंचायत चुनाव प्रभारी पंकज गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया की पटना नगर पंचायत चुनाव की तैयारियों को लेकर जिले सहित पटना मंडल में बैठकें की जा चुकी हैं ।और सभी प्रत्याशी सहित भाजपा कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर चुनावी तैयारियों में जुट गए हैं पंकज गुप्ता ने बताया की 28 तारीख को प्रत्याशियों की नामांकन रैली निकाली जाएगी तत्पश्चात नामांकन दाखिल किया जाएगा। नामांकन रैली में बैकुंठपुर विधायक भईया लाल राजवाड़े,पूर्व केंद्रीय मंत्री व वर्तमान विधायक भरतपुर सोनहत रेणुका सिंह,भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी,पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल,नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के कोरिया जिला प्रभारी मुकेश तिवारी सहित भाजपा कोरिया के दिग्गज नेता व सैकड़ों कार्यकर्ता रहेंगे शामिल।

## जय बापू जय भीम संविधान बचाओ महु विशाल रैली सभा में जिला सेवादल अध्यक्ष खंगराले के नेतृत्व में भारी संख्या में पहुंचे कार्यकर्ता



नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**सीहोर।** सोमवार, 27 जनवरी 2025 को इन्दौर जिले की मऊ तहसील में जय बापू जय भीम संविधान बचाओ महु विशाल रैली सभा में जिला सेवादल अध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले के भारी संख्या में सेवादल कांग्रेस के कार्यकर्ता पहुंचे। इस अवसर पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष मलिकार्जुन खडगे, सांसद राहुल गांधी, सांसद प्रियंका गांधी, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, कमलनाथ, म.प्र.कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतु पटवारी, प्रदेश सेवादल कांग्रेस के अध्यक्ष योगेश यादव, सांसद, विधायकों ने संविधान बचाओ की कार्यकर्ताओं को शपथ दिलाई महु कार्यक्रम में सेवादल कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र खंरगाले, जिला महामंत्री दीपक सोनकर के नेतृत्व में भारी संख्या में सीहोर जिले के सेवादल कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बढ़चडक़र हिस्सा लिया।

# एसबीएस विद्यालय में बड़ी धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

## परिवार और समाज की तरक्की का मार्ग है शिक्षा

## खाटू श्याम की कृपा से सेठ की मिली उपाधी

## एसबीएस विद्यालय के प्रबंधक समिति के द्वारा पत्रकारों का किया गया सम्मान

केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव

एटा भारत को आजादी दिलाने में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर सपूतों के बलिदान का परिणाम है कि भारत 15 अगस्त 1947 को आजाद हुआ लेकिन पूर्ण आजादी हम भारतीयों को 26 जनवरी 1950 को मिली जब हमारे देश का संविधान लागू हुआ उक्त विचार व्यक्त करते हुए कहा कि एसबीएस के प्रांगण में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में मुकेश यादव सेठ ने बताया कि भारतीय संविधान दुनिया के सभी देशों में संविधान से बड़ा है इस संविधान को बनाने वाले विद्वानों के अदम्य में कर्तव्य से ही यह संभव हुआ है कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री निर्दोष सिंह सेंगर थाना प्रभारी अलीगंज ने सर्वप्रथम ध्वजारोहण किया तदोपरांत राष्ट्रीय गान गाकर तिरंगे को सलामी दी विद्यालय में उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं अभिवावकों के अलावा गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थित को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी ने कहा कि सर्वप्रथम देश की आजादी और अमर सपूतों को श्रद्धांजलि देते हुए उनको नमन किया उन्होंने बताया कि यह आजादी हमें कितने बलिदानी सपूतों के खून के त्याग से मिली है इस बलिदान को कभी भी नहीं भुलाया जा सकता थाना अध्यक्ष ने कहा कि 26 जनवरी को राष्ट्रीय पर्व हर हिंदुस्तानी के लिए गौरवशाली दिन है उन्होंने गलारपुर जैसे गांव में शिक्षा के मंदिर की स्थापना से



प्रभावित होते हुए कहा कि शिक्षित परिवार और समाज से ही राष्ट्र के निर्माण की नियुक्ति हुई है मुकेश यादव मुका सेठ अंबानी ने कहा की भगवान श्री कृष्ण ने कहा था कि गरीब दलित पीड़ितों की मदद करना सब से बड़ी पूजा है अध्यात्म की परिभाषा भी यही कहती है कि दीन दुखियों की निस्वार्थ भाव से सेवा करना ही अध्यात्म है उन्होंने एसबीएस विद्यालय के प्रबंधक मंडल को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम इस विद्यालय की उन्नति के लिए जो भी होगा वह कार्य पूरा करूंगा वेदनाओं को व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे क्षेत्र का दुर्भाग्य है कि यहां जनप्रतिनिधियों ने इस क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को बढ़ाने में कोई योगदान नहीं किया अंत में उन्होंने विद्यालय प्रांगण में उपस्थित सभी गणमान्य

व्यक्तियों से अपील करते हुए कहा कि अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने पर विशेष ध्यान दें भविष्य के साथ देश की तरक्की के लिए बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने पर विशेष ध्यान दें गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में अपने व्यस्तम वजह से ही देर से पहुंचे खेद प्रकट करते हुए कहा कि अगली बार सर्वप्रथम इस विद्यालय में आकर आप सभी के मध्य विचार विमर्श करूंगा। सेठ मुकेश यादव ने गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में मौजूद सभी समाज को संबोधित करते हुए कहा कि मैंने बहुत ही विषम परिस्थितियों का सामना कर आज इस मुकाम पर पहुंचा हूं कि लोग और नौजवान युवक पीढ़ी मुझे बहुत ही ज्यादा प्रेम करती है उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान को 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया था जिसके परिणाम स्वरुप भारतीयों को पूर्ण आजादी मिली अपने बच्चों की अच्छी से अच्छी शिक्षा दिलाने के लिए आगे आए और मैं आपको भरोसा दिलाता हूं कि जहां भी मेरी जरूरत जरूरत पड़ेगी मैं आपके बच्चे के भविष्य के लिए खड़ा मिलूंगा अंत में विद्यालय प्रबंधन समिति का आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय के उज्जवल भविष्य की कामना की इस मौके पर उपस्थित रहे समस्त पत्रकार बंधु एवं विद्यालय के स्टाफ के अलावा क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्ति रहे मौजूद।

# कौशांबी में जगह जगह धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

गणेश वर्मा ब्यूरोचीफ कौशाम्बी
केसरिया हिंदुस्तान




**कौशांबी।** करारी क्षेत्र के विभिन्न सरकारी, गैर सरकारी संस्थाओं ने बड़े धूमधाम से 76वां गणतंत्र दिवस मनाया।ध्वजा रोहण के साथ राष्ट्रगान ,देशभक्ति गीत भाषण और सांस्कृत कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्थानीय कस्बे के नयागंज में स्थित रिज़वी डिग्री कॉलेज में बहुत ही धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाया गया। रिज़वी डिग्री कॉलेज के सचिव कर्रार हुसैन उर्फ राशिद रिज़वी ने कॉलेज परिसर में ध्वजारोहण किया। इसके साथ ही राष्ट्रगान पढ़ा। भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्होंने दीप प्रज्वलित किया।उन्होंने बताया की 1930 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने ब्रिटिश शासन से पूर्ण स्वतंत्रता की मांग करते हुए करते हुए इस दिन को पूर्ण स्वराज दिवस घोषित किया था बाद में बाद में 26 जनवरी 1050 को भारत का संविधान लागू हुआ। जिसने हमारे भारत देश को एक संप्रभु,लोकतांत्रिक गणराज्य बनाया। उन्होंने कॉलेज परिसर में उपस्थित अध्यापक समूह ,छात्र /छात्राओं को मिठाई वितरित किया।इस दौरान धर्मेंद्र पाण्डेय, आलोक श्रीवास्तव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

इसी प्रकार नेता नगर मोहल्ले में स्थित मदर इंडिया इण्टर कॉलेज में 76वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।विद्यालय प्रधानाचार्य सय्यद सरफराज हुसैन ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान पढ़ा।विद्यालय में गणतंत्र दिवस के अवसर पर बच्चों ने सरस्वती वन्दना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें नृत्य, गायन, नाटक और भाषण शामिल थे।बच्चों ने अपने कार्यक्रमों के माध्यम से देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। उन्होंने अपने प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बच्चों को देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने बच्चों को अपने देश के प्रति गर्व और सम्मान की भावना को जगाने के लिए प्रेरित किया। इसके अध्यापकों ने बच्चो, अभिभावकों को मिठाइयां बांटी।

इसी तरह करारी मदरसा जामिया इमदादुल उलूम में प्रधानाचार्य मोहम्मद इमरान ने ध्वजारोहण किया।इसका साथ ही गणतंत्र दिवस का इतिहास बताया। तदुप्रांत बच्चो में मिठाइयों वितरित किया। इसी तरह दरियापुर मझियांवा स्थित अल हेदया चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल में प्रधानाध्यापक जैगम अब्बास रिज़वी ने ध्वजारोहण करके राष्ट्रगान पढ़ा। बच्चो ने नाटक के माध्यम से सांस्कृतिक झांकियां पेश कर दर्शकों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि करारी नगर पंचायत के चेयरमैन शमशाद बख्श व विशिष्ट अतिथि कोखराज थाना प्रभारी चंद्रभूषण मौर्य ने बच्चों को पुरस्कार देकर उत्साहित किया।इस दौरान छात्र-छात्राओं के अलावा सैकड़ो की संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।इसी तरह करारी क्षेत्र के सादिकपुर सेमरहा गांव स्थित जे पी एस पब्लिक स्कूल परिसर में विद्यालय के प्रबंधक मुलायम सिंह यादव ने ध्वजा रोहण कर राष्ट्रगान गाया।इसके बाद बच्चो ने नाटक के माध्यम से सांस्कृतिक झांकियां पेश कर दर्शकों का मन मोह लिया।कार्यक्रम समापन के बाद मिष्ठान वितरित किया गया।इस मौके पर सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे। इसी तरह क्षेत्र के महेंद्र गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य मोहम्मद अहमद ने ध्वजा रोहण कर राष्ट्रगान गाया।साथ ही लड्डू वितरित किए। तो वहीं क्षेत्र के ही सालेपुर प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य रंजीत कुमार ने ध्वजा रोहण कर राष्ट्रगान पढ़ा और बच्चो में मिष्ठान वितरित किए। इसके अलावा क्षेत्र के तियरा जमालपुर गांव स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय परिसर में प्रधानाचार्य हरी शंकर ने ध्वजा रोहण कर राष्ट्रगान पढ़ा साथ ही बच्चो में मिठाई वितरित किए। जिलेभर में जगह जगह ध्वजा रोहण का कार्यक्रम बहुत ही शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।

# कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहब अंबेडकर का अपमान किया- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव



**इंदौर।** मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के समापन अवसर पर इंदौर के गांधी नगर में वृहद कार्यक्रम का आयोजन, इंदौर और उज्जैन संभाग के हितग्राहियों को दिए गए प्रमाण पत्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार सुबह हितग्राही सम्मेलन में पहुंचे। उन्होंने कार्यक्रम में विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभांवित हितग्राहियों को हितलाभ के प्रमाण पत्र वितरण किए। गांधी नगर चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम में सीएम ने कहा हम जिन आदर्श को मानते हैं। उनकी तिथियों का भी महत्व है। बाबा साहब अंबेडकर की जयंती या पुण्यतिथि पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष कभी महू नहीं आए। कांग्रेस के लोग जब भी आते हैं आंखों में धूल झोंकने आते हैं। बाबा साहब ने संविधान दिया तो आना चाहिए तो 26 जनवरी को आते, आज क्यों आए हैं। बाबा साहब के साथ जीवन भर अन्याय करने वाली पार्टी कांग्रेस रही है।

यादव ने कहा कि पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने दो दो बार बाबा साहब को हरवाने के लिए पूरी ताकत लगा दी और जिन्होंने हरवा दिया उसे पद्म विभूषण दिलवा दिया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री लाल सिंह आर्य ने कहा कि महू में आज कांग्रेस की झूठ की फैक्ट्री पहुंची है। प्रदेश में 47 साल तक कांग्रेस की सरकार रहने के बावजूद बाबा साहब का स्मारक क्यों नहीं बनाया। इन लोगों को इसका जवाब देना पड़ेगा। इंदौर के गांधी नगर में सुबह 11 बजे से आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा के कई बड़े नेता मौजूद रहे। कार्यक्रम में इंदौर एवं उज्जैन संभाग के हितग्राही शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार और राज्य सरकार की चिन्हित हितग्राही मूलक योजनाओं में शत-प्रतिशत सैचुरेशन एवं लक्ष्य आधारित योजनाओं को प्राप्त करने के लिए 11 दिसम्बर 2024 से 26 जनवरी 2025 तक मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया गया। अभियान के तहत हजारों हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया गया। कलेक्टर आशीष सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से हम जरूरतमंदों को शासकीय योजनाओं का लाभ दे रहे हैं। कलेक्टर कार्यालय और अन्य विभागों में शासकीय योजनाओं के लिए नियमित सेवा चालू रहती है। हम जरूरतमंदों से अपील करते हैं कि वे शासकीय योजनाओं का लाभ लें और बेहतर जीवन की ओर कदम बढ़ाएं।

# महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर 1000 अतिरिक्त बसों का होगा संचालन



लखनऊ। परिवहन विभाग द्वारा मौनी अमावस्या पर्व पर 1000 अतिरिक्त बसें चलाएगा, ताकि महाकुंभ स्नान के लिए आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो। परिवहन निगम ने मौनी अमावस्या पर 7000 बसों के संचालन की योजना पहले से ही की थी। मौनी अमावस्या पर आने वाले काफी संख्या में श्रद्धालुओं को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 1000 अतिरिक्त बसों के संचालन के निर्देश दिए हैं।

परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने शनिवार को योजना भवन में 29 जनवरी व तीन फरवरी को पड़ने वाले महत्वपूर्ण स्नान को लेकर परिवहन विभाग के अधिकारियों को इसके लिए आवश्यक व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि मौनी अमावस्या सबसे महत्वपूर्ण स्नान है। इस दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु महाकुंभ में स्नान करने आएंगे। पुलिस व प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर विभागीय अधिकारी श्रद्धालुओं को बेहतर परिवहन सेवा मुहैया कराएं। प्राइवेट ऑपरेटरों से भी संपर्क किया जाए की व्यवस्था को बेहतर बनाने में सहयोग करें।

परिवहन मंत्री ने निर्देश दिया कि प्रयागराज में बने नौ अस्थाई बस स्टेशनों पर यात्रियों के रुकने, कंबल, चाय आदि की व्यवस्था के लिए भी एनजीओ आदि से संपर्क करें। यात्रियों को बेहतर व्यवस्थाएं बस स्टेशनों पर मुहैया कराई जाएं। जिनके रहने की व्यवस्था नहीं हो उन्हें अस्थाई बस स्टेशनों पर भी रुकने की व्यवस्था करें। अस्थाई बस स्टेशनों पर ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रूप से चले, इसके लिए एक प्लान तैयार करें। परिवहन मंत्री ने बसों में फर्स्ट एड, फायर सेफ्टी डिवाइस की व्यवस्था सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने एंबुलेंस व क्रेन की व्यवस्था भी समुचित करने को कहा। ताकि आपातकाल में तत्काल व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित किया जा सके। बैठक में सभी जिलों के प्रशासनिक, पुलिस व विभागीय अधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग से जुड़े थे।

# मध्य प्रदेश में कांग्रेस प्राइवेट सेक्टर से कराएगी जातीय जनगणना, पटवारी ने राहुल के सामने किया खुलासा



**इंदौर।** पटवारी ने मध्यप्रदेश से कांग्रेस को लोकसभा की एक भी सीट नहीं मिलने पर राहुल से माफी मांगते हुए कहा कि अगले चुनाव में हम ज्यादा सीटें जीत कर भरपाई पूरी करेंगे। महू में आयोजित कांग्रेस की आमसभा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जातीय जनगणना पर जोर देते हुए कहा कि देश में, मध्य प्रदेश में यदि कांग्रेस की सरकार आती है तो वे जातिगत जनगणना कराएंगे,ताकि यह पता चल सके कि सरकारी पदों पर, उद्योगों में, नौकरियों में किस जाति के कितने लोग है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जातिगत जनगणना से डरते है,लेकिन कांग्रेस शासित राज्यों में जनगणना पर काम शुरू हो चुका है। जातिगत जनगणना के मुद्दे पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि जातिगत जनगणना आर्थिक सर्वे और गरीब की पहचान है। देश के खजाने का अधिकार गरीब को मिले। यह लड़ाई राहुल गांधी लड़ रहे है। जातिगत जनगणना जरुरी है। इसके बाद पटवारी ने कहा कि मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने फैसला लिया है कि कांग्रेस पार्टी घर-घर जाकर जातिगत गणना कराएगी और देश में एक उदाहरण पेश करेगी। कांग्रेस प्राइवेट सेक्टर से जनगणना कराएंगी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि देश का संविधान खतरे में है। नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन हो रहा है। सांसद विद्यायकों की खरीद फरोख्त कर सरकारें बनाई जा रही है। पटवारी ने कहा कि कांग्रेस देश के संविधान की रक्षा कर रही है। देश को जोड़ने के लिए राहुल गांधी चार हजार किलोमीटर की यात्रा की। पटवारी ने मध्यप्रदेश से कांग्रेस को लोकसभा की एक भी सीट नहीं मिलने पर राहुल से माफी मांगते हुए कहा कि अगले चुनाव में हम ज्यादा सीटें जीत कर भरपाई पूरी करेंगे। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार ने कहा कि भाजपा सरकार हमेशा संविधान खत्म करने की बात करती है। संघ प्रमुख ने 15 अगस्त के बजाए राम मंदिर के लोकार्पण के समय आजादी मिलने की बात कह कर शहीदों का अपमान किया। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह ने कहा कि जिस संविधान को कांग्रेस ने बचाए रखा, वह आज खतरे में है। देश की सरकारी एजेंसियों को कमजोर किया जा रहा है। कांग्रेस यह होने नहीं देगी। मंच पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, दिग्विजय सिंह,जयराम रमेश,सलमान खुर्शीद,रणदीप सुरजेवाला सहित अन्य नेता मौजूद थे।

# मायावती बोलीं- प्राइवेट सेक्टर को ही बढ़ावा देने से बहुजनों का जीवन बदहाल



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने गणतंत्र दिवस की बधाई देने के साथ सवाल किया कि क्या अपनी उन्नति और देश के विकास के लिए खून-पसीना बहाने वाले लोगों को उनकी मेहनत का सही फल मिल रहा है। उन्हें वाजिब न्याय और आरक्षण नहीं मिलना असली चिन्तन का विषय है।

केंद्र और राज्य सरकारें सरकारी के बजाय प्राइवेट सेक्टर को बढ़ावा दे रही हैं, जिससे गरीब बहुजनों का जीवन बदहाल हो रहा है। बसपा सुप्रीमो ने रविवार को जारी। अपने बयान में कहा कि देश के विकास में हर भारतीय का हक होना ज़रूरी है। कुछ मुट्ठीभर बड़े-बड़े पूंजीपतियों व धन्नासेठों की संख्या में ही वृद्धि रही है। केन्द्र ही नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश जैसे विशाल आबादी वाले गरीब एवं पिछड़े प्रदेश की सरकार की भी नीयत और नीति करोड़ों बहुजनों के हित को बढ़ावा देने वाली हो तो बेहतर होगा।

इससे गरीबी, बेरोजगारी, अशिक्षा आदि से त्रस्त जीवन से लोगों को थोड़ी मुक्ति मिल सकेगी। सरकारी क्षेत्र में बहुजन समाज के लिए नौकरी की सुविधा का घटता अवसर और उनका बढ़ता बैकलाग देश में सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक विषमताओं को बढ़ाने वाला चिन्तनीय मुद्दा है। इन बहुजनों की उपेक्षा करके देश की प्रगति का हसीन सपना कैसे देखा जा सकता है।

तेज विकास दर से भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती का सही लाभ करोड़ों गरीबों के जीवन में अपेक्षित सुधार वाला गेमचेंजर अर्थात 'अच्छे दिन' लाने वाला होना चाहिए था। वहीं देश के वर्तमान राजनीतिक हालात पर कहा कि लोगों का जान, माल व मजहब सुरक्षित होगा, तभी विकास संभव है।

स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर ( मध्य प्रदेश ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह, संपादकः अशोक सोनी (9009601101), स्थानीय संपादक ग्वालियर कपित गोयल जितेन्द्र व्यास-स्थानीय संपादक, मो. 8120205990 भोपाल कार्यालय पता- प्रेस काप्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 ई-मेल-hindustannews404@gmail.com

दैनिक
# केसरिया हिन्दुस्तान
ग्वालियर मंगलवार 28 जनवरी 2025 खबरें बेबाक, बेखौफ, बेझिझक



## 76 वें गणतंत्र दिवस को पूरे हर्षोल्लास एवं परम्परागत ढंग से मनाया गया



**सीतापुर ।** 76 वें गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2025 को पूरे हर्षोल्लास एवं परम्परागत ढंग से मनाया गया। इस अवसर पर पूरे जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कलेक्ट्रेट प्रांगण में प्रातः 08.30 बजे ध्वजारोहण किया। तदोपरांत राष्ट्रगान गायन एवं भारतीय गणतंत्र के संकल्प को दोहराया गया। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। विपिन चन्द्र वर्मा की टीम द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने सभी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुये महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, अमर शहीदों एवं संविधान निर्माताओं को सादर नमन किया। उन्होंने कहा कि आज के दिन हमारा संविधान लागू हुआ था। जिलाधिकारी ने कहा कि यह हमारे लिये गौरव की बात है कि हमारा देश एक गणतांत्रिक राष्ट्र के रूप में विकसित हुआ है तथा साथ में स्वतंत्र हुये अन्य पड़ोसी देशों की अपेक्षा तीव्र गति से विकास के पथ पर अग्रसर है। इसमें हम सभी का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने सभी को प्रेरित किया कि अपने कर्तव्यों एवं पदीय दायित्वों का पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करते हुये देश की प्रगति में अपना योगदान दें। जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रेरित करते हुये कहा कि हम सभी लोग बहुत ही महत्वपूर्ण पदों पर हैं। हम लोग सेवाभाव एवं ईमानदारी पूर्वक सभी के प्रति समानता का भाव रखते हुये कार्य करने से देश, प्रदेश एवं जनपद के विकास को नई गति दे सकेंगे और भारत विश्व में अपने प्राचीन गौरव एवं महत्व को प्राप्त करने में सफल हो सकेगा। उन्होंने सभी को अपने नागरिक कर्तव्यों एवं पदीय दायित्वों को पूर्ण निष्ठा से पालन करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट कृष्णानंद तिवारी, उपजिलाधिकारी न्यायिक (बिसवां) कुमार चंद्र बाबू, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट बालकृष्ण सिंह, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राखी वर्मा, पत्रकार बन्धु सहित कलेक्ट्रेट के समस्त अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### प्रधान गोविंद प्रसाद बने जिलाध्यक्ष

## जनपद के हर प्रधान की समस्याएं हमारी समस्या : गोविंद प्रसाद



**सीतापुर ।** अखिल भारतीय प्रधान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संतोष यादव व अवध प्रान्त अध्यक्ष अजय मिश्रा ने जनपद सीतापुर के अखिल भारतीय प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष के पद पर विकास खण्ड ऐलिया के ग्राम प्रधान गोविंद प्रसाद को जिलाध्यक्ष के पद पर मनोनयन किया । बताते चले कि अखिल भारतीय प्रधान संगठन की एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के तौर अवध प्रांत अध्यक्ष अजय मिश्रा रहे हैं प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार अवध प्रांत अध्यक्ष अजय मिश्रा के द्वारा संगठन के जिला प्रभारी गोविंद प्रसाद को जिलाध्यक्ष का तथा विवेक सिंह प्रधान संघ अध्यक्ष गोंडलमाऊ, अवधेश कुमार कटियार ब्लॉक संघ अध्यक्ष खैराबाद, मानवेंद्र सिंह ब्लॉक संघ अध्यक्ष एलिया, सुंदरलाल तिवारी ब्लॉक अध्यक्ष सकरन, पंकज मिश्रा ब्लॉक अध्यक्ष बेहटा दायित्व सौंपा गया । जिलाध्यक्ष मनोनयन के बाद गोविंद प्रसाद ने संगठन प्रदेश अध्यक्ष व अवध प्रान्त के अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिला प्रभारी रहते हुए भी प्रधानो की हर लड़ाई में कदम से कदम मिला कर चला हूं व भविष्य में जनपद के हर प्रधान की समस्याएं हमारी समस्याएं है, हर समस्या का समय से निस्तारण हो सके रही प्रयासरत रहूंगा और कोशिश करूंगा कि संगठन ने जो दायित्व सौंपा है उस पर खरा उतर सकू।उक्त अवसर पर प्रधान अशोक यादव प्रधान प्रतिनिधि बालक राम यादव प्रधान प्रतिनिधि अवधेश कुमार आदि सैकड़ो प्रधानों बैठक में मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### स्टडी प्वाइंट इंटर कॉलेज का गणतंत्र दिवस

**खैराबाद सीतापुर ।** स्टडी प्वाइंट इंटर कॉलेज के प्रांगण में गत 26 जनवरी 2025 को 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर विद्यालय प्रबंधक आमिर रिज़्वी जी के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें देशभक्ति गीत व कविताओं के साथ देशभक्ति पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किए इस विशेष अवसर पर हमारे नन्हें- मुन्ने बच्चों ने देश भक्ति के गीतों पर थिरकते हुए मनमोहक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया।इस मौके पर बोर्ड परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने वाले कक्षा दसवीं और बारहवीं के छात्र-छात्राओं को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर प्रबंधक आमिर रिज़्वी, विद्यालय प्रशासिका लुबना रिज़्वी ,विद्यालय के प्रधानाचार्य अमिय किरण अवस्थी तथा अध्यापक गण उपस्थित रहे ।

### विद्यालय प्रबंधक कुलदीप जयसवाल ने ध्वजारोहण कर सभी को इस पावन पुनीत पर्व की बधाई दी

**मछरेहटा सीतापुर।** आर.जे जे एजूकेशन प्वाइंट बीरमपुर मे बडे ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक कुलदीप जयसवाल ने ध्वजारोहण कर सभी को इस पावन पुनीत पर्व की बधाई दी। तत्पश्चात विद्यालय व्यवस्थापक रूपेश प्रिंस ने छात्र छात्राओ को पर्व के बारे मे जानकारी दी। प्रधानाचार्या पूनम जयसवाल व उपप्रधानाचार्या अरूणिमा श्रीवास्तव ने सभी को पर्व की बधाई दी। विद्यालय से एक प्रभातफेरी भी निकाली गई जिसमे बच्चो ने देश भक्ति से ओतप्रोत व भारत माँ की जय के नारे लगाऐ। कार्यक्रम मे विद्यालय संस्थापक जगदीश जयसवाल सहित सभी शिक्षक,शिक्षिकाऐ ,बच्चे व समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

### समरसता भोज का आयोजन किया गया

**अटरिया सीतापुर।** अटरिया गांव में स्थित कमलेश चंद्र स्मारक प्राथमिक विद्यालय में एडवोकेट राम नरेश शुक्ल द्वारा समरसता भोज का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सिधौली से बीजेपी विधायक मनीष रावत व अन्य विशिष्ट अतिथियों में लखनऊ के पूर्व महापौर सुरेश चंद्र अवस्थी व राजा साहब कुँवरपुर स्टेट कुंवर शैलेन्द्र सिंह उर्फ सोनू भैया व विनय मोहन प्रबंधक एस. आर. के. इंटर कॉलेज अटरिया व हरीश तिवारी प्रबंधक पचकरिया देवी इंटर कॉलेज लखनऊ व अभय बाजपेई प्रबंधक ज्ञानदीप डिग्री कॉलेज पाण्डेपुरवा व कुँवर विमलेश सिंह प्रबंधक जनता माध्यमिक विद्यालय कुंवरपुर व अटरिया थाना अध्यक्ष रोहित दुबे सहित कई अन्य सम्मानित हस्तियाँ रही 7आपको बता दे उत्तर प्रदेश के जनपद सीतापुर सिधौली कोतवाली क्षेत्र के अटरिया कस्बे में ओवर ब्रिज के नीचे निकट रेलवे स्टेशन मार्ग स्थित श्री कमलेश चंद्र स्मारक प्राथमिक विद्यालय में 26 जनवरी के अवसर पर समरसता भोज का आयोजन किया गया।

### मुख्य मार्ग पर जल भराव व कीचड़ की समस्या से ग्रामीण व राहगीर परेशान

**लहरपुर सीतापुर।** लहरपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत टकेली में सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल पाइपलाइन लीकेज होने से मुख्य मार्ग काफी बदहाल हो चुका है ऐसे में गांव वालो व राहगीरों के लिए आए दिन समस्या बढ़ती जा रही है हालांकि सूत्रों की माने तो मुख्य मार्ग से शिवराम के मकान तक मंडी समिति में आती है जो की काफी खस्ता हाल व गढ्ठो में तब्दील हो चुकी है फिर आगे से नहर पुल तक खड़ंजा है जो की विकास की आस में अंतिम सांस ले रहा ऐसे में लोग जान जोखिम में डालकर ग्रामीण व राहगीर निकलने को मजबूर हो रहे हैं

## भारतीय संविधान लागू होने के साथ भारत एक लोकतांत्रिक गणराज्य बना - ब्लाक प्रमुख



**खैराबाद सीतापुर ।** गणतंत्र दिवस भारतीय संविधान की अहमियत और उसकी स्थापना का प्रतीक है. 26 जनवरी 1950 को भारतीय संविधान लागू होने के साथ भारत एक लोकतांत्रिक गणराज्य बना. यह दिन भारतीय नागरिकों के अधिकारों, स्वतंत्रता और समानता का प्रतीक है यह बात मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख अजय विश्वकर्मा ने विकास खण्ड के ग्राम पंचायत हुसैनपुर कैमहरा के उच्च माध्यमिक विद्यालय में ।76वें गणतन्त्र दिवस के मौके कही उच्च प्राथमिक विद्यालय में परम्परागत रूप से गणतन्त्र दिवस पर ध्वजारोहण व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये ।कार्यक्रम में अतिथि ब्लाक प्रमुख अजय विश्वकर्मा अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी नितिन गुप्ता अपूर्व अग्रवाल (कालू भैया )ग्राम प्रधान मिथलेश कुमार आदि रहे प्रधानाध्यापक ने गणन्तन्त्र दिवस के महत्व और भारतीय संविधान की खूबियों पर विस्तृत प्रकाश डाला। ध्वजारोहण के बाद बच्चों ने देश भावना से ओत-प्रोत मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। जिन्हें खूब सराहा गयाव तालियों की गड़गड़ाहट से बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। सभी मुख्य अतिथियो द्वारा बच्चों को पुरस्कार देकर उनका मनोबल बढ़ाया। उक्त अवसर पर विद्यालय, शिक्षक, एसएमसी सदस्य पूर्व प्रधान रोजगार सेवक गिरीश दीक्षित बच्चे और ग्रामीण उपस्थित रहे।

### डीएम ने रूट मार्च का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया

**सीतापुर ।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजकीय इण्टर कालेज, सीतापुर के क्रीड़ा मैदान से रूट मार्च का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। रूट मार्च ने विभिन्न विद्यालयों के बच्चों एवं पुलिस बैंड द्वारा प्रतिभाग किया गया। उद्यान विभाग, कृषि विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, सामाजिक वानिकी वन प्रभाग, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, मत्स्य विभाग, उद्योग विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने अपने विभाग में संचालित योजनाओं से सम्बंधित झांकियों का प्रदर्शन भी किया। जिलाधिकारी एवं उपस्थित अन्य अधिकारियों सहित जनसामान्य द्वारा झांकियों अवलोकन किया गया। यह रूट मार्च लालबाग, घण्टाघर, ग्रीकगंज चौराहा, ट्रांसपोर्ट चौराहा (गुरू गोविन्द सिंह चौक) से होकर लालबाग पार्क तक आयोजित किया गया।

## डॉ. केदारनाथ रस्तोगी के देहांत बाद अंतिम इच्छा अनुसार दोनों कॉर्निया सुरक्षित आई बैंक में रखवा दी है

**सीतापुर।** प्रख्यात डॉक्टर केदारनाथ रस्तोगी उम्र 90 वर्ष का देहांत कल दोपहर में हो गया था उनकी अंतिम इच्छा अनुसार उनका नेत्रदान करवाने के लिए सक्षम संस्था के जिला अध्यक्ष संदीप भरतीया से परिवार के लोगों ने संपर्क किया उसके पश्चात आंख अस्पताल सीतापुर मे डॉक्टरो की टीम का गठन कराकर उनका नेत्रदान करवाया गया।आँख अस्पताल के अरुणेश मिश्रा ने डॉक्टरों की टीम के साथ उनकी दोनों कॉर्निया सुरक्षित कराकर आई बैंक में रखवा दी है जो कि दो दृष्टिहीन व्यक्ति को लगवा दी जाएगी। महामंत्री मुकेश अग्रवाल ने कहा कि एक दृष्टिहीन जो की आंखों के कारण इस दुनिया को नहीं देख पा रहा है जब उसको नेत्रदान के द्वारा आंखें प्राप्त होती हैं और वह इस दुनिया को देख सकता है तो यह उसके जीवन का सबसे सौभाग्यशाली दिन होता है। कोषाध्यक्ष अक्षत अग्रवाल ने बताया कि डॉक्टर केदारनाथ रस्तोगी सीतापुर शहर के प्रख्यात डॉक्टर थे उन्होंने अपना पूरा जीवन लोगों की सेवा में ही लगा दिया और जाते-जाते नेत्रदान करके दो लोगों के जीवन में हमेशा हमेशा के लिए उजाला भर दिया हैं धन्य है वह और उनके परिवार जन, जिन्होंने परोपकार की भावना से नेत्रदान करके सीतापुर वासियों को एक प्रेरणा दी है कि वह भी नेत्रदान कि इस मुहीम में आगे आए और ज्यादा से ज्यादा लोगों को नेत्रदान करवाने के लिए प्रेरित करें। सक्षम संस्था के सुभाष अग्निहोत्री ने लोगों के सामने यह नारा दोहराया कि नेत्रदान करेंगे दुनिया फिर से देखेंगे। उन्होंने बताया कि संसार में श्रीलंका एक ऐसा देश है जिसमें सत्य प्रतिशत नेत्रदान होता है

## 76 वें गणतंत्र दिवस परेड का भव्य आयोजन



**सीतापुर।** 76वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन्स सीतापुर स्थित परेड ग्राउंड में मुख्य अतिथि सुरेश राही,.विधायक हरगांव/.राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश कारागार द्वारा ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली गई एवं परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में पुरुष एवं महिला पुलिसकर्मियों की टोलियां, एनसीसी टोली, आपात सेवा 112 की 02 पहिया व 04 पहिया पी.आर.वी., श्वान दल, दंगा नियंत्रण वाहन, फायर सर्विस ,एसओजी टीम, मिशन शक्ति टीम आदि शामिल रहीं। पुलिस अधीक्षक सीतापुर चक्रेश मिश्र द्वारा समस्त पुलिस कर्मियों को शपथ दिलाने के उपरांत जनपदीय पुलिस द्वारा किये गये उल्लेखनीय कार्यो का प्रस्तुतीकरण किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा संबोधन कर परेड कमांडरो द्वारा मुख्य अतिथि से परिचय किया गया। परेड कमांडर प्रथम क्षेत्राधिकारी सिधौली, कपूर कुमार, परेड कमांडर द्वितीय उ.नि. शंभू यादव,परेड कमांडर तृतीय उ.नि. विजय कुमार राठी पुलिस रहे। परेड कमाण्डर सहित परेड में अच्छा प्रदर्शन करने वाली टोलियों के टोली कमाण्डरों को सम्मानित किया गया एवं जनपद में सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। गणतंत्र दिवस समारोह में स्टडी वेल स्कूल विजय लक्ष्मी नगर, तुलसी इण्टर कालेज,पुलिस मार्डन स्कूल, लखनऊ पब्लिक स्कूल, मदर्स प्राइड स्कूल, बापू बालक हायर सेकेण्ड्री स्कूल, अग्रवाल पब्लिक इण्टर कालेज, एनसीसी कैडिट, दिल्ली पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी गई, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा मुख्य अतिथि , अपर पुलिस महानिदेशक पीटीसी सीतापुर, अपर पुलिस महानिदेशक एपीटीसी सीतापुर, मा. जनपद न्यायाधीश व जिलाधिकारी , मुख्य विकास अधिकारी को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी प्रकाश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ.प्रवीन रंजन एवं समस्त क्षेत्राधिकारीगण सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा अपनी गरिमामयी उपस्थिति से परेड में सम्मिलित जवानों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग कर रहे बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया।

गणतंत्र दिवस पर जनपद में नियुक्त निम्न पुलिस अधिकारियों/कर्मचारी को मुख्यालय द्वारा प्राप्त पुरस्कारों/प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 का उत्कृष्ट सेवा पदक - उ.नि. योगेश कुमार शंखवार पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 का सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह नि. वीरेंद्र सिंह तोमर.मुख्य आरक्षी चालक राकेश बहादुर सिंह उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रशस्ति पत्रः- क्रम संख्या पद नाम नियुक्ति स्थान उ.नि.अवधेश यादव खैराबाद उ.नि. अतुल शुक्ला कोतवाली देहात उ.नि ऋषभ यादव लहरपुर उ.निआशुतोष मिश्रा बिसवां उ.नि. मनोज कुमार सिंह संदना उ.नि सुनील कुमार सिंह महोली उ.नि. ओम प्रकाश सिंह रामपुर कलां उ.नि. प्रदीप पाण्डेय महमूदाबाद आरक्षी रोहित कुमारकोतवाली नगर आरक्षी शुभम कुमार खैराबाद आरक्षी अजय रामकोट आरक्षी रविन्द्र सोनकर कोतवाली देहात म0 आ0 अर्चना रामपुर कला म0 आ0 डोली शर्मा महमूदाबाद कार्यालय/शाखाओं में नियुक्त कर्मियों सहित 15 वर्ष से अधिक पेंशन का लाभ पा रहे पेंशनरो को आदि को भी मुख्य अतिथि राज्य कारागार मंत्री उत्तर प्रदेश शासन जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा अंगवस्त्र भेंट करके सम्मानित किया गया ।

## सरकारी तथा गैर सरकारी विद्यालयों और मदरसों के साथ संस्थागत भवनों पर ध्वजारोहण किया गया

**सिधौली -सीतापुर ।** तहसील मुख्यालय पर कस्बे से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में गणतंत्र दिवस के अवसर पर रविवार को सरकारी तथा गैर सरकारी विद्यालयों और मदरसों के साथ संस्थागत भवनों पर ध्वजारोहण कर दोपहर बाद तक राष्ट्रीयगान के साथ नन्हे मुन्ने बच्चों तथा छात्र -छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जाते रहे । गणतंत्र दिवस के अवसर पर तहसील परिसर में उपजिलाधिकारी अनिल कुमार ने राजस्व अधिकारियों और कर्मचारियों की मौजूदगी में ध्वजारोहण किया वहीं कोतवाली परिसर में पुलिस उपाधीक्षक कपूर कुमार ने प्रभारी निरीक्षक बलवंत शाही और पुलिस कर्मियों की मौजूदगी में ध्वजारोहण कर सलामी ली। नगर पंचायत कार्यालय में नगर पंचायत अध्यक्ष। गंगा राम राजपूत ने अधिशासी अधिकारी रेणुका यादव और भारी संख्या में मौजूद सभासदों, कर्मचारियों तथा नगर के संभ्रांत व्यक्तियों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया। ब्लाक मुख्यालय पर ब्लाक प्रमुख रामबक्स रावत ने वी डी ओ प्रतिभा जयसवाल तथा अधिकारियों और कर्मचारियों की मौजूदगी मे ,सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में अधीक्षक आनन्द सिंह ने डाक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों की ,गांधी महा विद्यालय में प्रबंधक डा0के के जैन,श्री विमल नाथ महिला महाविद्यालय में प्रबंधक संजय जैन , युनिवर्सल इण्टर कालेज में यूनुस, नेशनल इण्टर कालेज में राजीव कुमार मिश्रा वहीं ग्रामीण क्षेत्र में मदरसा सैक्रेड एकेडमी बाड़ी काजी हाफिज निजामुद्दीन, मदरसा मिस्बाहुल उलूम गड़िया हसनपुर में मौलाना उस्मान, महमूदाबाद चौराहे पर मस्जिद के सामने आ प इं फोरम के तत्वावधान में हाफिज अस्लम ,मोलवी फारुक आदि की मौजूदगी में पूर्व चेयरमैन डॉ अवधेश श्रीवास्तव ने ध्वजारोहण किया गया है विद्यालयों और मदरसों में दोपहर बाद तक नन्हे मुन्ने बच्चों और छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे क्षेत्र में गणतंत्र दिवस धूमधाम से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

## विकास भवन के प्रथम तल पर स्थित कक्ष संख्या-106 में कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया



**सीतापुर।** विभिन्न विभागीय योजनाओं के अनुश्रवण एवं सूचनाओं के संकलन के उद्देश्य से विकास भवन के प्रथम तल पर स्थित कक्ष संख्या-106 में कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसका फोन नं0-05862-314912 है। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने सोमवार को फीता काटकर कन्ट्रोल रूम का उद्घाटन किया। जिलाधिकारी ने कन्ट्रोल रूम में टेलीफोन कनेक्शन बढ़ाये जाने तथा इनके नम्बर का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कन्ट्रोल रूम में पर्याप्त संख्या में कम्प्यूटर भी स्थापित कराये जायें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि दूरभाष के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित निस्तारण कराया जाये तथा योजनाओं के विषय में आवश्यक जानकारियां उपलब्ध करायी जायें। जिलाधिकारी ने संबंधित मोबाइल एप एवं रजिस्टरों का भी अवलोकन किया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, जिला पंचायत राज अधिकारी निरीश चंद्र साहू सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## जनपद में 100 दिवसीय विशेष टी0बी0 अभियान चलाया जा रहा है

**सीतापुर ।** जनपद में 100 दिवसीय विशेष टी0बी0 अभियान चलाया जा रहा है इस कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनाँक 26.01.2025 गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में टी0बी0 मरीजों को गोद लिये जाने संबंधी कार्यक्रम का शुभारम्भ कलेक्ट्रेट सभागार हुआ। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा 05, मुख्य विकास अधिकारी द्वारा 05, जिला क्षय रोग अधिकारी द्वारा 05, डा0 एम0एल0 गंगवार अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा 03, डा0 श्याम सुन्दर चेस्ट फिजीशियन जिला क्षय रोग केन्द्र सीतापुर द्वारा 03, अचल विभू त्रिपाठी प्रशासनिक अधिकारी द्वारा 04, सुजीत वर्मा जिला कार्यक्रम प्रबंधक एन0एच0एम0 द्वारा 03, आशीष दीक्षित जिला पी0पी0एम0 समन्वयक द्वारा 02, ब्रिक फील्ड एसो0 द्वारा 50, हाजी फिरदौस अख्तर फाउन्डेशन की ओर से डा0 शोएब अख्तर द्वारा 10, रेडक्रास सोसाइटी द्वारा 25, सीतापुर शिक्षा संस्थान रस्यौरा द्वारा 05 एवं आकिब इरफरन लेखाकार द्वारा 01 टी0बी0 मरीज को गोद लेकर टी0बी0 मरीजों को पोषण पोटली प्रदान की गयी। साथ ही इन मरीजों के उपचार की जानकारी लेते रहने तथा उनको टी0बी0 के उपचार के क्षेत्र में सरकार द्वारा प्रदत्त समस्त योजनाओं का लाभ पहुंचानें में सहायता प्रदान करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित क्षय रोगियों व उनके सहयोगियों को टी0बी0 का पूरा कोर्स करने की सलाह दी तथा इस रोग से लड़ने में पोषण की उपयोगिता के विषय में जानकारी दी गयी। साथ ही मरीजों को किसी भी प्रकार की परेशानी आने पर चिकित्सक से तत्काल परामर्श लेने के बात कही। जिलाधिकारी द्वारा जनपद की स्वयं सेवी संस्थाओं, औद्योगिक घरानों एवं आई0एम0ए0 को इस जनहित के कार्य में सहयोग करने का आहवान किया गया तथा निक्षय मित्र बन कर मरीजों को गोद लेने के लिए प्रेरित किया।

इस उपरान्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सरकार की निःक्षय पोषण योजना की जानकारी देते हुए सभी को अवगत कराया गया कि प्रत्येक मरीज चाहें वह सरकारी/प्राइवेट में इलाज करा रहा हो उसको इलाज अवधि में पोषण के लिए 1000 रु0 प्रति माह डी0बी0टी0 के माध्यम से उसके खातें मे दिये जाते हैं। जिसके लिए उन्हें अपना बैंक खाता व आधार कार्ड की छायाप्रति नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर उपलब्ध कराने की आवश्यकता होती है। इसके अतिरिक्त समस्त मरीजों को मुफ्त जॉच व इलाज की सुविधा उपलब्ध है

## अवैध मादक पदार्थ (गांजा) के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र द्वारा जनपद सीतापुर में अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु जनपद पुलिस को वृहद एवं सघन चेकिंग के लिये निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देश के क्रम में क्षेत्राधिकारी सदर दिनेश कुमार शुक्ल के नेतृत्व में थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम ङ्कम0उ0नि पूजा यादव, उ0नि0 कृष्ण चन्द्र मोहन सक्सेना, हे0का0 राहुल भदौरिया , का0 अमित वर्मा, का0 संजय कुमार थाना कोतवाली नगर जनपद सीतापुर द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त सुमित कुमार पुत्र स्व0 श्याम किशोर निवासी ग्राम नेपालापुर थाना कोतवाली देहात जनपद सीतापुर को गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे से 01 किलो 213 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (गांजा), एक अदद इलेक्ट्रॉनिक तराजू, 160 रूपया नगद बरामद हुआ है। उक्त बरामदगी के संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 32/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त उपरोक्त का चालान मा0 न्यायालय किया गया है।

कप्तान साहब एक नजर थाना अध्यक्ष आलापुर के कारनामों पर भी......

# मेवालाल प्रवक्ता एस एन इंटर कॉलेज इंदईपुर पर गबन के चार मुकदमे दर्ज होने थे लेकिन एक भी मुकदमा नहीं हुआ पंजीकृत

### थाना अध्यक्ष आलापुर निहित लाभ लेकर नहीं किया मुकदमा पंजीकृत

### विभागीय आदेश पर तहरीर देने वाले का थाना अध्यक्ष ने इतना उत्पीड़न किया कि मजबूर होकर अयोध्या चला गया

### थाना अध्यक्ष की कार्य शैली की जांच हो जाए तो असलियत आ जाएगी सामने

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** जनपद के एस एन इंटर कॉलेज इंदईपुर के प्रधानाचार्य रहे शिव कुमार मिश्र ने जिला विद्यालय निरीक्षक अंबेडकरनगर के आदेश पर 186000 के सरकारी धन के गबन का मुकदमा दर्ज करने के लिए 27 अप्रैल 2024 को थाना अध्यक्ष आलापुर को तहरीर दी थी। लेकिन थाना अध्यक्ष उस तहरीर पर गम्भीरता से नहीं लिया जिसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर किया निस्तारण में थाना अध्यक्ष ने गबन के आरोपी मेवालाल के बयान के आधार पर लिख दिया था कि सरकार ने जिस सामान को खरीदने के लिए पैसा दिया था वह सामान खरीदा गया है और ऑडिट रिपोर्ट भी आ चुकी है।

**इस रिपोर्ट के बाद थाना अध्यक्ष राकेश कुमार सिसोदिया स्वयं फस गए :** क्योंकि वह धन सरकार ने नहीं बल्कि छात्रों के अभिभावकों द्वारा जमा किया गया था और ऑडिट होना तो दूर अभिभावक शिक्षक संघ नियमावली के अनुसार आज तक उस विद्यालय में स्वतंत्र ऑडिटर नियुक्त ही नहीं किया गया है। प्रकरण में जब थाना अध्यक्ष राकेश कुमार सिसोदिया फसने लगे तो उन्होंने मेवालाल पर दबाव डाला कि मामलों को किसी तरह रफा दफा कराए वरना सब लोग बुरे फसेंगे इसके बाद मेवालाल को कोई रास्ता न सूझा तो उन्होंने पूर्व प्रधानाचार्य शिवकुमार मिश्र पर दबाव बनाना शुरू कर दिया कि आप तहरीर वापस ले लीजिए। जबकि थाने में दी गई तहरीर वापस लेने का तो कोई प्रावधान नहीं है तहरीर दी जाती है पुलिस उसपर जांच कर गुण दोष के आधार पर मुकदमा पंजीकृत करती है या तो निस्तारित कर देती है। आज तक कभी यह नहीं सुना गया कि दी गई तहरीर विवेचना होने के बाद कोई थाने से वापस लिया हो। मेवालाल को इसके बारे में शायद ज्यादा जानकारी हो क्योंकि उन्होंने इससे पहले भी कई मुकदमे खुद दर्ज करवाए हैं। जिसमें पूर्व प्रधानाचार्य शमीम अहमद खान के विरुद्ध शासकीय धन के गबन का मुकदमा दर्ज कराया है। दो मुकदमे उन्होंने स्ट स्ज्ञ एक्ट के अंतर्गत दर्ज कराए हैं लेकिन जब अपने विरुद्ध मुकदमा दर्ज होने की बात आई तो उन्हें कानून में कमी लगने लगे है।

**मीडिया पड़ताल में यह बात सामने आई :** गौरतलब है जब भी मेवालाल के विरुद्ध कोई जांच कराई जाती है या किसी के द्वारा कोई कार्रवाई की जाती है तो वह तुरंत स्ट स्ज्ञ एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करवा देते हैं। उनका आरोप रहता है कि सामने वाला विद्यालय में आकर उन्हें जाति सूचक शब्द कहा और जान से मारने की धमकी दी। इसी तरह जब प्रबंधक ने मा0 राज्य सूचना आयोग के आदेश पर मेवालाल को निलंबित कर सेवा समाप्त की कार्रवाई की तो मेवालाल ने प्रबंधक के विरुद्ध एससी एसटी एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करा दिया। पूर्व में जब एक आरटीआई कार्यकर्ता ने उनके द्वारा 186000 के शासकीय धन के गबन का मुद्दा उठाया तो उन्होंने आरटीआई कार्यकर्ता के विरुद्ध भी एससी एसटी एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करवा दिया। जबकि मीडिया पड़ताल में पता चला कि वह शाहिद मुनीर सिद्दीकी उस दिन विद्यालय में ग्रे ही नहीं थे। इस संबंध में जब गवाहों से उनका वर्जन लिया जाता है कि क्या उन्होंने आरटीआई कार्यकर्ता द्वारा मेवालाल को गाली देते हुए देखा या सुना था तो गवाह फोन ही काट देते हैं। जब पूरे प्रकरण में मेवालाल से उनका वर्जन जानने के लिए फोन किया गया तो भड़क गए कि हम अपना वर्जन नहीं देना चाहते हम अदालत में देंगे जो देना होगा। जबकि पूर्व में अक्सर शिकायत करते थे की खबर छापने से पहले हमसे हमारा वर्जन नहीं लिया गया। जब कि सवाल बहुत आसान थे इसमें नाराज होने की क्या बात है।

**जबकि मेवालाल के ऊपर गबन के चार एफआईआर दर्ज होने थे, लेकिन आलापुर थाना अध्यक्ष निहित लाभ पाकर मेवालाल को बचाते चलें आ रहे हैं :** जानकारी मिल रही है कि मेवालाल के ऊपर गबन के चार मुकदमे दर्ज होना था लेकिन थाना अध्यक्ष आलापुर एक भी मुकदमा पंजीकृत नहीं किया , प्रधानाचार्य रहे शिव कुमार मिश्र ने जिला विद्यालय निरीक्षक अंबेडकरनगर के आदेश पर मेवालाल के खिलाफ तहरीर दिया था लेकिन थाना अध्यक्ष राकेश कुमार ने शिवकुमार मिश्र को थाना दौडा - दौड़ा कर परेशान कर दिए तब जाकर शिवकुमार मिश्र प्रधानाचार्य मीडिया के सामने आए। और मीडिया ने खबर प्रकाशित किया था।

**मामला मीडिया कर्मी के संज्ञान आया तो मुख्यमंत्री पोर्टल शिकायत दर्ज किया :** पत्रकार हरीलाल प्रजापति के द्वारा एक छोटी सी शिकायत दर्ज किया गया शिवकुमार मिश्र प्रधानाचार्य के द्वारा एक शिकायत दिया गया था, कि मेवालाल के द्वारा शासकीय धन गबन किया गया इस मामले में एफआईआर दर्ज किया गया या नहीं अगर नहीं किया गया हो तो जांच करएफआईआर दर्ज किया जाए उसके बाद से तो मानो थाना अध्यक्ष ने कोहराम ही मचा दिया।




पूर्व प्रधानाचार्य शिवकुमार मिश्र पर इतना दबाव डाला कि वह एस एन इंटर कॉलेज से अपना स्थानांतरण लेकर अयोध्या चले गए। फिर भी उन्हें मेवालाल और थाना अध्यक्ष राकेश कुमार सिसोदिया निरंतर परेशान करते रहे जिससे पूर्व प्रधानाचार्य श्री शिवकुमार मिश्र मीडिया से सहयोग मांगते रहे। इस संबंध में जितनी बार भी थाना अध्यक्ष, क्षेत्राधिकार महोदय आलापुर या कप्तान साहब को शिकायत दी गई सभी की जांच थाना अध्यक्ष राकेश कुमार सिसोदिया को ही मिलती थी और वह प्रत्येक बार शिकायतों का फर्जी निस्तारण अनाप-शनाप बयान लिखकर करते रहे हैं यदि उनकी सारी रिपोर्ट को एक साथ जोड़ कर उनके सामने प्रस्तुत किया जाए तो उन्हें स्वयं को विश्वास नहीं होगा कि यह सब उन्होंने लिखा है। जैसे उन्होंने एक बार दाव खेला कि प्रकरण में जिला विद्यालय निरीक्षक से सारी जांच आख्या और उसके संलग्न मांगे गए हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक ने अक्टूबर में थाना अध्यक्ष को पंजीकृत डाक द्वारा अवगत कराया कि कार्यालय में आकर किसी भी दिन पत्रावली का अवलोकन कर मनचाहे पत्र ले लें। थाना अध्यक्ष जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय गए तो उन्हें पता चला की जांच रिपोर्ट में तो चार गबन के आरोप हैं। शिव कुमार मिश्रा ने तो सिर्फ एक ही आरोप की तहरीर दी थी। उसके बाद तो थाना अध्यक्ष के हाथ पांव फूल गए अब वह यह नहीं बता पा रहे हैं कि उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक के कार्यालय से जो पत्रावली प्राप्त की थी उसके बाद आगे क्या कार्यवाही की।

**थाना अध्यक्ष ने रिपोर्टर के विरुद्ध ही आरोप लगा दिए :** जब थाना अध्यक्ष पूरी तरह मामले में फंस गए और उन्हें कोई रास्ता नहीं दिखा तो वे पत्रकार हरिलाल प्रजापति के विरुद्ध ही आरोप लगाने लगे अब कहते हैं कि पत्रकार हरिलाल प्रजापति किसी को लाभ पहुंचाने के लिए अपने निजी स्वार्थ और निजी हित को सिद्ध करने के लिए बार-बार फर्जी शिकायत देता और मुकदमा पंजीकृत करने के लिए अनर्गल दबाव बनाता है। आखिर जब आपकी जांच में रिपोर्टर के विरुद्ध आरोप सिद्ध हो गया तो बचा क्या है रिपोर्टर के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर दीजिए कि वह निजी लाभ प्राप्त करना चाहता है और फर्जी शिकायत देकर पुलिस को परेशान करता है।

**जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा थाना अध्यक्ष को दी गई रिपोर्ट मीडिया के हत्थे लगी :-**

थाना अध्यक्ष की मांग पर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय द्वारा जो जांच रिपोर्ट थाना अध्यक्ष को प्राप्त कराई गई उसमें मेवालाल के विरुद्ध शासकीय धन के एक नहीं चार-चार आरोप सिद्ध हुए हैं।

1. मेवालाल प्रवक्ता, एस0एन0 इण्टर कालेज, इन्दईपुर जो वर्ष 2012 में विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य का प्रभार प्राप्त किये थे। प्रभार प्राप्ति के बाद विद्यालय के नाम पर कृषि योग्य भूमि से प्रतिवर्ष प्राप्त होने वाली धनराशि को विद्यालय के अनुरक्षण खाते में जमा न कर खुद गबन कर लिये जाने के सम्बन्ध में जॉच समिति द्वारा स्पष्ट किया गया है कि प्राधिकृत नियंत्रक / प्रधानाचार्य, एस0एन0 इण्टर कालेज, इन्दईपुर अम्बेडकरनगर द्वारा प्रस्तुत संदर्भगत खाते की प्रस्तुत पासबुक की छायाप्रति की अवलोकनोंपरान्त कतिपय धनराशियां विभिन्न तिथियों में आहरित एवं जमा प्रदर्शित हो रही हैं, जिनसे सम्बंधित कोई साक्ष्य संस्था की ओर से प्रस्तुत नहीं किया गया। अभिलेख के अभाव में उक्त धनराशियों के जमा एवं निकासी होने की सत्यता की जाँच नहीं हो सकी। अभिलेख हस्तगत न कराये जाने के प्रति श्री मेवालाल प्रवक्ता स्पष्ट रूप से दोषी हैं।

2. श्री मेवालाल प्रवक्ता, एस0एन0 इण्टर कालेज, इन्दईपुर, ने वर्ष 2020 में जब पूरे देश में तालाबंदी लागू हुई तो विद्यालय के क्रीड़ा अध्यापक सुरेश कुमार यादव से मिलीभगत कर दिनाक 02 नवम्बर, 2020 को खेल सामाग्री का मांग पत्र बनवाये जाने एवं उसी के आधार पर एजुकेशनल साइंटिफिक स्टोर प्रतापगढ़ से दिनांक 26 दिसम्बर, 2020 को रू0 82147 का बिल प्राप्त कर भुगतान कर दिये जाने के सम्बन्ध में जॉच समिति द्वारा स्पष्ट किया गया है कि उपरोक्त शिकायती पत्र एवं संस्था प्रधानाचार्य द्वारा प्रस्तुत अभिलेखों तथा मेवालाल द्वारा प्रस्तुत कथन के परीक्षण से स्पष्ट है कि उपरोक्त सामाग्री क्रय करने से पूर्व एवं पश्चात, सामाग्री क्रय/आपूर्ति/भुगतान हेतु निर्धारित विभागीय नियमों का अनुपालन न करके सीधे सामाग्री क्रय की गयी है, जो वित्तीय अनियमितता की श्रेणी में प्रदर्शित होता है, उक्त कृत्य के प्रति मेवालाल स्पष्ट रूप से दोषी हैं।

3. श्री मेवालाल प्रवक्ता, एस0एन0 इण्टर कालेज, इन्दईपुर जो वर्ष 2012 में विद्यालय में कार्यवाहक प्रधानाचार्य के पद कार्यरत थे. उनके द्वारा शिक्षक अभिभावक संघ के खाते से 1 अक्टूबर 2012 को रू0 1,86,000.00 का चेक श्री अब्दुल समद नामक व्यक्ति के नाम से जारी करके पूरी धनराशि गबन कर लिये जाने के सम्बन्ध में जाँच समिति द्वारा स्पष्ट किया गया है कि उपरोक्त शिकायती पत्र एवं संस्था प्रधानाचार्य द्वारा प्रस्तुत अभिलेखों तथा मेवालाल द्वारा प्रस्तुत कथन के परीक्षण से स्पष्ट है कि उपरोक्त सामाग्री क्रय करने से पूर्व एवं पश्चात, सामाची क्रय/आपूर्ति / भुगतान हेतु निर्धारित विभागीय नियमों का अनुपालन न करके सीधे सामाग्री क्रय की गयी है, जो वित्तीय अनियमितता की श्रेणी में प्रदर्शित होता है, उक्त कृत्य के प्रति मेवालाल स्पष्ट रूप से दोषी है।

4. श्री मेवालाल प्रवक्ता, एस0एन0 इण्टर कालेज, इन्दईपुर द्वारा कोरोना महामारी के कारण वर्ष 2021 में परीषदीय परीक्षा नहीं होने एवं शिक्षा सत्र 2020-21 में पूर्ण तालाबन्दी के कारण छात्र-छात्राओं की पढ़ायी नहीं कराये जाने परिषदीय परीक्षा की कोई समय सारिणी नहीं जारी की गयी थी, उस हालत में श्री मेवालाल तत्कालीन कार्यवाहक प्रधानाचार्य द्वारा विद्यालय में परिषदीय परीक्षा हेतु सीसीटीवी कैमरा क्रय व उसके अधिष्ठापन के नाम पर रू0 71510.00, 87450.00, 14900.00 का विद्यालय के श्रव्य दृश्य निधि बैंक खाते से फर्जी भुगतान कर धनराशि गबन कर लिये जाने के सम्बन्ध में जाँच समिति द्वारा स्पष्ट किया गया है कि उपरोक्त शिकायती पत्र एवं संस्था प्रधानाचार्य द्वारा प्रस्तुत अभिलेखों तथा श्री मेवालाल द्वारा प्रस्तुत कथन के परीक्षण से स्पष्ट है कि उपरोक्त सामाग्री क्रय करने से पूर्व एवं पश्चात, सामाग्री क्रय/आपूर्ति / भुगतान हेतु निर्धारित विभागीय नियमों का अनुपालन न करके सीधे सामाग्री क्रय की गयी है. जो वित्तीय अनियमितता की श्रेणी में प्रदर्शित होता है. उक्त कृत्य के प्रति श्री मेवालाल स्पष्ट रूप से दोषी है।

प्रकरण में जॉच समिति द्वारा उपलब्ध करायी गयी उपरोक्त आख्या में श्री मेवालाल प्रवक्त अंग्रेजी / तत्कालीन तदर्थ प्रधानाचार्य के स्तर से संस्था के निधियों से धनराशि निकासी में एवं उनके व्यय व सामाग्री क्रय व भुगतान किये जाने के प्रति वित्तीय अनियमितता पुष्टित होने के क्रम में, श्री मेवालाल प्रवक्ता अंग्रेजी/तत्कालीन प्रधानाचार्य के विरूद्ध नियमानुसार प्रशासनिक कार्यवाही करते हुये कृत कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरी को एक सप्ताह के अन्दर अवगत कराना सुनिश्चित करें। इतने सारे सबूत सामने आने के बाद तो लग रहा है कि थाना अध्यक्ष महोदय खुद फंस जाएंगे यदि प्रकरण माननीय न्यायालय के सामने चला गया तो वहां थाना अध्यक्ष जवाब नहीं दे पाएंगे जो पद पर रहते हुए दूसरे संरक्षण दे रहे है हो सकता है न्यायालय के संज्ञान में आने के बाद उन्हें स्वयं कोई संरक्षण न दे। मीडिया की प्रकरण पर पूरी तरह से नजर है देखते हैं आगे क्या होता है।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएचसी को मिली बायोकेमेस्ट्री एनालाइजर मशीन, होंगी 30 तरह की जांचें

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** अकबरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराने आने वाले मरीजों के लिए राहत भरी खबर है। अब उन्हें लीवर, किडनी सहित 30 प्रकार की जांचों के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। सबकुछ ठीक रहा तो अगले माह से बायोकेमेस्ट्री एनालाइजर मशीन से जांचें शुरू हो जाएंगी। जल्दी ही मशीन को इंस्टॉल किया जाएगा।नगर के मीरानपुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले मरीजों की अभी सामान्य जांच हो जाती है। गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को जांच के लिए निजी सेंटर या फिर जिला अस्पताल जाना पड़ता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अब बायोकेमिस्ट्री एनालाइजर मशीन के आने से क्षेत्र की 30 हजार की आबादी को लाभ मिलेगा। मशीन इंस्टॉल होने के बाद यहां लीवर, किडनी, खून, लिपिड प्रोफाइल, यूरिक एसिड, कोलेस्ट्रॉल, कैल्शियम, मैग्नीशियम, प्रोटीन व आयरन सहित 30 प्रकार की जांचें होने लगेंगी।बायोकेमेस्ट्री एनालाइजर मशीन जल्द ही इंस्टॉल करा दी जाएगी।

**-डॉ. मार्कंडेय प्रसाद, अधीक्षक सीएचसी अकबरपुर**

### ट्रेन की चपेट में आने से छात्रा की कटकर दर्दनाक मौत

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** मालीपुर धौरुवा रेलवे क्रासिंग पर ट्रेन की चपेट में आने से एक 25 वर्षीय छात्रा की कटकर दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना देख लोगों की भीड़ जुट गई। वहीं घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार मालीपुर थाना क्षेत्र के बैरागल गांव निवासिनी अन्नू प्रजापति पुत्री राम सेवक प्रजापति उम्र 25 वर्ष बाबा बरुवा दास पीजी कॉलेज परूईया आश्रम में पोस्ट ग्रेजुएट की छात्रा थी। और वह सुबह विद्यालय के लिए साइकिल से निकली थी। उसे रेलवे क्रासिंग के पार नेमपुर मार्ग पर कोई कार्य था। जब वह लौटी तो रेल फाटक बंद था चूंकि शाहगंज की तरफ से आ रही मालगाड़ी जो कोयला लेकर एन टी पी सी जा रही थी।

## भ्रष्टाचार करने वालों को बच्चों की जान की भी फिक्र नहीं, क्या पैसे के सामने सब बौना

**अम्बेडकर नगर।** भ्रष्टाचार करने वालों को बच्चों की जान की भी फिक्र नहीं कहा जाता है बाप न भैया सबसे बड़ा रुपयीया यानी पैसे के सामने सब बौना। जनपद के कटेहरी ब्लॉक क्षेत्र अन्तर्गत कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय चिउटी पारा में मिली जानकारी अनुसार मनरेगा से नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण किया निर्माण में लगाई जा रही घटिया सामग्री पीली ईंटों का धलल्ले से प्रयोग किया जा रहा है और मात्र 2 फीट गड्ढा खोदकर बुनियाद की बुनाई किया जा रहा है जानकारी मिली है कि अभी नयी पट्टदर है जिसका नींव का लेवल बगल में सटे खेत से भी कम है ।जो कभी भी गिर जाएगा नव



निहालों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।बताया यह भी जा रहा है कि पूर्व में स्कूल की बाउंड्री वॉल का निर्माण भी मनरेगा से कराया गया था जिसका जिसमें लगा गेट टूट गया था। पुन: रिपेयरिंग करा कर दुरुस्त कराया गया। आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण को तुरंत रोकने के लिए सही निर्माण कराए जाने के लिए ग्राम पंचायत सदस्य प्रतिनिधि महेंद्र गौड़ ने जब ठेकेदार से बात किया उसने एस्टीमेट का हवाला देते हुए बात को अनसुनी कर दिया।अब देखना यह है कि जनपद के जिम्मेदार अधिकारी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के राज में भी ऐसे लोगों पर कब तक मेहरबान रहेंगे।

### अयोध्या में हर तरफ इस समय श्रद्धालुओं की भारी भीड़

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अयोध्या।** प्रयागराज महाकुंभ में तो भारी भीड़ है ही बल्कि अयोध्या में भी भारी भीड़ देखने को मिल रही है. दरअसल जो यात्री देश-विदेश से महाकुंभ के लिए प्रयागराज आए हैं, वह वाराणसी, अयोध्या और मथुरा भी जा रहे हैं। अयोध्या और वाराणसी में इस समय भारी भीड़ देखने को मिल रही है। अयोध्या की हर गली-हर चौराहा इस समय राम भक्तों से पट गया है. प्रशासन के बड़े-बड़े इंतजाम विशाल भीड़ के सामने छोटे नजर आ रहे हैं।अयोध्या में हर तरफ इस समय श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ही नजर आ रही है. सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए प्रशासन के बड़े अधिकारी भी सड़क पर उतर गए हैं और हालातों को संभालने की कोशिश कर रहे हैं।

## मंत्रोच्चार के बीच छत्रपति शिवाजी महाराज के मूर्ति का हुआ अनावरण

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** मालीपुर तिराहे पर मंत्रोच्चार के बीच छत्रपति शिवाजी महाराज की भव्य मूर्ति का विधिवत पूजन अर्चन कर अनावरण किया गया। जिलाधिकारी अविनाश सिंह,एमएलसी डॉ हरिओम पांडे, एसपी केशव कुमार,एडीएम सदानंद गुप्ता, विधायक कटेहरी धर्मराज निषाद ने संयुक्त रूप से बटन दबाकर मूर्ति का अनावरण किया। डीएम अविनाश सिंह ने कहा है गणतंत्र दिवस का जो मुख्य थीम है स्वर्णिम भारत विरासत से विकास,विरासत से दिखा रहा है हमको क्या मिला है। उसी को दर्शाते हुए इस प्रतिमा का अनावरण किया गया।उन्होंने कहा कि एमएलसी और एमएल के प्रयास से पूरे जलालपुर कस्बे के लिए लगभग छ: सौ करोड़ का एक प्रोजेक्ट है शासन को भेजा दिया गया है। बाजार में जो मुख्य समय है जिससे निपटारा पाने के लिए पब्लिक की मांग पर बाईपास के निर्माण के लिए



65 करोड़ का प्रपोजल शासन को चला गया है। जल्द ही जाम समेत अन्य समस्याओं से छुटकारा मिलेगा।इससे पहले सीओ अनूप कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी पवन जायसवाल, तहसीलदार पदमेश श्रीवास्तव, ईओ अजय कुमार सिंह,कोतवाल संतोष कुमार सिंह, चेयरमैन प्रतिनिधि अबुल बशर अंसारी समेत सभासदों ने अतिथियों का भावभीना स्वागत किया। भाजपा नगर अध्यक्ष संदीप अग्रहरि ने डीएम अविनाश सिंह से मालीपुर तिराहे को शिवाजी तिराहे से नामकरण करने की मांग की । डीएम ने अपनी सहमति व्यक्त की। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी सदानंद गुप्ता, वरिष्ठ नेता राम प्रकाश यादव ,संजय सिंह,संजीव मिश्र,एमएलसी प्रतिनिधि कृष्ण गोपाल गुप्ता,केशव श्रीवास्तव, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष आनंद जायसवाल,जिला प्रतिनिधि देवेश मिश्र,नगर महामंत्री विकाश निषाद,सभासद अजीत निषाद,अनुज सोनकर,छोटु जायसवाल,विनोद श्रीवास्तव,नृपेन्द्र कुशवाहा समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थिति रहे।

## गणतंत्र दिवस के अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में ध्वजारोहण किया

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी के निर्देश पर भाजपा जिला महामंत्री बाबा राम शब्द यादव ने विधायक धर्म राज निषाद,भाजपा जिला महामंत्री दिलीप पटेल देव, जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय,जिला मंत्री विनय पाण्डेय के साथ ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण और राष्ट्रगान के बाद बाबा राम शब्द यादव ने कहा कि भारत की संविधान लागू होने के 75 वर्ष पर भाजपा संविधान गौरव अभियान चला



रही है। कहा कि संविधान ने हमें एक सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न, समाजवादी, पंथ निरपेक्ष, लोक तांत्रिक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक,आर्थिक एवं राजनैतिक न्याय,विचार,अभिव्यक्ति,विश्वाश, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता,प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुत्व बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्पित हो कर कार्य करने के लिए कहा है।कहा कि भारत का संविधान 26 जनवरी 1949 को बन गया था। 26 जनवरी 1950 को देश में संविधान लागू हुआ था। कहा कि भाजपा भारत के संविधान और डॉ भीम राव अंबेडकर जी का सम्मान हमेशा से करती रही है। कांग्रेस सहित अन्य दल हमेशा संविधान और बाबा साहब की सम्मान के साथ खिलवाड़ करते रहे हैं। पार्टी कार्यालय पर ध्वजारोहण के बाद कार्यकर्ताओं में मिष्ठान वितरण किया गया। उक्त अवसर पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष गौरव श्रीवास्तव,अरविंद सिंह डिंपू,नवनीत मद्धेशिया, सभासद अतुल वर्मा, सतपाल पटेल, श्याम लाल राजभर,अमित सिंह, प्रेम चंद्र वर्मा,उमा शंकर सिंह सोनू,रवींद्र वर्मा,शुभम पाण्डेय, अशोक कन्नौजिया,विजय वर्मा, अमित प्रजापति,के के प्रजापति, अखिलेश वर्मा,नीरज त्रिपाठी एडवोकेट आदि शामिल रहे।

## बोर्ड परीक्षा के लिए बने 113 केंद्रों को अत्याधुनिक संसाधनों से होंगे लैस

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** जिले में बोर्ड परीक्षा के लिए बने 113 केंद्रों को अत्याधुनिक संसाधनों से लैस किया जा रहा है। वायस रिकॉर्डर युक्त सीसीटीवी कैमरों के साथ ही राउटर व हाईस्पीड इंटरनेट कनेक्टिविटी की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जा रही है। बोर्ड परीक्षा केंद्रों की त्रिस्तरीय निगरानी की जाएगी। जिला स्तरीय विभागीय कंट्रोल रूम डीआईओएस कार्यालय में स्थापित किया जाएगा। वहीं यूपी बोर्ड के मुख्यालय में भी कंट्रोल रूम बनेगा।सभी कंट्रोल रूम एक दूसरे से कनेक्ट रहेंगे जिससे किसी भी परीक्षा केंद्र को लाइव देखा जा सके। अगर गड़बड़ी मिली तो कार्रवाई तीनों स्तर की रिपोर्ट से तय होगी। इस बार परीक्षा में 71368 विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। 113 परीक्षा केंद्र के कैमरे 24 घंटे सक्रिय रहेंगे, ताकि पूरी तरह से नजर रखा जा सके। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि रिकॉर्डिंग को छह महीने तक सुरक्षित रखना होगा। बीते दिनों डीआईओएस ने सभी केंद्र व्यवस्थापकों की बैठक कर सीसीटीवी कैमरों को दुरुस्त कराने के साथ ही अन्य संसाधनों को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए हैं। परीक्षा के पहले केंद्रों की व्यवस्थाओं की पड़ताल भी होगी।बता दें कि यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा 24 फरवरी से शुरू होनी है। जिले में 376 माध्यमिक विद्यालय हैं। इनमें 32 राजकीय व 60 एडेड स्कूल हैं। बोर्ड परीक्षा के लिए 113 केंद्र बनाए गए हैं।

# जिले भर में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 76 वां गणतंत्र दिवस

**केसरिया हिन्दुस्तान इसरार ब्यूरो पीलीभीत**

**पीलीभीत।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन पीलीभीत में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि राज्यमन्त्री गन्ना एवं चीनी मिलें उत्तर प्रदेश सरकार संजय सिंह गंगवार ने ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण किया इसके बाद परेड की सलामी ली। परेड कमांडर क्षेत्राधिकारी लाइन्स विधि भूषण मौर्या के नेतृत्व में पुलिस की टुकड़ियों ने सलामी दी। जिलाधिकारी पीलीभीत संजय सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय के द्वारा समस्त पुलिसकर्मियों को देश की आजादी और एकता की रक्षा करने व उसे मजबूत बनाने में योगदान करने के लिए शपथ दिलायी गई। इसके साथ ही जनहित में अच्छा कार्य करने वाले व अपने कार्य के प्रति ईमानदार रहने वाले अधिकारी/कर्मचारीगण एवं सभी टोली कमांडरों को मुख्य अतिथि/डीएम/एसपी के द्वारा प्रशस्ति पत्र/मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित पुलिस कर्मियों में परेड कमाण्डर प्रथम विधि भूषण मौर्य(क्षेत्राधिकारी नगर), परेड कमाण्डर द्वितीय उ0नि0 बलराम सिंह, परेड कमाण्डर तृतीय उ0नि0 अफसर हुसैन, टोली कमाण्डर प्रथम उ0नि0 मनवीर सिंह, टोली कमाण्डर द्वितीय उ0नि0 सुभाष चन्द्र , टोली कमाण्डर तृतीय उ0नि0 सौरभ धामा ,टोली कमाण्डर चतुर्थ उ0नि0 लखपत सिंह , टोली कमाण्डर पंचम ऋत्रु चौधरी 2 , टोली कमाण्डर षष्टम पवन कुमार त्यागी, निरीक्षक श्री नरेश कुमार त्यागी(प्रभारी निरीक्षक थाना पूरनपुर), निरीक्षक अशोक



पाल(प्रभारी निरीक्षक थाना माधोटांडा), निरीक्षक कान्तिवीर सिंह(प्रभारी एसओजी), निरीक्षक पवन कुमार पाण्डेय(प्रभारी थाना सुनगढ़ी), निरीक्षक अजय सिंह(पीआरओ पुलिस अधीक्षक) सहायक उ0नि0 आदर्श पाराशरी(प्रभारी मीडिया सेल), सहायक उ0नि0 श्री संतोष कुमार (प्रभारी सीसीटीएनएस), उ0नि0 सुनील कुमार शर्मा (प्रभारी सर्विलांस), उ0नि0 अमित प्रताप सिंह (पीआरओ पुलिस अधीक्षक), उ0नि0 ललित कुमार(थाना पूरनपुर), उ0नि0यू0टी0श्री हिमांशु चौधरी(प्रभारी चौकी कस्बा थाना सुनगढी), उ0नि0 परमजीत कौर (प्रभारी महिला अपराध प्रकोष्ठ), उ0नि0 नवीता (प्रभारी जनशिकायत प्रकोष्ठ), मुख्य आरक्षी जगवीर(थाना पूरनपुर), मुख्य आरक्षी अजब सिंह (एसओजी), मुख्य आरक्षी सोमदेव तिवारी (कार्यालय क्षेत्राधिकारी नगर), मुख्य आरक्षी सवितेन्द्र (कार्यालय क्षेत्राधिकारी सदर), मुख्य आरक्षी त्रिवेणी सहाय (कार्यालय क्षेत्राधिकारी बीसलपुर), मुख्य आरक्षी सत्येन्द्र सिंह (चुनाव सेल/एलओसेल), मुख्य आरक्षी जितेन्द्र कुमार मिश्रा (कार्यालय अपर पुलिस अधीक्षक) , मुख्य आरक्षी मुनेश कुमार (थाना बीसलपुर) , आरक्षी सुमित(थाना माधोटांडा), आरक्षी हितेश(थाना माधोटांडा), आरक्षी शहनवाज (एसओजी), आरक्षी कुलदीप (एसओजी), आरक्षी अजय चौधरी (एसओजी), आरक्षी गया प्रसाद(कार्यालय क्षेत्राधिकारी लाइन), आरक्षी ओमवीर सिंह (गोपनीय कार्यालय), आरक्षी राशिद(यूपी-112), आरक्षी सैन्की शर्मा(कार्यालय क्षेत्राधिकारी यातायत), आरक्षी ईश्वर दयाल(कार्यालय क्षेत्राधिकारी पूरनपुर), महिला आरक्षी नूतन(गजरौला), महिला आरक्षी विनय शर्मा(थाना जहानाबाद), महिला आरक्षी मेघा शर्मा(थाना बरखेड़ा), महिला आरक्षी ज्योति(थाना अमरिया), महिला आरक्षी वन्दना(थाना बिलसंडा), महिला आरक्षी कंचन(थाना घुंघचाई) उपस्थित रहे। मंच संचालिका श्रीमती संगीता दुग्गल द्वारा कार्यक्रम का उद्घोषक किया गया। इसके उपरान्त सांस्कृतिक कार्यक्रमों में जनपद के पुलिस लाइन परिसर 2. माम्स प्राइड स्कूल पीलीभीत 3. ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल पीलीभीत 4. लार्ड कृष्णा स्कूल पीलीभीत 5. कम्पोजिट विद्यालय बरहा पीलीभीत 6. लिटिल एंजिल स्कूल पीलीभीत 7. ईशर एकेडमी गजरौला पीलीभीत के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतिया दी। अंत में मुख्य अतिथि/जिलाधिकारी/पुलिस अधीक्षक महोदय ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रस्तुति देने वाले जनपद के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश श्री जितेन्द्र सिन्हा, अपर पुलिस अधीक्षक पीलीभीत श्री विक्रम दहिया, प्रभागीय वनाधिकारी श्री मनीष सिंह , क्षेत्राधिकारीगण एवं जिले के अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे। वही डीएम पीलीभीत संजय सिंह ने कलेक्ट्रेट व वाल्टन क्लव मे ध्वजारोहण किया वही नगर पंचायत बरखेड़ा मे नगर पंचायत अध्यक्ष श्याम विहारी भोजवाल ने नगर पंचायत परिसर मे ध्वजारोहण किया साथ ही साथ वीर सपूतो को याद करके गणतंत्र दिवस मनाया वही इस मौके नफीस अहमद लेखाकार, हरीओम भोजवाल, टीटू, लक्ष्मीकान्त भोजवाल, अर्चना सक्सेना, देवांग, चेतन जायसवाल, जगजीवन राम भारती सहित नगर के कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# 76वें गणतंत्र दिवस पर कस्टम विभाग ने LCS ICP अटारी में झंडा फहराया

76वें गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी, 1950 को भारत के गणतंत्र में परिवर्तन की याद में मनाया जाता है, जब भारतीय संविधान लागू हुआ था।ख इस वर्ष का विषय, 卐स्वर्णिम भारत~ विरासत और विकास, भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और विकास की ओर इसकी यात्रा पर प्रकाश डालता है!

मुझे यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि सीमा कस्टम कमिश्नर, श्री अभिनव गुप्ता ने हमें भारत के 76वें गणतंत्र दिवस, 2025 के अवसर पर स्र्स ढ्ढष्टक्क अटारी में ध्वजारोहण समारोह में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है! 26 जनवरी 2025 को सुबह 8ञ्00 बजे टर्मिनल के बगल में जत्था शेड के सामने वाले स्थान



पर आयोजित किया जाएगा! इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का हिस्सा बनकर खुशी हुई, जिसे अटारी सीमा पर सीमा शुल्क टीम और बीएसएफ कमांडो द्वारा गर्मजोशी से स्वागत करके और भी खास बना दिया गया!

मेरे साथ मेरे पिता, श्री स्वराज गोयल, गोबिंद यार्न के मालिक थे; गोयल यार्न के मालिक श्री विशाल गोयल; लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष श्री अमित कपूर; लघु उद्योग भारती की अध्यक्ष प्रियंका गोयल; धनवंतरी फार्मा स्यूटिकल्स के मालिक श्री जेपी सिंह; और एसोसिएट इंडस्ट्री एसोसिएशन के सम्मानित सदस्य- श्री गुरप्रताप सिंह और श्री जसप्रीत सिंह! श्री अभिनव गुप्ता एलसीएस आईसीपी अटारी सर और श्री उमेश मीना सर और उनकी टीम के प्रति मेरी हार्दिक कृतज्ञता, समारोह के दौरान उनके द्वारा दिखाए गए असाधारण आतिथ्य और गर्मजोशी को देखते हुए, पूरी तरह से योग्य है। यह बहुत अच्छा है कि आपने उनकी दयालुता और उदारता को स्वीकार किया, जिससे यह कार्यक्रम वास्तव में अविस्मरणीय बन गया। एक बार फिर, इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का हिस्सा बनने वाले सभी लोगों को बधाई!

# अर्जुनी सहित अंचल में जगह-जगह किया गया ध्वजारोहण

**कमलेश रजक ब्यूरोचीफ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**



बलौदाबाजार= जिला मुख्यालय एवं ग्रामीण अंचल के भद्रापाली रवान टोनाटार टोपा मोपर मिरगी गोढ़ी खैरताल सहित अर्जुनी में 76वा गणतंत्र दिवस का पर्व धूमधाम से मनाया। अनेक स्थानों में झंडा फहराया गया सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र छात्राओं ने प्रभात फेरी के साथ प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति अर्जुनी पंजीयन क्रमांक 377 में पहुंचे जहां भारत माता महात्मा गांधी के छायाचित्र की पूजा अर्चना कर समिति के प्राधिकृत अधिकारी जवाहरलाल वर्मा ने झंडा फहराया। सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में महावीर शिक्षण समिति के अध्यक्ष राजेंद्र जैन छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक में गुलशन वर्मा वार्ड नंबर 2 में कुलेश्वरी कटारे ने ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान जवाहरलाल वर्मा प्राधिकृत अधिकारी मुक्तानंद वर्मा प्रभारी समिति प्रबंधक चंद्रशेखर वर्मा मेशवर्मा संजय रजक लीला साहू तुकाराम रजक पुनीत राम वर्मा महेश साहू राजेंद्र जैन भगवती प्रसाद वर्मा चंद्रिका प्रसाद शर्मा प्रमोद जैन डमरू धर वर्मा संतोष वर्मा अरुण सेन गजाधर वर्मा प्रेमचंद वर्मा मुखित साहू चित्ररेखा साहू राजू रजक रिपुसुदन वीरेंद्र वर्मा रमेश शर्मा प्राचार्य पुरुषोत्तम वर्मा किशोरी ध्रुव बसंत वर्मा माखन साहू चैन सिंह वर्मा श्रवण निषाद लक्ष्मी नारायण निषाद भारत बंजारे हिन्छा राम भारद्वाज भगवती सेन भागमती निषाद फाल्गुनी वर्मा उमेश्वरी वर्मा कीर्ति लहरें कमल वर्मा पार्वती ध्रुव गुलशन वर्मा श्वेता कुमारी दीपक रजक नेमा रजक उषा साहू अवध राम साहू कुलेश्वरी कटारे माधव ध्रुव काशीराम ध्रुव कन्हैया कटारे गोलू साहू संतोष यादव मनसा यादव गुरु चरन ध्रुव चोकू यादव संतोष पांडे मनीराम साहू श्यामलाल ध्रुव लखन कटारे बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# सरकार व बोर्ड के अधिकारियों ने मांगा 20 दिन का समय

**निर्माण मजदुरो की समस्याओं के तय समय में अगर समाधान नहीं होगा तो भवन निर्माण कामगार यूनियन 1 फरवरी को राज्य कमेटी की मीटिंग करके प्रदेश भर में आंदोलन की योजना बनायेगी**

**केसरिया हिंदुस्तान नज़ीर हूसैन ब्यूरो चीफ जींद हरियाणा**

**चंडीगढ़।** आज भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा का डेलिगेशन ज्वाइंट डारेक्टर ने श्रम कल्याण बोर्ड पंचकूला में बुलाया गया था डेलिगेशन में यूनियन के राज्य अध्यक्ष सुखबीर सिंह,राज्य उपाध्यक्ष देशराज, राज्य महासचिव राममेहर सिंह, राज्य कोषाध्यक्ष मनोज सोनी, राज्य सचिव संदीप जाजवान ओर राज्य कमेटी सदस्य शीतल शामिल हुए।

यूनियन नेताओ ने कहा कि बोर्ड के अधिकारियो के साथ यूनियन की डेलिगेशन आज 2 घण्टे तक मीटिंग चली जिसमें



प्रदेश भर से 32000 ब्लॉक किया गया पंजीकरण को जांच के बाद ओपन किया जायेगा। आगामी वार्ता तक कोई और पंजीकरण ब्लॉक नहीं होगा। अन्य मसले व 90 दिन की वर्क्सलिप वेरीफाई करने को यूनियनों को देने बारे में बोर्ड की मीटिंग में ले जायेगा। फरवरी में बोर्ड की मीटिंग के बाद श्रम मंत्री से डेलिगेशन को समय दिया जायेगा। इसलिए कल होने वाला श्रम मंत्री आवास पर प्रदर्सन अभी स्थगित किया गया है। जो बोर्ड की मीटिंग व श्रम मंत्री से बातचीत होने के बाद तय किया जाएगा।

आगे बोलते हुए यूनियन नेताओं ने कहा कभी ऑनलाइन व कभी फैमिली आईडी के नाम पर आज सरकार और बोर्ड मजदूरों को बोर्ड से बाहर करने में लगा हुवा है। उन्हें लाभ से वंचित करना चाहता है जबकि बोर्ड में हजारों करोड़ रुपए जमा है। नित नए तरह तरह के प्रयोग करके बोर्ड प्रयोगों के अड्डा बना दिया गया है। जिससे मजदुरो को रोजाना भागदौड़ करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। भृष्ट अधिकारियों पर कार्यवाही करने की बजाय मजदुरो को ही बोर्ड से बाहर किया जा रहा है। इसलिए प्रदेश भर के 22 लाख निर्माण मजदुरो में सरकार की नीतियों का भारी रोष है। मजदुरो के रोष को देखते हुए सरकार व बोर्ड के अधिकारियो ने 20 दिन का समय निर्माण मजदुरो की समस्याओं के समाधान के लिए मांगा गया है। जल्द ही यूनियन 1 फरवरी को राज्य कमेटी की मीटिंग करके प्रदेश भर में आंदोलन की योजना बनायेगी।

# सूरज कोचिंग सेंटर ने ध्वजारोहण करके बहुत ही धूमधाम से मनाया 76वां गणतंत्र दिवस

जनवरी गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर सूरज कोचिंग सेंटर के संस्थापक घनश्याम कुमार ने अपने माता जी के हाथों ध्वजारोहण करके मनाया 76 वां गणतंत्र दिवस। सूरज कोचिंग सेंटर के संस्थापक घनश्याम कुमार ने बताया कि भारत और भारतवासी आज 76वां गणतंत्र दिवस मना रहे हैं। 26 जनवरी का यह दिन देश के लिए गौरव और सम्मान का दिन होता है। इसी दिन साल 1950 में भारत का संविधान लागू हुआ था और देश गणराज्य लोकतांत्रिक बना था। यही वजह है कि 1950 से लेकर आज तक, हम 26 जनवरी के दिन को गणतंत्र दिवस के रूप में मना रहे हैं। गणतंत्र दिवस के मौके पर देशभर में विभिन्न आयोजन होते हैं। दिल्ली में होने वाली भव्य परेड सबसे खास होती है। इस परेड में भारतीय सैन्य शक्ति, सांस्कृतिक विविधता और



आत्मनिर्भरता का अद्भुत संगम देखने को मिलता है, जो हर भारतीय के दिल में देशभक्ति की लहर और जोश भर देता है। गणतंत्र दिवस का मौका केवल देशभक्ति और जोश से रोम-रोम जगाने का ही नहीं, बल्कि स्वतंत्रता सेनानियों और देश के लिए शहीद होने वाले जवानों को भी याद करने का है। इस मौके पर देश जवानों और स्वतंत्रता सेनानियों को याद करते हैं। इसके साथ-साथ संस्थापक घनश्याम कुमार ने बताया कि वह पिछले 12 सालों से लगातार अपने आसपास के बच्चों को पढ़ा रहे हैं। और उन्हें एक अच्छी शिक्षा देने का प्रयास कर रहे हैं। इसके साथ-साथ सभी अभिभावकों से निवेदन किया कि अपने बच्चों को स्कूल और कोचिंग प्रत्येक दिन भेजें जिससे कि वह हर रोज कुछ नया सीख पाए और अपना और अपने परिवार का नाम रोशन कर पाएं समाज में। हर बच्चा पढ़े और आगे बढ़े सूरज कोचिंग सेंटर की तरफ से आप सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। जय हिंद जय भारत।

# बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया 76वां गणतंत्र दिवस

**संवाददाता, लाल बहादुर सिंह**

कुछ नशा तिरंगे की आन का है, कुछ नशा मातृभूमि की शान का है, हम लहराएंगे हर जगह तिरंगा जैसी नशा यह हिंदुस्तान के सम्मान का है, कुछ इन्हीं भावना से जश्न ए गणतंत्र दिवस का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ सिंगरौली जिले के चितरंगी विकासखंड स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय गड़वानी में बड़े ही धूमधाम के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया।

सुबह से ही विद्यालय का दृश्य बड़ा ही अद्भुत था, तिरंगा लिए नन्हे मुन्ने बच्चों का जोश अपने शबाब पर था। कार्यक्रम का शुभारंभ पंचायत सरपंच श्रीमती सुषमा साकेत के कर कमलों द्वारा ध्वजारोहण का कार्य संपन्न



हुआ। इसके पश्चात सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रीय गान गाया गया, तत्पश्चात विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने गणतंत्र दिवस पर प्रकाश डालते हुए उसके महत्व को समझाया और उन शहीदों को नमन किया जिन्होंने देश के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी। विद्यालय में आए अतिथियों द्वारा भी पुष्प सुमन अर्पित किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम में आए अतिथियों एवं स्कूल के सभी सदस्यों का अहम योगदान रहा, अंत में सभी को प्रसाद के रूप में मिष्ठान वितरण किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक सियाराम साकेत, पंचायत सरपंच श्रीमती सुषमा साकेत, सचिव बैद्यनाथ धर द्विवेदी, पुष्पराज सिंह बैश, आनंद बैश, एवं अन्य ग्रामीण जन व विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# खोलते दूध के भगौने से टकराकर में गिरा बच्चा हुई मौत

**केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव**

जनपद के नगला लक्ष्मण के रहने वाले भोलेनाथ के पुत्र हिमांशु की मौत खोलने दूध में झूलसने के कारण हुई घटना उस समय हुई जब हिमांशु घर में खेल रहा था और रसोई में दूध गर्म हो रहा था अचानक बच्चा दूध के भागने में गिर गया और खोलने दूध में बुरी तरह झुलस गया परिजन तुरंत बच्चों को निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उसका इलाज शुरू किया गया बच्चे की मां दूसरे कमरे में थी



छोटे बच्चों को संभाल रही थी इस दौरान हिमांशु दौड़ते हुए किचन की तरफ गया जहां पर भगौने में गिर गया जिसमें खौलता हुआ दूध उसके ऊपर गिर गया हालत बिगड़ने पर शाम को परिजन हिमांशु को एटा स्थित मेडिकल कॉलेज ले गई वहां इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद मृतक घोषित कर दिया परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए ही शब को लेकर चले गए परिजनों ने बच्चे के शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया।

# अखिल भारतीय व्हॉलीबाल प्रतियोगिता के समापन अवसर पर राज्यमंत्री श्री अहिरवार का हुआ प्रथम नगर आगमन

**अनूपपुर ब्यूरो विकास कुमार की रिपोर्ट**

**डूमरकछार/पौराधार** – नगर परिषद डूमरकछार मे सयुंक्त सलाहकार समिति सदस्य (हसदेव क्षेत्र) फ्रेंडस यूनियन क्लब पौराधार एवं नगर परिषद डूमरकछार के सहयोग से 22 जनवरी से चल रहे अखिल भारतीय व्हालीबाल प्रतियोगिता का फाइनल मैच 25 जनवरी को संपन्न हुआ। इस चार दिवसीय प्रतियोगिता कार्यक्रम मे रायबरेली (उ.प्र.), उत्तराखंड, हरियाणा, आंध्रप्रदेश/केरल, पंजाब, रेलवे लखनऊ, आर्मी टीम सागर (म.प्र.) आर्मी टीम रांची (झारखण्ड) प्रदेश के खिलाड़ियों ने भाग लेकर शानदार प्रदर्शन कर लोगो को रोमांचित किया।

सर्वप्रथम श्री अहिरवार के आगमन पर स्वागत नगर परिषद डूमर कछार क्षेत्र में प्रवेश करते ही राजनगर स्टेडियम के समीप निकाय के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, फ्रेंड्स यूनियन क्लब एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के द्वारा, कार्यक्रम स्थल के समीप बाजे गाजे के साथ आतिशबाजी कर स्वागत

किया गया। कार्यक्रम स्थल पर कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर ग्राउंड में टॉस एवम सर्विस बॉल प्रेषित कर श्री अहिरवार ने फाइनल मैच का शुभारंभ किया।

समापन कार्यक्रम म.प्र. शासन के राज्यमंत्री,वन एवं पर्यावरण प्रभारी मंत्री अनूपपुर दिलीप अहिरवार के मुख्य आतिथ्य एसईसीएल हसदेव क्षेत्र के महाप्रबंधक उमेश शर्मा की अध्यक्षता एवं उपक्षेत्रीय प्रबंधक राजनगर उपक्षेत्र एमपी सिंह,डॉ. सुनील कुमार चौरसिया अध्यक्ष नगर परिषद डूमरकछार एवं जिला योजना समिति सदस्य खान प्रबंधक झिरिया आर.बी.नेताम के विशिष्ट आतिथ्य में,अन्य अतिथियों उपाध्यक्ष सुश्री कंचना मेहता, सभापति महेश चौहान, रवि सिंह, जीतेंद्र चौहान, रंजीत कुमार वर्मा, पार्षदगण विजेंद्र देवांगन,राकेश



**पंजाब ने लखनऊ को हराकर बनी विजेता**

दीवान, पार्वती सिंह गोंड़,सरिता यादव, चंदा देवी महरा, मंचासीन अतिथि भाजपा पूर्व जिला ,बृजेश गौतम रामदास पुरी,आधाराम वैश्य, जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह,मंडल अध्यक्ष कमलेश चतुर्वेदी,पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश कलशा, हनुमान गर्व,रवि तिवारी, बृजमोहन सिंह,यशवंत सिंह अध्यक्ष नगर परिषद बनगवां,अजय सोनी अध्यक्ष कोतमा नगर पालिका,राम अवध सिंह अध्यक्ष नगर पालिका पसान,सहबिन पनिका अध्यक्ष नगर पालिका बिजुरी, रविशंकर तिवारी उपाध्यक्ष नगर परिषद डोला,अजय यादव उपाध्यक्ष नगर पालिका पसान,प्रशांत शम्भू सिंह,आनंद केशरवानी,विजय राठौर मंडल अध्यक्ष वेंकट नगर रामचंद्र यादव सचिव जिला वालीबॉल एसोसिएशन ट्रेड यूनियन लीडर अशोक दुबे, बघेला सिंह मनोज श्रीवास्तव सुनील पांडे सहित बड़ी संख्या में फ्रेंड्स यूनियन क्लब के पदाधिकारी,नगर परिषद क्षेत्र की जनता, ट्रेड यूनियन के लीडर्स,भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

पधारे हुए अतिथियों का आयोजक मंडल,संयुक्त सलाहकार समिति सदस्य (हसदेव क्षेत्र एवं राजनगर उपक्षेत्र) फ्रेंड्स यूनियन क्लब पौराधार तथा सहयोग मे लगे नगर परिषद के कर्मचारियों ने,तिलक लगाकर पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया,विदित हो कि राज्यमंत्री श्री अहिरवार का डूमरकछार नगरीय क्षेत्र मे प्रथम नगर आगमन था,इस अवसर जनप्रतिनिधियो,भाजपा के पदाधिकारियों/ कार्यकर्ताओं, वरिष्ठजनो, आयोजकर्ताओ,एवं परिषद के अधिकारियों,कर्मचारियों ने उनका भव्य स्वागत किया ।

अखिल भारतीय व्हॉलीबाल प्रतियोगिता का समापन मैच 5 सेट का खेला गया । जिसमे लखनऊ (उ.प्र.)और पंजाब टीम के बीच जबरदस्त मुकाबला हुआ इसमे पंजाब की टीम ने 3-2 से जीत हासिल की।इसके उपरांत मुख्य अतिथि द्वारा विजेता एवं उप विजेता टीम को नगद पुरस्कार पर ट्राफी देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री अहिरवार ने अपने संबोधन में कहा कि बहुत ही उच्च कोटि का खेल का प्रदर्शन यहां पर दोनों ही टीमों के द्वारा किया गया, यहां समापन में इस प्रतियोगिता के होने से यहां के युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए एक प्रेरणा मिलेगी,इस छोटे से स्थान पर अखिल भारतीय स्तर का कार्यक्रम कराया जाना अपने आप में एक सुखद अनुभव है,मैं फ्रेंड्स क्लब,आयोजन समिति एवं नगर परिषद डूमरकछार को शुभकामनाएं देता हूँ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक श्री शर्मा ने कहा कि कोयलांचल क्षेत्र में काम करने वाले कामगारों के लगातार सेवानिवृत्ति के बावजूद सीमित साधनों और सीमित व्यवस्थाओं के आधार पर इतने बड़े आयोजन को करने का कार्य जो इन स्थानीय लोगों ने किया है वह वाकई काबिले तारीफ है,छोटे से जगह पर इतने बड़े आयोजन को करके खेल के क्षेत्र में एक नयी क्रांति यहां के स्थानीय लोगों ने लाया है,जिसके लिए यह सब धन्यवाद के पात्र हैं।

विशिष्ट अतिथि श्री चौरसिया ने कहा कि यह 31वां अखिल भारतीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता था जो सीमित साधनों और संसाधनों के साथ संपन्न कराया गया। समापन मैच के इस अवसर पर निकाय के लेखापाल रजनीश प्रसाद शुक्ला, उपयंत्री शिवराम इडपाचे,पार्षद पति के.एन शर्मा,योगेश पालीवाल, राजेंद्र महरा,विजय सिंह मीडियाकर्मी चैतन्य मिश्रा,( अध्यक्ष वालीबाल संघ जिला अनूपपुर) सुमिता शर्मा,मनोज सिंह, मनोज शुक्ला,समर बहादुर सिंह,पंकज शर्मा नागरिकगण अजय दुबे,सुजीत पाण्डेय,अशोक वर्मा, संजीत दुबे,दिवाकर सिंह,संयुक्त सलाहकार समिति सदस्य के सत्यदेव सिंह,अनुप सिंह,भरत भूषण सिंह,भगेला सिंह, शिवपूजन सिंह,फ्रेंड्स यूनियन क्लब पौराधार के विनोद सिंह,रामनारायण यादव,ठाकुर राम, राजकुमार सिंह,आलोक मित्रा,संजय राव,अवधेश सिंह,जगदीश पटेल,अंकित गौतम,आदित्य गुप्ता परिषद के समस्त अधिकारी/ कर्मचारी,नगर के वरिष्ठजन, महिलाएं,बेटी बड़ी संख्या मे उपस्थित रहे।

# 76वां गणतंत्र दिवस कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ हुआ संपन्न

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान से विकास कुमार की रिपोर्ट अनूपपुर जिला ब्यूरो**

**डूमरकछार/पौराधार** – कार्यालय प्रांगण नगर परिषद डूमरकछार मे 76वां गणतंत्र दिवस गरिमामयी तरीके से मनाया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ मे मां भारती के छाया चित्र मे पुष्प सुमन अर्पित कर, दीप प्रज्वलन कर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया । कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि निकाय अध्यक्ष एवं जिला योजना समिति के सदस्य डॉ. सुनील कुमार चौरसिया तथा अतिथि के रूप मे सभापति रवि सिंह,जीतेंद्र चौहान, रंजीत कुमार वर्मा, पार्षदगण डॉ. महेश चौहान, चंदा देवी महरा,पार्वती गोंड़, सरिता यादव,राकेश दीवान व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे । कार्यक्रम को आगे गति देते हुए अध्यक्ष श्री चौरसिया ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया एवं उपस्थित जनों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं।

**बच्चो ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पर दी मनमोहक प्रस्तुतिः** कार्यक्रम मे स्कूल के छात्र-छात्राए ने देश भक्ति गीतो पर




नृत्य और गायन कर मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से नन्हें - मुन्हे बच्चो ने अतिथियों का मन मोह लिया, नृत्य और गायन का प्रदर्शन करने वाले बच्चो मे प्राची,सौम्या,अंकिता, प्रतीक,कृष्णा,शुभम, अंशिका, सुनैना, लक्ष्मी, आरती, स्नेहा, स्मृति, सुहानी, ईसानी,प्रिया गुप्ता,स्तुति गुप्ता, वरूण कोल,अंकित एण्ड ग्रूप डांस, सरगम दाहिया एण्ड ग्रूप, प्रतिमा जायसवाल एण्ड ग्रूप, जैसमीन खातून,वेस्ट गर्ल्स ग्रूप, सांची केवट,नमन, लाली,पाखी, शिवानी, अंशुमन व अन्य नगर के बच्चे शामिल रहे । वही आनंद उत्सव अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता कार्यक्रम मे अंकिता रजक, विमला प्रजापति प्राची गुप्ता, रचना गुप्ता, अंशिका सिंह, चुलबुली साह, सौम्या साह, प्रतिमा जायसवाल, सुहानी केसरी,ईसानी केशरी कबड्डी एवं खो-खो प्रतियोगिता मे भाग लेने वाले बच्चे कन्हैया त्रिपाठी, अभिषेक शर्मा, आशीष सिंह, महेंद्र पाव, निखिल केवट, देवेंद्र कुमार, मुन्ना शर्मा, कार्तिक पनिका, आयूष शर्मा, रोहित, किशन त्रिपाठी, अजय बैगा, प्रतीक जायसवाल, अमन कुमार, श्याम अगरिया, उक्त समस्त बच्चो को कार्यक्रम के समापन उपरांत पारितोषिक वितरण किया गया । गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभापति जीतेंद्र चौहान, पार्षद पति के.एन शर्मा, लेखापाल रजनीश प्रसाद शुक्ला, उपयंत्री शिवराम इडपाचे ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किया ।

कार्यक्रम मे निकाय अध्यक्ष श्री चौरसिया ने अपने उद्बोधन के शुरुआत मे समस्त नगरवासियों को 76वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी ,उन्होंने आगे कहा कि 26 जनवरी को भारत अपना 76वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। 26 जनवरी का दिन हर भारतीय के लिए गर्व से भरा दिन है। 26 जनवरी 1950 को हमारे देश का संविधान लागू किया गया था। इसी दिन भारत ने अपने संविधान को अपनाया था। हमारा देश एक गणतंत्र के रूप में स्थापित हुआ था । इसके उपरांत अध्यक्ष श्री चौरसिया ने हम सबका एक ही नारा - गणतंत्र हमारा सबसे प्यारा। संविधान हमारा गौरव है, भारत का गणतंत्र सर्वोत्तम है। सभी धर्मों का हो सम्मान, यही है हमारे गणतंत्र की शान। के नारो के सांथ अपनी वाणी को विराम दिया ।

इस अवसर पर नागरिकगण अशोक वर्मा, विक्रमादित्य चौरसिया, सुजीत पाण्डेय, संजीत दूबे, दिवाकर सिंह,अजय दुबे,भीम गुप्ता, बनफूल मिस्त्री,संधान ट्रस्ट के जयप्रकाश रवि,सुरेश यादव, परिषद के समस्त कर्मचारी समेत अन्य कई नागरिकगण उपस्थित रहे । कार्यक्रम का सफल मंच संचालन अखिलेश सिंह परिहार ने किया।

# उन्नाव इंडस्ट्रीज इलेवन और एडमिनिस्ट्रेशन इलेवन के बीच संपन्न हुआ क्रिकेट मैच, विजेता टीम को किया गया सम्मानित

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

**ब्यूरो उन्नाव**

उन्नाव/ जिलाधिकारी की अध्यक्षता में शुरू किया गया क्रिकेट मैच जिसमें इंडस्ट्रीज टीम के कप्तान नुरुल हक ने टॉस जीत कर पहली बैटिंग शुरू की मो. हारुन ने 5 छक्के और 5 चौकों के साथ 41 गेंदों पर 67 रन बनाकर पारी को संभाला वहीं, साथ ही कप्तान नुरुल हक़ ने अपनी हारती हुई टीम को आकर्षक पारी खेल कर संभाला वही मैच के समापन के दौरान मैन आफ द मैच का खिताब उन्नाव जिलाधिकारी गौरांग राठी व सदर विधायक पंकज गुप्ता को संयुक्तरुप से दिया गया साथ ही बेस्ट बैट्समैन मो.हारुन और बेस्ट गेंदबाज रोहित भड़ाना समेत सभी खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर




सम्मानित किया गया इस दौरान मौके पर उन्नाव जिलाधिकारी गौरांग राठी,उन्नाव पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर,सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा,सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज, नीरज गुप्ता,जीएन मिश्रा,आशीष जैन, कांति मोहन गुप्ता गौसिया खान, शुजाउर्रहमान सफवी,कमल श्रीवास्तव,अजेंद्र अवस्थी,फुरकान शाह सहित आदि अधिकारीगण व खिलाड़ी मौजूद रहे।*

# गणतंत्र दिवस पर अरुण गुप्ता हुए सम्मानित

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**सूरज जायसवाल**

**महंगई /गणतंत्र** दिवस के अवसर पर सूरजपुर में कृषि मंत्री रामविचार नेताम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान जिले भर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में बेहतर पुलिसिंग एवं अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए चौकी प्रभारी लटोरी अरुण गुप्ता को भी सम्मानित किया गया। विदित हो कि अरुण गुप्ता ने करंजी चौकी प्रभारी रहते क्षेत्र में बेहतर पुलिसिंग जनता के मध्य आपसी सामंजस्य एवं अपराधों में नियंत्रण करने का



बेहतर मिशाल स्थापित किया था। साथ ही हालही में अब लटोरी चौकी प्रभारी बनाये गए है। श्री गुप्ता ने यहां भी बेहतर पुलिसिंग स्थापित करने पहल शुरू कर दी है तथा मंत्री नेताम ने आगामी समय में भी निष्ठा पूर्वक कर्तव्य का निर्वहन करने एवं पुलिस के प्रति आमजनों का विश्वास बढ़ाने एवं पुलिस की छवि और बेहतर बनाने हेतु आग्रह एवं अपेक्षा की है।

# जिले में विभिन्न गांवों में स्थापित हुए 4 क्रैच केंद्र- उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा



## सुबह 9 से सायं 05 बजे तक खुलेगें क्रैच केंद्र

## क्रैच केंद्रों में बच्चों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास का रखा जाएगा ध्यान

नूंह, 27 जनवरी - नीरज सोनी तावडू दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने सोमवार को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गांव उजीना में स्थापित क्रैच केंद्र का रिबन काटकर उद्घाटन किया। उपायुक्त ने बताया कि इसके साथ ही जिले में 3 क्रैच केंद्र और स्थापित किए गए हैं। इन क्रैच केंद्रों में बच्चों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास को ध्यान में रखते हुए विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। क्रैच केंद्रों का उद्देश्य 6 महीने से 6 साल तक के बच्चों को सुरक्षित, पोषणयुक्त और शिक्षाप्रद वातावरण प्रदान करना है।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि जिला नूंह के गांव खानपुर घाटी, धुलावट व पलड़ी में स्थापित 3 क्रैच केंद्रों का उद्घाटन गांव के सरंपचों व समाजसेवियों द्वारा किया गया है। इन क्रैच केंद्रों में 6 माह से लेकर 6 साल तक की आयु के बच्चों को सुबह 9 से शाम बजे से शाम 5 बजे तक रखा जाएगा। इन क्रैच में बच्चों को सूची के अनुसार फोर्टीफाइड खाना खिलाया जाएगा। बच्चों को उनके शारीरिक विकास के लिए ताजा और पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जाएगा। क्रैच केंद्रों में बच्चों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास को ध्यान में रखते हुए विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। प्रारंभिक शिक्षा और खेलकूद की सुविधाएं, ताकि बच्चों का मानसिक और सामाजिक विकास हो सके। क्रैच केंद्रों के माध्यम से महिलाओं को अपने बच्चों की देखभाल के लिए बेहतर विकल्प मिलेगा। कामकाजी महिलाएं अब अपने बच्चों को एक सुरक्षित और शिक्षाप्रद वातावरण में छोड़कर अपने कार्यस्थलों पर मन लगाकर काम कर सकेंगी। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास अधिकारी मीरा, सीडीपीओ सुदेश, सुनीता, सुपरवाइजर अनीता, मंजू लता,आंगनवाड़ी वर्कर मिथलेश, डिस्ट्रिक्ट कॉ-ऑर्डिनेटर वकील सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# डॉ संदीप नेहरा ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को किया सम्मानित



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**रवि शर्मा**

बुहाना । 76वे गणतंत्र दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उपखंड स्तर पर विभिन्न सरकारी स्कूलों से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले छात्र-छात्राओं को ?100 नगद पुरस्कार देकर डॉ संदीप नेहरा ने सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को सम्मानित किया। किसानो की दशा और दिशा पर नृत्य नाट्य प्रस्तुत करने वाले 12 प्रतिभागी, योग प्रस्तुत करने वाले सात विद्यार्थी एवं 40 सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले सहित पांच अन्य नृत्य कलाकारों के साथ सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को 6400 रूपये का नगद पुरस्कार देकर के सम्मानित किया। इस अवसर पर सभी प्रधानाचार्यों ने संदीप नेहरा का आभार जताया और प्रशासन ने उनके कार्यों की प्रशंसा की।

# राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में मनाया गया दीक्षांत एवं वार्षिकोत्सव समारोह

**केसरिया हिन्दुस्तान इसरार ब्यूरो पीलीभीत**

पीलीभीत। पॉलिटेक्निक कालेज मे समारोह मनाया गया वही नगरपालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में रही मौजूद रही समारोह के दौरान 3 साल का इंजीनियरिंग कोर्स कंप्लीट करने वाले छात्र-छत्राओ को सर्टिफिकेट देकर किया गया सम्मानित इस दौरान पालिकाध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में स्थित लैब का किया निरीक्षण साथ ही सभी छात्र-छात्राओं का बढ़ाया मनोबल कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के प्रधानाचार्य व समस्त स्टाफ सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



# राजकीय विद्यालय छपेड़ा में धूमधाम से मनाया गया 76वां गणतंत्र दिवस समारोह

**नूंह, 27 जनवरी** - नीरज सोनी तावडू दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छपेड़ा में 76वां गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। स्कूल की प्राचार्य प्रोमिला ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और बच्चों व ग्रामीणों को अपना शुभ संदेश दिया। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस मनाना हमारे लिए गर्व की बात है, क्योंकि इस दिन अपने देश का संविधान लागू हुआ और इस संविधान के माध्यम से देश के लोगों को अनेक अधिकार मिले। देश को चलाने के लिए जिन नियम व कायदों की जरूरत थी, वे सभी संविधान में शामिल किए गए थे।

उन्होंने कहा कि हमने लंबे संघर्ष के बाद आजादी हासिल की थी। आजादी के लिए किए गए संघर्ष में अनेक स्वतंत्रता सेनानियों ने अपना बलिदान दिया था। उन्होंने विद्यार्थियों



का आह्वान किया कि वे गणतंत्र दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व से सीख लें कि वे भी बड़े होकर देश व समाज के लिए कार्य करेंगे तथा अपनी ऊर्जा का सकारात्मक दिशा में देशहित में उपयोग करेंगे। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी, जोकि काफी रोमांच से भरपूर रही। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ बच्चों ने योग क्रियाओं से भी समा बांध दिया। इस अवसर पर सरपंच, पंचायत मैंबर, एसएमसी चैयरमेन व एसएमसी सदस्य भी मौजूद रहे। प्राचार्य प्रोमिला ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और कार्यक्रम में उपस्थित होने पर सभी का स्वागत किया।